बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 22 मई 2024
वर्ष 34, अंक 115, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा 16

मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज 15

# हिंदुओं की शक्ति को 4 जून के बाद महाशक्ति बना दूंगा : मोदी

## वाराणसी में नारी शक्ति संवाद के जरिए प्रधानमंत्री ने महिलाओं से साझा की दिल की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार** : इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि हिंदुओं की शक्ति का विनाश करके रहूंगा, लेकिन चार जून के बाद मोदी आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगा। मैं आपके लिए लगातार काम कर रहा हूं। आपके आशीर्वाद से नई ऊर्जा मिलती है। न थकता हूं, न रुकता हूं। झोपड़ी में रहने वालों को मेरी तरफ से कह देना कि चार जून के बाद पक्का मकान मिल जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में महिलाओं से संवाद करते हुए यह बातें कहीं।



- सपा के लड़के अब गलती करें तो वो हाल होगा, जो सोचा नहीं
- कहा, महिलाओं के बिना घर नहीं चल सकता तो देश कैसे चलेगा

### प्रयागराज में मोदी बोले, 4 जून, 4 बजे 400 पार

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज में जनसभा में बोले कि सपा और कांग्रेस का सुशासन व सनातन से 36 का आंकड़ा रहा है। ये लोग सनातन को डेंगू, मलेरिया कहते हैं। कहा कि सपा सरकार में एक जाति के लोगों को नौकरी दी जाती थी। यूपीएससी को परिवार सर्विस कमीशन बना दिया था। यह भी दावा किया कि 4 जून को चार बजे भाजपा की सीटों का आंकड़ा 400 के पार होगा।

### अपने माई के बिना कइले हईं नामांकन

मोदी ने कहा कि इ पहली बार ह, जब हम काशी क नामांकन अपने माई के बिना कइले हईं। मां गंगा ही अब हमार माई हइन। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने लोंगो से इस गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह भी दी।

### महंगाई डायन खाय जात है

प्रधानमंत्री ने तंज कसा कि कांग्रेस की सरकारों की पहचान एक गाने से खूब होती है.... महंगाई डायन खाय जात है। कांग्रेस सरकार रही होती तो आपकी रसोई का बजट दो-तीन गुना बढ़ चुका है, लेकिन मोदी प्रयास करता है कि आपके खर्चे कम हों।

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में नारीशक्ति संवाद में मौजूद महिलाओं से दिल की बात साझा करते हुए मोदी ने कहा कि यह भारत की सक्सेज स्टोरी का बहुत बड़ा फैक्टर है। जब घर आपके बिना नहीं चलता तो देश आपके बिना कैसे चल जाता। उन्होंने कहा, पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है, जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की और घर दिए। हमने 11 करोड़ टॉयलेट बनाए हैं। मेरी बहन-बेटियों को इसकी बहुत जरूरत थी। मोदी ने गरीब महिलाओं के लिए बिना एक रुपये खर्च किए खाते खुलवाए, चार करोड़ से अधिक घर बनाए, उसकी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर कराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा व कांग्रेस सरकारों ने महिलाओं की केवल उपेक्षा व असुरक्षा की। सपा के लड़के जरा आज गलती करके दिखाएं। योगी जी की सरकार वो हाल करेगी, जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, चंदौली से भाजपा प्रत्याशी महेंद्रनाथ पांडेय, मछलीशहर के प्रत्याशी बीपी सरोज, उप्र. महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, मीना चौबे आदि मौजूद रहे।

# मैं दोषी नहीं तो स्वीकार क्यों करुंगा : बृजभूषण

नई दिल्ली, एजेंसी

### यौन उत्पीड़न मामले में कोर्ट ने तय किए आरोप



- डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख ने खुद को बताया निर्दोष

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और छह बार के लोकसभा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए। बृज भूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष खुद को निर्दोष बताया और सुनवाई की मांग की। बृज भूषण ने न्यायाधीश से कहा कि जब मैं दोषी नहीं हूं तो मैं दोष स्वीकार क्यों करूंगा?

अदालत ने मामले में सह आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आपराधिक धमकी का आरोप तय किया। अगली सुनवाई एक जून को होगी।

एसीएमएम प्रियंका ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। अदालत ने बृज भूषण के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय किए। न्यायाधीश ने कहा आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। हालांकि अदालत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में बृज भूषण को आरोपमुक्त कर दिया क्योंकि उसके दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत नहीं थे।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करे केंद्र सरकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने औपचारिक रूप से केंद्र सरकार से सेक्स वीडियो स्कैंडल के मुख्य आरोपी हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का अनुरोध किया है।



डॉ. परमेश्वर ने पत्रकारों से बात करते हुए प्रज्ज्वल का गिरफ्तारी वारंट जारी करने की पुष्टि की और कहा कि हमने केंद्र सरकार से उनका पासपोर्ट रद करने का आग्रह किया है। एक बार ऐसा हो जाने पर प्रज्जवल रेवन्ना भारत लौटने के लिए बाध्य होंगे।

## मोबाइल डाटा के लिए बिभव को मुंबई ले गई दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली, एजेंसी

### स्वाति मारपीट मामला



- केजरीवाल के पीए ने मुंबई में फार्मेट कराया था अपना मोबाइल फोन

आप की नेता एवं सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को उनके आईफोन का डाटा पुनः प्राप्त करने के लिए मुंबई ले जाया जा रहा है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर राज्यसभा सदस्य मालीवाल पर हमले के आरोप में बिभव कुमार पांच दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने बताया कि कुमार ने मुंबई में अपने फोन को 'फॉर्मेट' कर दिया था या डाटा किसी अन्य उपकरण में भेज दिया था। कुमार की गिरफ्तारी के बाद उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था लेकिन फोन को 'फॉर्मेट' किया जा चुका था। स्वाति मालीवाल ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया था।

## मंत्री के साथ सेल्फी लेने में मतदान अधिकारी निलंबित

**हमीरपुर :** विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को मतदान के दौरान वोट डालने के बाद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ सेल्फी लेने के मामले में मतदान अधिकारी प्रथम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बीएसए आलोक सिंह का कहना है कि यह कार्य कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने की श्रेणी में आता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उमरी विद्यालय के सहायक अध्यापक आशीष कुमार की ड्यूटी मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में लगाई थी। इन्होंने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के मतदेय स्थल 112 में मतदान कराया। यहां का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें आशीष कुमार ने मतदान के दौरान मतदाताओं की फोटो खींची और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ सेल्फी ली उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ब्लाक संसाधन केंद्र मुस्करा में संबद्ध किया गया है।






## एक नजर

### के. कविता मामले में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बीआरएस की नेता के. कविता के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने को लेकर 31 मई को अपना फैसला सुना सकती है। ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी के इस दावे पर संज्ञान लेने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि उसके पास कविता पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत है।

### कुकी उग्रवादी समूह के खिलाफ प्राथमिकी

**इंफाल।** मणिपुर भूमि संसाधन विभाग ने उग्रवादी संगठन ''कुकी नेशनल फ्रंट'' के खिलाफ राज्य में दो समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। भूमि संसाधन विभाग के अवर सचिव मंगोलजाओ कामेई ने इंफाल थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में जिक्र किया गया कि थैंटिंग के रूप में उल्लेखित जगह पर ''कुकी नेशनल फ्रंट मिलिट्री काउंसिल'' शब्दों वाला गेट लगाना थांगजिंग के नाम को अनधिकृत रूप से बदलने का संकेत देता है।

# पात्रा बोले-भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त, विवाद बढ़ने पर माफी मांगी

भुवनेश्वर, एजेंसी



- तीन दिन उपवास रखकर करेंगे अपनी टिप्पणी के लिए पश्चाताप

भगवान जगन्नाथ पर जुबान फिसलने को लेकर विवादों में घिरे भाजपा नेता और पुरी लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी संबित पात्रा ने विभिन्न वर्गों से आलोचनाओं के बाद माफी मांगी है और मंगलवार से तीन दिन तक उपवास रखकर प्रायश्चित करने की घोषणा की है। पात्रा ने सोमवार को टेलीविजन चैनलों से बातचीत में कहा था कि राज्य के प्रतिष्ठित देवता भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भक्त हैं। पात्रा ने बाद में स्पष्ट किया था कि यह सिर्फ जुबान फिसलने के कारण हुआ और वह यह कहना चाहते थे कि प्रधानमंत्री भगवान जगन्नाथ के परम 'भक्त' हैं। पात्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि...इस गलती के लिए, मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर क्षमा मांगता हूं। मैं इस गलती का प्रायश्चित करने के लिए अगले तीन दिन उपवास करूंगा।

पात्रा की टिप्पणी पर विवाद तब बढ़ गया जब ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटायक ने उनके बयान की कड़ी निंदा की ।

### संबित के बयानों के लिए माफी मांगें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भगवान जगन्नाथ को लेकर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा की जुबान से निकले शब्द पर सियासत गहरा गई है। कांग्रेस ने इसे भगवान जगन्नाथ के भक्तों की भावनाओं से खिलवाड़ करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए देश से माफी मांगने को कहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पात्रा के बयान की कड़ी निंदा की।

## रामेश्वरम कैफे धमाका मामले में कई राज्यों में छापेमारी

- विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी हुए थे घायल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट से संबंधित मामले की जांच के तहत मंगलवार को कई राज्यों में छापे मारे।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक मार्च को कैफे में हुए विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थी। विस्फोट से कैफे को भारी नुकसान हुआ था। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अधिक विवरण साझा किए बिना कहा कि कई राज्यों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। तीन मार्च को जांच का जिम्मा संभालने वाली एजेंसी ने 12 अप्रैल को मामले के सरगना अब्दुल मतीन अहमद ताहा समेत दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कथित तौर पर कैफे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखने वाले ताहा और अन्य आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब को कोलकाता के पास एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था, जहां वे फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे।

## भाजपा प्रत्याशी गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर रोक

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार करने पर 24 घंटे के लिए रोक लगा दी। निवार्चन आयोग ने गंगोपाध्याय की टिप्पणी को 'निचले दर्जे का निजी हमला' करार दिया और कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आयोग का आदेश मंगलवार को शाम पांच बजे से प्रभावी होगा। आयोग ने गंगोपाध्याय को बनर्जी के खिलाफ असम्मानजनक टिप्पणी को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

# भीषण गर्मी में चरमराई प्रदेश की बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओबरा, ऊंचाहार समेत कई विद्युत उत्पादन इकाइयां ठप
- विकल्प के तहत एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही आपूर्ति

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। भारी मांग के कारण ओबरा की तीन इकाइयों समेत कुल पांच इकाइयां तकनीकी खराबी से ठप हो गई हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित होने से लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा रहा है।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बीते दिनों ओबरा बिजलीघर की दो-दो सौ मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं। इसके साथ ही, ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट व रोजा बिजलीघर की तीन सौ मेगावाट की एक इकाई में उत्पादन ठप हो गया है। 23 मई तक सभी बंद इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। इन दिनों प्रदेश में बिजली की मांग 26 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच रही है। ऐसे में एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति संभाली जा रही है।

### दोषी अफसरों पर हो कार्रवाई : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस साल ज्यादा तकनीकी खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफॉर्मरों पर लोड संतुलित न होने व पुरानी लाइनों को न बदले जाने के कारण यह स्थिति बनी है। अंडरग्राउंड केबल में वैकल्पिक केबल न होने से बिजली आपूर्ति समय पर बहाल नहीं हो पा रही है। उन्होंने इस मामले में जांच कर दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि परिषद की ओर से बड़ी तकनीकी खराबियों के बारे में अध्ययन रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसे राज्य विद्युत नियामक आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन से साझा किया जाएगा।

### यूपी समेत छह राज्यों में हीट वेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश और गुजरात के मैदानी इलाकों में अगले पांच दिनों तक चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़े जैसी स्थिति जारी रहने का अनुमान जताया गया है। आईएमडी ने बुधवार को कहा कि 21 से 25 मई तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़े चलने का अनुमान है। 25 मई तक जम्मू, हिमाचल, गुजरात, मध्य प्रदेश, विदर्भ और महाराष्ट्र में लू चलने जैसी स्थिति बने रहेगी।




## एक नजर

### सुलतानपुर में चंद्रभद्र सिंह सपा में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मंगलवार को सुलतानपुर के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू ने मुलाकात की और इसके बाद पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। चंद्रभद्र सिंह इसौली से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता इंद्रभद्र सिंह भी विधायक थे। सोनू सिंह ने वर्ष 2019 में सुल्तानपुर से बसपा के टिकट पर भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के खिलाफ चुनाव भी लड़ा था। हालांकि लगभग छह माह बाद ही बसपा से सोनू सिंह और उनके भाई मोनू सिंह को बर्खास्त किया गया था। सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी ने कहा कि चंद्रभद्र सिंह सोनू के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। सुल्तानपुर में 25 मई को मतदान होना है। इससे पहले सोनू सिंह के सपा में शामिल होने के बाद माना जा रहा है कि इससे सपा प्रत्याशी को मदद मिलेगी।

### कांग्रेस मुख्यालय में मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला व सतीश अजमानी ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच और आधुनिक भारत निर्माण के दृढ़ संकल्प के दम पर भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत लोकतांत्रिक देश के रूप में पहचान दिलाई। सामाजिक न्याय की परिकल्पना को स्थापित करने के लिए पंचायती राज कानून को कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए राजीव गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

### पिछड़ों के वोटों का सौदा करती हैं अनुप्रिया : माधुरी

**अमृत विचार, प्रतापगढ़:** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक से जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी पटेल ने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भइया' पर चुनावी जनसभा में दिए गए बयान पर पलटवार किया। प्रताप सदन पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए माधुरी पटेल ने टिप्पणी को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि जनपद ही नहीं प्रदेश जानता है कि राजा भइया दलितों, वंचितों एवं पिछड़ों के मसीहा हैं। पिछले 31 वर्षों से कुण्डा की जनता राजा भइया को और 28 वर्षों से बिहार एवं बाबागंज की जनता स्व. रामनाथ सरोज एवं उनके पुत्र विनोद सरोज को सेवा का अवसर दे रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर सामान्य सीट होने के बाद भी राजा भइया ने उमाशंकर यादव और मुझ जैसे सामान्य परिवार में जन्म लेने वाली महिला को अध्यक्ष पद पर आसीन किया है। राजा भइया और उनके सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि जनता के हमेशा सेवा करते रहते हैं।

# माफिया के सरपरस्त और आतंकवादियों के आका को सत्ता पर काबिज न होने देना : योगी

## मुख्यमंत्री ने किया श्रावस्ती, डुमरियागंज, संतकबीर नगर, बस्ती और आजमगढ़ सीट के लिए प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


बस्ती में चुनावी जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी सरकार के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि सपा और माफिया का चोली-दामन का संबंध है। दोनों को अलग करके देखा ही नहीं जा सकता। प्रदेश का हर माफिया सपा से संबंध रखता है। वहीं कांग्रेस को भी उन्होंने आतंकियों का मददगार बताया। योगी ने लोगों से अपील की कि, आतंकियों के आका और माफिया के सरपरस्त को सत्ता पर काबिज न होने देना।

उन्होंने मंगलवार की सुबह पहली रैली श्रावस्ती लोकसभा और गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी के लिए की तो शाम को समापन वाराणसी में मातृशक्ति सम्मेलन से किया। जहां वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मौजूद रहे। मंगलवार को कुल छह चुनावी कार्यक्रमों में योगी रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाजवादी दोनों पार्टियों के नेताओं की नीयत पर सवाल खड़े किए।

योगी ने पहली रैली श्रावस्ती लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार साकेत मिश्रा और गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव से प्रत्याशी शैलेष कुमार सिंह 'शैलू' के लिए की। यहां उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस गठबंधन सत्ता हासिल करने के लिए तरह-तरह का गुल खिला रहा है। यह संपत्ति का सर्वे कराकर विरासत टैक्स लगाएंगे और बांग्लादेश, पाकिस्तान समेत अन्य देशों से आए मुसलमान घुसपैठियों को आपकी संपत्ति बांटेंगे, लेकिन भाजपा इनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी।

डुमरियागंज के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के पक्ष में जनसभा करते हुए योगी ने कहा कि हर अपराधी व माफिया 2017 के पहले जनता का खून चूसता था, वसूली करता था, बेटी की सुरक्षा पर खतरा था। आज माफिया को उल्टा टांगने और राम नाम सत्य की यात्रा निकलने पर सपा को पीड़ा होती है।

योगी ने संत कबीर नगर के सांसद व लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण निषाद के लिए भी समर्थन की अपील की। योगी ने बस्ती सांसद व लोस प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के लिए चौथी जनसभा करते हुए कहा कि इस चुनाव में एक तरफ रामभक्त तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री ने पांचवीं रैली आजमगढ़ के सांसद, भोजपुरी फिल्म अभिनेता व भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के पक्ष में की।

### मोदी सरकार में आधी आबादी का बढ़ाया सम्मान

लखनऊ/वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार शाम वाराणसी में आयोजित नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम में भी मौजूद रहे। यहां योगी ने कहा कि मोदी सरकार ने नई संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करके आधी आबादी को देश की विधायिका में प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। इसके प्रति देश, प्रदेश और काशीवासी की आधी आबादी उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए हृदय से स्वागत करती है। इस दौरान मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे।

# सभी 80 सीटें जीत रहा इंडी गठबंधन : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडी गठबंधन प्रदेश की सभी 80 सीटें जीत रहा है। अभी तक केवल वाराणसी में लड़ाई दिखती थी, लेकिन जब से चुनाव पूर्वांचल में आ गया है इंडी गठबंधन वाराणसी भी जीत रहा है। प्रधानमंत्री इस बार सीट हारने जा रहे हैं। अब वे दिन में आये या रात में, उनका हारना तय है। अब तो उनके अपने भी पराये हो गये। वो जरूर हारेंगे।

मंगलवार को लालगंज लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज और भदोही लोकसभा क्षेत्र से टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) के प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी के समर्थन में चुनावी जनसभाओं में सपा प्रमुख ने एनडीए के नकारात्मक राजनीति करने और इंडी गठबंधन के सकारात्मक राजनीतिक करने की बात कही। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा दूसरों को भ्रष्टाचारी कहती थी, उसने पूरे देश में इलेक्टोरल बांड के नाम पर भ्रष्टाचार किया। ये सबसे बड़े भ्रष्टाचारी हैं। जबसे इलेक्टोरल बांड वसूली का खुलासा हुआ, जनता इनका बैण्ड बजा रही है।

सपा प्रमुख ने वाराणसी से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी (कांग्रेस) अजय राय, मिर्जापुर से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी (सपा) रमेश बिन्द को रिकार्ड मतों से जिताने की अपील की।


लालगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते सपा मुखिया अखिलेश यादव।

## सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर किया उत्पात

▸▸ एक- दूसरे पर चप्पलें, कुर्सियां फेंकते रहे कार्यकर्ता, मशक्कत करती रही पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की आजमगढ़ जिले की पहली जनसभा में ही मंगलवार को बेलगाम कार्यकर्ताओं ने जमकर उपद्रव किया और जनसभा स्थल पर लगाई गई कुर्सियों को तोड़कर एक दूसरे के ऊपर फेंका।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव खुद भी समझाते रहे, लेकिन बेलगाम कार्यकर्ताओं का उपद्रव जारी रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था में लगाये गए पुलिस कर्मियों को भी मोर्चा संभालना पड़ा।

मालूम हो कि लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान में 25 मई को आजमगढ़ में मतदान होना है। इसी के मद्देनजर आजमगढ़ जिले की लालगंज लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज के पक्ष में सपा सुप्रीमो सरायमीर के खरेवा मोड़ पर एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान बेलगाम कार्यकर्ताओं ने सपा सुप्रीमो के सामने ही सभा स्थल पर लगाई गई कुर्सियां तोड़ी और हवा में फेंकते रहे। एक दूसरे के ऊपर चप्पलें भी फेंकी गईं। लाउडस्पीकर गिरा दिया गया।

अखिलेश के पहुंचने के बाद कार्यकर्ता डी दीर्घा की बैरिकेटिंग तोड़कर मंच तक पहुंचने की कोशिश करने लगे। पुलिस द्वारा काफी देर तक लाठियां भाजने के बाद किसी तरह स्थिति पर काबू पाया गया। तब उसके बाद जाकर अखिलेश यादव मंच से संबोधन कर पाए।

# भाजपाई हुए पूर्व आईपीएस प्रेम प्रकाश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चहेते आईपीएस अधिकारी कहे जाने वाले पूर्व एडीजी प्रेम प्रकाश ने आखिरकार भाजपा की सदस्यता ले ली। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं उप्र. के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में वे भाजपा में शामिल हुए। कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रेमप्रकाश को पार्टी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे सकती है।

प्रेम प्रकाश बसपा प्रमुख मायावती के भी करीबी रहे हैं। हालांकि पूर्व की कल्याण सिंह की सरकार में भी उन्हें महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी मिलती रही है। 2017 में आईजी मिर्जापुर बनाए जाते समय पूर्व कैबिनेट मंत्री रीता बहुगुणा जोशी ने विरोध किया था। उनका आरोप था कि उनके घर पर प्रेम प्रकाश के निर्देश पर ही आग लगवाई गई थी। हालांकि इस आरोप के बाद भी विभाग के सीनियर अफसरों और सरकार में शामिल लोगों ने प्रेमप्रकाश का साथ दिया था। बाद में प्रेम प्रकाश को एडीजी बरेली, कानपुर और इसके बाद प्रयागराज की जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्तार अंसारी को पंजाब से बांदा लाने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने प्रेम प्रकाश को दी थी।

जनवरी 2023 में रिटायर होते ही योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए पंचम तलब पहुंचने के कारण एक फिर प्रेम प्रकाश चर्चा में आए थे। इसके एक वर्ष चार महीने बाद उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली है।


पूर्व आईपीएस प्रेम प्रकाश को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### कर्ज उतारने का मिला मौका : प्रेम प्रकाश

पूर्व आईपीएएस प्रेम प्रकाश ने कहा कि देश का जो कर्ज मुझ पर है, उसे उतारने का मौका मिला है। भाजपा देश के लिए पूरी तरह समर्पित है। 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को स्थापित करने के मिशन में जुटी है। अब मैं भी उसका हिस्सा हूं। यह गरीब कल्याण के लिए काम करने वाली पार्टी है। भाजपा ही अंबेडकर के सिद्धांतों पर काम करने वाली पार्टी है।

## सपा विधायक मनोज पांडेय पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊः** ऊंचाहार के समाजवादी पार्टी विधायक मनोज कुमार पांडेय के शुक्रवार को भाजपा में शामिल होने के बाद अब उनकी विधानसभा से सदस्यता पर खतरा मंडराने लगा है। सपा अब दलबदल विरोधी कानून के तहत मनोज की विधायकी खत्म कराने की कार्रवाई करेगी।

मनोज पांडेय ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी। भाजपा में विधिवत न शामिल होने पर भी वह पर्दे के पीछे से लगातार भाजपा के लिए ही काम कर रहे थे। मनोज के भाजपा में शामिल होते ही सपा ने उनकी नैतिकता पर सवाल उठाया। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि मनोज पांडेय को त्यागपत्र देकर ही भाजपा में जाना चाहिए था। बिना त्यागपत्र दिए दूसरी पार्टी में जाना नैतिक व कानूनी दोनों रूप से गलत है।

## छठे चरण में मेनका व जगदंबिका समेत कई की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 14 लोकसभा सीटों पर 25 को होगा मतदान

**अमृत विचार:** छठे चरण की 14 सीटों पर चुनाव के लिए मतदान की तैयारी शुरू हो गई है। इस चरण में 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में पूर्व मंत्रियों मेनका गांधी व जगदंबिका पाल समेत कई नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है।

भाजपा ने सुलतानपुर सीट से एक बार फिर पूर्व मंत्री मेनका गांधी पर दांव लगाया है। इंडी गठबंधन के तहत सपा से राम भुआल निषाद चुनाव मैदान में हैं। बसपा ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। प्रतापगढ़ सीट पर भाजपा से सांसद संगम लाल गुप्ता चुनाव मैदान में हैं। सपा ने शिवपाल सिंह पटेल व बसपा ने प्रथमेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। इलाहाबाद सीट पर भाजपा ने नीरज त्रिपाठी व बसपा ने रमेश को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस से पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह प्रत्याशी हैं। डुमरियागंज सीट पर भाजपा से पूर्व मंत्री जगदंबिका पाल चुनाव मैदान में है। बस्ती सीट पर भाजपा से हरीश चन्द्र, बसपा से दयाशंकर मिश्र व सपा से पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी चुनाव मैदान में हैं। आजमगढ़ सीट से भाजपा से दिनेश लाल यादव निरहुआ, सपा से धर्मेन्द्र यादव व बसपा से मसूद अहमद चुनाव लड़ रहे हैं। अंबेडकरनगर सीट से सपा से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा चुनाव मैदान में हैं।


मेनका गांधी


जगदंबिका पाल

## 5वें चरण में कुल मतदान 58.2 प्रतिशत

**अमृत विचार, लखनऊ :** पांचवें चरण की 14 सीटों के लिए 20 मई को हुए मतदान का कुल मतदान प्रतिशत मंगलवार को जारी किया गया। इसमें सर्वाधिक मतदान बाराबंकी में 67.2 प्रतिशत बताया गया है। वहीं सबसे कम गोंडा में 51.62 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल मतदान 58.02 प्रतिशत हुआ। इसमें मोहनलालगंज (अजा) सीट पर 62.88 प्रतिशत, लखनऊ में 52.28 प्रतिशत, रायबरेली में 58.12 प्रतिशत, अमेठी में 54.34 प्रतिशत, जालौन (अजा) 56.18 प्रतिशत, झांसी में 63.86 प्रतिशत, हमीरपुर में 60.60 प्रतिशत, बांदा में 59.70 प्रतिशत, फतेहपुर में 57.09 प्रतिशत, कौशाम्बी (अजा) 52.80 प्रतिशत, फैजाबाद 59.14 प्रतिशत, कैसरगंज 55.68 प्रतिशत व गोण्डा सीट पर 51.62 प्रतिशत मतदान हुआ।

# स्वर्णप्राशन से बढ़ जाती है बीमारी से लड़ने की ताकत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 'स्वर्णप्राशन' के प्रयोग से कुपोषित बच्चों के रक्त में बीमारी से लड़ने वाले प्रोटीन की मात्रा कई गुना बढ़ जाती है। राजभवन में मंगलवार को स्वर्णप्राशन के औषधीय महत्व पर संगोष्ठी में एसजीपीजीआई के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ विकास अग्रवाल ने यह जानकारी दी।

संगोष्ठी में आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ अभय नारायण ने स्वर्णप्राशन के प्रभावों पर प्रस्तुति दी। डॉ. गौरव पाण्डेय ने 11 मरीजों पर किए गए अध्ययन साझा करते हुए बताया कि इसके प्रयोग से लिवर सिरोसिस में संक्रमण से लड़ने की क्षमता बढ़ी है।

किंग जार्ज मेडिकल विवि की कुलपति डॉ सोनिया नित्यानंद ने कहा कि इसके सर्वमान्य उपयोग से पूर्व मानक और मात्रा का निर्धारण व इसके दुष्प्रभावों को जानना भी जरूरी है। संगोष्ठी को प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आयुष लीना जौहरी, एचएनबी मेडिकल विवि देहरादून के कुलपति प्रो.एमएलबी भट्ट् ने भी संबोधित किया।

### विषय सूची बनाएं, विवि को जोड़ें : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि औषधीय शोध कार्यों के लिए विषय सूची बनाई जाय और इसे विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों के मानक स्तर पर निर्माण में प्रदेश देश के नेतृत्व के लिए आगे आए। स्वर्णप्राशन पर कहा कि इस दिशा में प्रदेश में कार्य को आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

## बर्ड फ्लू : सैंपल मिले निगेटिव फिर भी अलर्ट बरकरार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बर्ड फ्लू की जांच के लिए जिलों से भेजे गए पक्षियों के सैंपल निगेटिव आए हैं। स्थिति सामान्य होने पर पशुपालन विभाग ने राहत की सांस ली है। लेकिन, प्रदेश में अलर्ट जारी है और गठित पशु चिकित्सकों की टीम सर्विलांस पर हैं।

झारखंड के रांची में राजकीय पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू वायरस मिलने पर उत्तर प्रदेश में पशुपालन विभाग ने अलर्ट जारी कर रखा है। इस क्रम में अप्रैल में सभी जिलों के पोल्ट्री फार्म से 20-20 पक्षियों के लिए गए सैंपल भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली परीक्षण के लिए भेजे थे। निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि सभी सैंपल निगेटिव आए हैं।

# 1962 सेवा में बरती जा रही लापरवाही की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ निदेशक ने तीन कंपनियों से मांगा स्पष्टीकरण, दो ने दिया जवाब

**अमृत विचार :** प्रदेश में 1962 सेवा की बदहाली पर निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन डॉ. पीएन सिंह ने इसका संचालन करने वाली कंपनियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इनमें से दो कंपनियों ने घटनाओं की जांच के निर्देश दिए हैं।

अमृत विचार में 16 मई को यह मुद्दा उठाया था। पशुपालन विभाग की 1962 सेवा के तहत प्रदेश को मिली 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एंबुलेंस) का संचालन पांच जोन में बांटकर पांच कंपनियां रही हैं। लेकिन, लापरवाही और अव्यवस्थाओं के कारण पशुओं का आकस्मिक स्थिति में उपचार नहीं कर पा रही हैं।

1962 टोलफ्री नंबर घंटों नहीं लगता है और किसी तरह लगने पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट दम तोड़ने के बाद पहुंचती है। इस तरह के खबर में फतेहपुर, कानपुर, गोरखपुर व उन्नाव के प्रकाशित उदाहरणों का संज्ञान लेकर निदेशक ने संबंधित जोन की तीन कंपनियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इनमें दो कंपनियों ने जवाब दिया है। इस पर संबंधित घटना की विभागीय जांच कराने के निर्देश दिए हैं।


केवल कागजों पर दौड़ रही 1962 सेवा, दम तोड़ रहे पशु-पक्षी

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

## समीक्षा अधिकारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** सचिवालय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव के. रविंद्र नायक ने सचिवालय में कार्यरत समीक्षा अधिकारियों की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए विभागों को पत्र लिखा है।

पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि सचिवालय में कार्यरत हर एक समीक्षा अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस पर औसतन तीन पत्रावलियों-फाइलों को निष्पादित कर रहे हैं। सचिवालय मैनुअल में प्रत्येक समीक्षा अधिकारी के लिए पत्रावलियां, फाइलों का निष्पादन प्रत्येक कार्य दिवस पर किए जाने का अलग-अलग मानक तय है। मंगलवार को सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को लिखे गए पत्र के माध्यम से यह अपेक्षा की गई है कि समीक्षा अधिकारी निर्धारित मानक के अनुसार कार्य करें।

# अनुदान बढ़ा तो मिलेगी कृषि उत्पादों के निर्यात को रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कृषि उत्पादों के निर्यात पर मिलने वाला परिवहन अनुदान बढ़ने की उम्मीद है। कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) और निर्यातकों की मांग पर कृषि व्यापार एवं विदेश निदेशालय ने अनुदान में संशोधन करने का प्रस्ताव शासन में रखा है।

प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर जल्द खराब होने वाली सब्जियों व फलों को वायु मार्ग से भेजने पर 10 रुपये प्रति किलो की बजाय 50 रुपये परिवहन अनुदान मिलेगा। जबकि, वार्षिक अनुदान पूर्व की तरह 10 लाख रुपये से ज्यादा नहीं मिलेंगे। वहीं, जल मार्ग से कृषि उत्पाद भेजने पर मिलने वाले 10 रुपये प्रति किलो में बढ़ोतरी नहीं होगी। लेकिन, वार्षिक अनुदान 10 लाख से बढ़कर अधिकतम 20 लाख रुपये मिलेगा क्योंकि जल मार्ग से भेजने वाले उत्पाद तिल, दाल, चावल आदि खराब नहीं होते हैं।

इसके अलावा उत्पाद एयरपोर्ट और पोर्ट तक भेजने पर परिवहन व्यय पर 25 प्रतिशत धनराशि दी जाएगी। रेल व सड़क मार्ग में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। इस पर पहले की तरह 5 रुपये प्रति किलो अनुदान मिलेगा।

### तीन वर्षों में हुआ निर्यात

| वर्ष | उपज (एमटी में) | रुपये (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 1,763,534 | 17,729 |
| 2021-22 | 1,844,770 | 18,049 |
| 2022-23 | 1,763,534 | 17,729 |

### अनुदान कम, खर्च ज्यादा

उत्तर प्रदेश से करीब 18 हजार एफपीओ और निर्यात उपज का निर्यात करते हैं। इसमें सबसे ज्यादा एफपीओ शामिल हैं। जो किसानों को संगठनों में जोड़कर पैदावार कराते हैं और उनकी उपज देश-विदेश में बिक्री करते हैं। निर्यात में किसानों को फायदा होता है। दाम भी स्थानीय बाजार से अधिक मिलते हैं। और मांग के अनुसार फसल करते हैं। लेकिन, निर्यात में खर्च अधिक आने के कारण मांग के अनुसार पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व में कई जिलों पर हुए सम्मेलन में अनुदान बढ़ाने की मांग एफपीओ ने की थी।

## अध्ययन

### प्रयागराज और कानपुर कमिश्नरेट दूसरे व तीसरे स्थान पर, चंदौली और महराजगंज की स्थिति संतोषजनक

# कमिश्नरेट से बेहतर जिला पुलिस, सबसे फिसड्डी राजधानी

विनय सिंह, लखनऊ

- जनवरी 2024 से अब तक लखनऊ कमिश्नरेट से 358 पीड़ित पहुंचे डीजीपी कार्यालय

**अमृत विचार:** अपराध को रोकने और पीड़ितों की त्वरित सुनवाई करने के उद्देश्य से प्रदेश के कई जिलों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई थी। इन जिलों में पुलिस अधीक्षक के स्थान पर पुलिस कमिश्नर को अपेक्षाकृत अधिक शक्तिशाली बनाकर बैठाया गया। लेकिन पीड़ितों को संतुष्ट करने में कमिश्नरेट अभी भी जिला पुलिस से पीछे चल रहे हैं।

डीजीपी कार्यालय के लोक शिकायत विभाग में दर्ज आंकड़ों पर गौर किया जाए तो डीजीपी कार्यालय तक शिकायत लेकर पहुंचने वाले सर्वाधिक पीड़ितों वाले जिलों में टॉप पर तीन कमिश्नरेट हैं। सबसे बुरा हाल लखनऊ कमिश्नरेट का है। जनवरी 2024 से अब तक यहां से 358 पीड़ित फरियाद लगाने डीजीपी कार्यालय पहुंचे हैं। प्रयागराज और कानपुर कमिश्नरेट दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। संतोषजनक स्थिति चंदौली और महराजगंज की है। यहां से पांच महीने में कुल 5-5 फरियादी डीजीपी कार्यालय तक पहुंचे हैं।

| जिला | पीड़ित |
|---|---|
| लखनऊ कमिश्नरेट | 358 |
| प्रयागराज कमिश्नरेट | 95 |
| कानपुर कमिश्नरेट | 90 |
| उन्नाव | 80 |
| हरदोई | 70 |
| सीतापुर | 68 |
| बाराबंकी | 67 |
| आगरा | 60 |
| गोंडा | 59 |
| प्रतापगढ़ | 53 |

### उन्नाव की स्थित सबसे बदतर

पुलिस कप्तानों वाले जिले में उन्नाव का हाल सबसे बदतर है। यहां से सर्वाधिक फरियादी डीजीपी कार्यालय पहुंच रहे हैं। टॉप टेन फिसड्डी जनपदों पर अगर गौर किया जाए तो बाराबंकी भी कुछ कम नहीं है। सर्वाधिक फरियादी पहुंचने वालों जिलों में बाराबंकी का नाम सातवें स्थान पर है।

### 10 से कम शिकायत वाले जिले

जिन जिलों से सबसे कम फरियादी डीजीपी दफ्तर पहुंच रहे हैं उनमें चंदौली, महराजगंज, चित्रकूट, मिर्जापुर, हापुड़, मुजफ्फरनगर, सोनभद्र, कुशीनगर, देवरिया और रामपुर हैं। इन जिलों से जनवरी 2024 से अब तक 10 से कम फरियादी पहुंचे हैं। सर्वाधिक अच्छी स्थित चंदौली और महराजगंज की है।

### डीजीपी कार्यालय से मिलती है राहत

दूर-दराज के पीड़ित थक हार कर डीजीपी कार्यालय पहुंचते हैं, तो यहां पर पीड़ितों की सुनवाई होती है। शिकायतों को तत्काल डाक से भेजी जाती है और 15 दिनों के अंदर निस्तारित करने के निर्देश के साथ आख्या मांग ली जाती है। 15 दिन बीतने के बाद आख्या उपलब्ध न होने की स्थिति में फॉलोअप शुरू कर दिया जाता है। लगातार रिमाइंडर भेजा जाता है, ताकि जिलों में सुनवाई करते समय कोई लापरवाही न हो। ज्यादातर मामलों में उच्चाधिकारियों को जांच करने को कहा जाता है, ताकि झूठी शिकायत का भी पता लग सके। अधिकारियों के मुताबिक 90 फीसदी मामलों में फरियादियों को डीजीपी कार्यालय से संतुष्टि मिल जाती है।

## 4 महीने से बंद है श्रम विभाग का पोर्टल, रुका श्रमिकों का भुगतान

**अमृत विचार**, लखनऊ : श्रम विभाग का पोर्टल पिछले लगभग चार महीने से काम नही कर रहा है जिससे श्रमिकों की योजनाओं से संबंधित कार्य नहीं हो पा रहे है। लखनऊ मंडल के हजारों श्रमिकों का भुगतान रुक गया है।

ज्ञात हो कि श्रम विभाग के कानपुर मुख्यालय पर किसी हैकर ने अपर श्रम आयुक्त की आईडी हैक कर श्रमिकों के नाम पर लाखों रुपये की धनराशि निकाल ली थी। घटना के बाद मुख्यालय के अफसरों ने श्रम विभाग का पोर्टल ही बंद कर दिया है। वहीं श्रम विभाग के अधिकारी पोर्टल बंद होने की वजह से श्रमिकों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं। अपर श्रम आयुक्त मधुर सिंह ने बताया कि अभी पोर्टल खुलने की कोई जानकारी नहीं उपलब्ध है। पोर्टल बंद करना और खोलना हमारे आधीन नहीं है।

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज

- हजरतगंज के परिवर्तन चौक पर बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर भगवान सम्यक सम्बुद्ध की झांकी का आयोजन - सायं 5 : 00 बजे।
- सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधारमण बिहारी मंदिर (इस्कान) में नरसिंह चतुर्दशी महामहोत्सव का आयोजन - सायं 5 :30 बजे।
- गुरुद्वारा नाका हिंडोला में सिखों के गुरु अमर दास महाराज का प्रकाश पर्व- सायं 6 :30 बजे।

# वेबसाइट से निकालें आवंटन पत्र और बसंतकुंज जाकर ले लें आवास

## अकबरनगर के 928 विस्थापितों के आवास आवंटन पत्र एलडीए की वेबसाइट पर जारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** एलडीए ने अकबरनगर के 928 विस्थापितों के प्रधानमंत्री आवास आवंटन पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। लाभार्थी एलडीए की वेबसाइट ldaonline.co.in से आवंटन पत्र डाउनलोड कर हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में अपना आवास ले सकते हैं।

बसंतकुंज योजना में मौजूद एलडीए कर्मचारी को वेबसाइट से डाउनलोड आवंटन पत्र दिखाना होगा। उसे देखकर कर्मचारी लाभार्थी को आवास की चाबी सौंप देगा। विस्थापितों को प्रधानमंत्री योजना में आवासों पर कब्जा देने के बाद एलडीए अकबरनगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अकबरनगर में विस्थापितों को आवास पंजीकरण के लिए शिविर लगाया था। 31 मार्च 2024 तक लगभग 1,700 विस्थापितों ने मकान के लिए पंजीकरण कराया। पंजीकरण अधिक होने पर एलडीए ने आवेदन पत्रों की जांच कराई। इसमें पता चला कि एक ही परिवार के कई सदस्यों ने मकान के लिए आवेदन किया है। जांच के बाद लगभग 1,000 पात्र विस्थापित चयनित किए गए थे। इन्हीं में 928 विस्थापितों के आवास आवंटन पत्र जारी वेबसाइट पर जारी किए गए हैं।

- एलडीए की वेबसाइट ldaonline.co.in से आवंटन पत्र कर सकते हैं डाउनलोड
- बसंतकुंज में एलडीए कर्मी आवंटन पत्र देखकर देगा चाभी
- शिविर में 1,700 ने कराया था पंजीयन, जांच में 1,000 आवेदक मिले थे पात्र

### 1,200 मकान, दुकानें और कॉम्प्लेक्स किए जाएंगे ध्वस्त

अकबरनगर में कुकरैल नदी व बंधे पर अवैध तरीके से बने लगभग 1,200 मकान, दुकानें, शोरूम और कॉम्प्लेक्स तोड़े जाने हैं। कुकरैल नदी को पुराने स्वरूप में लाने के लिए इसकी जद में आ रहे अवैध निर्माण तोड़कर रिवर फ्रंट की तरह संवारा जाएगा। लगभग 35 दुकानें और शोरूम एलडीए तोड़ चुका है। उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय से भी यहां के निवासियों को राहत नहीं मिली है। न्यायालय ने निवासियों को विस्थापित करने से पहले आवास देने के एलडीए को निर्देश दिए थे। इसी आदेश के तहत एलडीए विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित कर रहा है।

> अकबरनगर के विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये जा रहे हैं। 928 विस्थापितों के आवंटन पत्र प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं। विस्थापित आवंटन पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। आवंटन पत्र दिखाकर मकान पर कब्जा ले सकते हैं।
>
> -ज्ञानेन्द्र वर्मा, अपर सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण

## बच्चों के दिल के छेद को भरेगा रोबोट

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजीपीजीआई में जल्द ही रोबोट के जरिए बच्चे के दिल के छेद को भरा जा सकेगा। वाल्व की सर्जरी भी रोबोट से होगी। सीवीटीएस विभाग के डॉ. एसके अग्रवाल ने बताया कि मरीजों को अब जटिल ऑपरेशन के लिए दिल्ली व दूसरे शहरों में जाना नहीं पड़ेगा। संस्थान में एक रोबोट की मदद से पांच विभाग रोबोटिक सर्जरी कर रहे हैं। अगस्त से सुविधा शुरू कराने की कोशिश की जा रही है। सामान्य ऑपरेशन के मुकाबले रोबोटिक सर्जरी की सफलता की दर अधिक होती है। इसमें मरीज दो से तीन दिन में चलने की स्थिति में हो जाता है।

## एक नजर

### एलडीए ने सील किया कॉम्प्लेक्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को गोमती नगर के विनम्र खंड में मानक विपरीत निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन एक वन्दान पांडेय ने बताया कि लल्ली उपाध्याय व अन्य गोमती नगर के विनम्र खण्ड में भूखण्ड संख्या 2/22 पर लगभग 2,00 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण करा रहे थे। जिसके विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश था। सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता एसके दीक्षित ने प्राधिकरण व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से स्थल सील कर दिया।

### रोडवेज कर्मी किए गए सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में बेहतर यात्री लोड फेक्टर वाले परिचालकों और डीजल औसत देने वाले चालकों को मंगलवार को सम्मानित किया गया। 10 परिचालकों में चारबाग डिपो के संविदा परिचालक प्रदीप कुमार मिश्रा प्रथम स्थान पर रहे। चालकों में हैदरगढ़ डिपो के संविदा चालक हंसराज ने बाजी मारी। इन चालकों, परिचालकों को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी, सेवा प्रबंधक विनोद कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) एसपी शुक्ला ने कार्यशाला के तीन तकनीकी कार्मिकों, कार्यालय के तीन लिपिकों और दो चेकिंग दल के कार्मिकों को भी प्रशंसा पत्र दिए।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना के रजनीखंड में सोमवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि पर्स में मिले आधारकार्ड में अंकित कुमार गुप्ता निवासी 74-सी गुलमोहर वैश्य, आशियाना लिखा था। उन्होंने बताया कि ऐसी कोई कालोनी या मकान नंबर इलाके में नहीं है। ऐसे में एक टीम आधार कार्ड व शव की फोटो से शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

# तीन अस्पतालों की ओपीडी में पहुंचे 9700 मरीज

## बुखार, सिर दर्द व उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या रही ज्यादा, जांच कक्ष से दवा काउंटर तक लगीं लंबी कतारें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दो दिन की छुट्टी के बाद खुले शहर के तीन प्रमुख सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मंगलवार को 9700 मरीज पहुंचे। इसमें बुखार, सिर दर्द, पेटदर्द और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या ज्यादा रही। मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण ओपीडी से लेकर अन्य व्यवस्था में अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए। इसके बावजूद लाइनों में लगे मरीजों को डॉक्टर कक्ष से जांच और दवा काउंटर तक काफी देर इंतजार करना पड़ा।

रविवार को छुट्टी और सोमवार को मतदान के कारण सार्वजनिक अवकाश था। इससे दो दिन सरकारी अस्पतालों व चिकित्सा संस्थानों की ओपीडी बंद रहीं। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि मंगलवार को ओपीडी में पांच हजार नए मरीजों ने पंजीकरण कराया। इसमें 2221 पंजीकरण आभा ऐप से कराए गए। मरीजों की संख्या बढ़ने पर पर्चा काउंटरों और अन्य जगह अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए। इसके बावजूद मरीजों को पंजीकरण, डॉक्टर को दिखाने और जांच के लिए इंतजार करना पड़ा। निदेशक के मुताबिक आभा ऐप पर पंजीकरण कराने में मंगलवार को अस्पताल प्रदेश में पहले स्थान और देश में चौथे स्थान पर रहा।

लोक बंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को करीब ढ़ाई हजार मरीज देखे गए। गर्मी के चलते सिर दर्द, बुखार और उल्टी, दस्त के मरीजों की संख्या 30 फीसदी बढ़ गई है।

इमरजेंसी में सबसे ज्यादा डायरिया, उल्टी, दस्त व पेट दर्द के मरीज आ रहे हैं। सिविल अस्पताल में करीब 2200 मरीज देखे गए। खून नमूने, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड व दवा के काउंटरों पर मरीजों को लाइन लगकर इंतजार करना पड़ा। पीजीआई, केजीएमयू और लोहिया संस्थान में भी अन्य दिनों की तुलना में करीब 15 फीसदी ज्यादा मरी

- पीजीआई, केजीएमयू, लोहिया संस्थान में भी अन्य दिनों की अपेक्षा 15 फीसदी अधिक मरीज पहुंचे




दो दिन के अवकाश के बाद ओपीडी खुलने पर सिविल अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई, अस्पताल के पर्चा काउंटर और डॉक्टर के कक्षों के बाहर लगी मरीजों की लाइन।

### सरकारी अस्पतालों में भी होगी थैलेसीमिया जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के सरकारी अस्पतालों की पैथालॉजी में बच्चों की थैलेसीमिया जांच शुरू हो गई है। अभी तक यह सुविधा बड़े चिकित्सा संस्थानों में ही उपलब्ध थी। वहां शुल्क देने के साथ जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा था। अस्पताल प्रभारियों का कहना है कि पैथालॉजी में जांच मुफ्त की जाएगी।

दरअसल, थैलेसीमिया अनुवांशिक बीमारी है। इसकी पहचान बच्चे में 3 महीने बाद ही हो पाती है। इस बीमारी में बच्चों के शरीर में खून की कमी होने लगती है। सही वक्त पर उपचार न मिलने पर जानलेवा हो सकती है। पीड़ित बच्चों के शरीर में खून बनने की प्रक्रिया बंद हो जाती है। सरकार थैलेसीमिया को असाध्य रोगों की श्रेणी में शामिल करने का प्रयास कर रही है। ऐसा होने से रोगियों के इलाज के लिए सरकार बजट देगी। इससे इन मरीजों को इलाज में आर्थिक दिक्कतें नहीं आएंगी। इसी क्रम में सरकारी अस्पतालों में भी थैलेसीमिया की जांच शुरू कराई गई है। इससे अधिक से अधिक मरीजों को चिन्हित कर इलाज मुहैया कराया जा सकेगा।

### बलरामपुर अस्पताल में सामान्य कचरे के साथ फेंका जा रहा बॉयोमेडिकल वेस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल में बॉयोमेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे के साथ फेंका जा रहा है। इससे लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा है। अस्पताल स्थित नगर निगम के डंपिंग यार्ड में बॉयोमेडिकल वेस्ट पड़े होने का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। अस्पताल प्रशासन दोनों प्रकार का कचरा अलग-अलग भेजने का दावा कर रहा है। बलरामपुर अस्पताल परिसर स्थित पोस्ट ऑफिस के पास सामान्य कचरे का डपिंग यार्ड बनाया गया है। बॉयोमेडिकल वेस्ट अलग जगह पर रखा जाता है। सामान्य कचरे में निडिल, यूरिन बैग, ग्लब्स समेत अन्य बॉयोमेडिकल वेस्ट फेंका जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि सफाईकर्मी सामान्य कचरे से प्लास्टिक का सामान अलग कर लेते हैं। जिसे कबाड़ी को बेचा जाता है। यूरिन बैग समेत अन्य कचरा सामान्य कचरे के साथ नगर निगम की गाड़ी उठाकर ले जा रही है। दोनों कचरा अलग-अलग होने का नियम है। इस संबंध में बायो मेडिकल वेस्ट सर्विसेज के मैनेजर अनिकेत जोशी ने कहा कि अस्पताल में बायोमेडिक वेस्ट को एकत्रित करने का अलग अलग है। वहीं से कचरा निस्तारण के लिए भेज दिया जाता है। सामान्य कचरे में यदि इसे फेंका जा रहा है तो इसकी निगरानी कराने की जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की है।



सामान्य कचरे में पड़ी बायोमेडिकल वेस्ट से भरी पॉलीथिन ।

# पूर्वा हवाओं से तपिश घटी उमस निकाल रही पसीना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अधिकतम तापमान में 1 डिग्री और न्यूनतम में 2 डिग्री की गिरावट
- आने वाले दिनों में 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है तापमान

**अमृत विचार :** पूर्वा हवाओं के कारण गर्मी से मामूली राहत मिली है लेकिन तीन दिन बाद झुलसाने वाली गर्मी और बढ़ सकती है। अधिकतम तापमान बढ़कर 45 डिग्री तक पहुंचने और झुलसा देने वाली लू चलने की संभावना है। रात में उमस बरकरार रहेगी। मौसम विभाग ने लू से बचाव की सलाह दी है।

राजधानी में मंगलवार को दिन के तापमान में कुछ कमी आई। सोमवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस था। मंगलवार को इसमें 1 डिग्री की गिरावट रही। तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे धूप की तपिश से मामूली राहत मिली लेकिन देर रात बढ़ी उमस ने परेशानी बढ़ा दी। न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में सोमवार की अपेक्षा 2 डिग्री की गिरावट रही।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि रातें उमस भरी रहेंगी। फिलहाल उमस से राहत मिलने की उम्मीद कम है। पश्चिमी विक्षोभ कमजोर हो गया है। इससे तीन दिन बाद अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। तापमान 45 डिग्री के पार जा सकता है। गर्म हवाओं में भी तेजी आएगी। लखनऊ और आसपास अभी बूंदाबांदी या बारिश की संभावना नहीं है।

वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, दोपहर 12 से 3 बजे तक लू (हीट स्ट्रोक) ज्यादा प्रभावी होती है। दोपहर में यदि जरूरी हो तभी घर से निकलें। घर से निकलते समय सिर को अच्छे से ढक लेना बेहतर रहेगा। पानी का अधिक सेवन करते रहें।

### इस तरह हो रहा उतार-चढ़ा

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 21 मई | 41 डिग्री | 28 डिग्री |
| 20 मई | 42 डिग्री | 30 डिग्री |
| 19 मई | 43 डिग्री | 30 डिग्री |
| 18 मई | 44 डिग्री | 28 डिग्री |

वैज्ञानिक एके सिंह का कहना है कि तापमान में आई हल्की गिरावट का कारण पुरवा हवाएं हैं। ये हवाएं लू और उसके बाद आंधी का रूप ले सकती हैं। हवाओं की रफ्तार 30-35 किमी प्रति घंटा तक जाएगी।



धूप से बचने के लिए दुपट्टे से सिर ढककर राजभवन से हजरतगंज जाने वाले मार्ग से गुजरतीं युवतियां।

# बिना अनुमति छतों पर लगीं 200 होर्डिंग हटेंगी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- नगर निगम ने विज्ञापन एजेंसियों को जारी की नोटिस



**अमृत विचार :** शहर में बिना अनुमति छतों पर लगाई गईं 200 होर्डिंग हटाई जाएंगी। इसके लिए नगर निगम के प्रचार विभाग ने विज्ञापन एजेंसियों को जारी की नोटिस किए हैं।

मुम्बई में होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की मौत के बाद नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने विज्ञापन एजेंसियों को छतों पर मानक से बड़ी होर्डिंग्स हटाने के निर्देश दिए थे। प्रचार विभाग के निरीक्षकों को सर्वे में घरों की छतों पर 2,00 अवैध होर्डिंग लगी मिलीं।

प्रचार विभाग ने नोटिस जारी कर विज्ञापन एजेंसियों को अवैध होर्डिंग हटाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। इसके बाद जुर्माना लगाने के साथ एफआईआर कराने की चेतावनी दी गई है। विज्ञापन एजेंसियों ने अवैध होर्डिंग्स हटानी शुरू कर दी हैं।

उधर, आउटडोर एडवरटाइजिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधि बुधवार को नगर आयुक्त से मिलकर अपना पक्ष रखेंगे। उनका कहना है कि सभी होर्डिंग हटाने के निर्णय से एडवरटाइजिंग को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ

**अमृत विचार, लखनऊः** सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज ने मंगलवार को शिविर लगाकर दुबग्गा सिटी बस डिपो के कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कराई। जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय सर्वोदय नगर कानपुर की टीम ने डिपो के 101 कर्मचारी, 51 ड्राइवरों की जांचकी। आयशर ग्रुप फाउंडेशन, चैरिटी आई हास्पिटल ने भी सहयोग किया। कर्मियों के ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, आंख और कान की जांच की गई।

# किसान आंदोलन समाप्त, निर्धारित रूट से चलेंगी ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- ट्रेनें रद होने और रूट बदलने से परेशान थे यात्री

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के अंबाला डिवीजन में किसान आंदोलन समाप्त होने के बाद 21 मई से निर्धारित रूट से ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया। इससे यात्रियों का बड़ी राहत मिली है। बदले मार्ग से ट्रेनें गुजरने से अधिक समय लग रहा था। इससे यात्री गर्मी से परेशान हो रहे थे।

डेढ़ महीने से किसानों का आंदोलन अंबाला स्टेशन पर चल रहा था। इससे ट्रेनों के रूट बदल दिए गए थे। कई ट्रेनें निरस्त भी कर दी गई थीं। 20 मई को आंदोलन खत्म होने के बाद 21 मई से अंबाला रूट की निरस्त ट्रेनों को बहाल कर दिया गया। बदले मार्ग से चलने वाली ट्रेनें भी इसी रूट से जाएंगी। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार ने बताया कि जिन ट्रेनों के रूट बदले गए थे, उनका संचालन 21 मई से निर्धारित रूट से शुरू कर दिया गया है।

### ये ट्रेनें तय रूट पर चलेंगी

ट्रेन संख्या 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस जाखल-धूरी जं. लुधियाना के रास्ते के बजाए पूर्व के तय रूट पर चलेगी। जयनगर-अमृतसर, पूर्णिया अमृतसर, सहरसा-अमृतसर, दरभंगा-जलंधर, गाजीपुर सिटी- वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस, भागलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर विशेष गाड़ी, सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस, जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस, जम्मूतवी-गोरखपुर एक्सप्रेस, अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस, जम्मूतवी-बरौनी एक्सप्रेस, छपरा- अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन भी अपने तय रूट पर चलेगी।

### ये ट्रेनें अमृतसर से चलेंगी

दरभंगा से ट्रेन नंबर 15211 दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस अंबाला कैंट स्टेशन के बजाए पूर्व स्टेशन अमृतसर से चलेगी। अमृतसर से ट्रेन नंबर 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस अमृतसर और सरहिंद से ट्रेन नंबर 05566 सरहिंद-सहरसा विशेष गाड़ी अंबाला के बजाय सरहिंद से चलाई जाएगी

**रूट डायवर्जन** 23 अप्रैल से किया जा रहा है रेलवे ओवर ब्रिज की मरम्मत का कार्य

# अभी 5 जून तक बंद रहेगा आईटी से निशातगंज पुल

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** आईटी से निशातगंज को जोड़ने वाला रेलवे ओवर ब्रिज (पुल) पर अभी 15 दिन और यातायात बंद रहेगा। 23 अप्रैल से ब्रिज पर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। एक महीने में कार्य पूरा होना था, लेकिन अब रेलवे ने पीडब्ल्यूडी को एक्सपेंशन ज्वाइंट बदलने का काम भी सौंप दिया है। इस कारण पांच जून तक ब्रिज पर यातायात बंद रहेगा।

निशातगंज इंदिरा ओवरब्रिज पुल से रोजाना 50 हजार से अधिक लोग डालीगंज, निराला नगर, बादशाहनगर, महानगर के अलावा शहर के अन्य क्षेत्र जाने के लिए आवागमन करते हैं। पुल के एक्सपेंशन ज्वाइंट जर्जर होने से वाहन चालकों को दिक्कत हो रही थी। एक्सपेंशन ज्वाइंट बदलने के लिए पीडब्ल्यूडी ने 23 अप्रैल से एक महीने के लिए ब्रिज पर मरम्मत कार्य शुरू कराया था। इससे ब्रिज पर आवागमन बंद कर दिया गया था।

पीडब्ल्यूडी ने अपने हिस्से का मरम्मत कार्य पूरा कर लिया है। अब पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल रेल प्रशासन ने क्रॉसिंग के ऊपर एक्सपेंशन ज्वाइंट बदलने के लिए भी पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा। इस कारण 15 दिन अभी पुल पर काम चलेगा। पीडब्ल्यूडी (प्रांतीय खंड) के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बताया कि 5 जून तक पुल की मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया जाएगा।



बंद रेलवे ओवर ब्रिज के एक छोर पर खड़े टेंपो। अमृत विचार

### लखनऊ सीतापुर रेलखंड पर बंद रहेगी क्रॉसिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन की ओर से बुढ़वल जंक्शन से सीतापुर जंक्शन रेलखंड पर स्थित तहसील फहेतपुर-पेंतेपुर स्टेशनों के मध्य क्रॉसिंग बंद रहेगी। यहां रबराइज्ड का कार्य होगा। इस वजह से 22 मई की रात आठ बजे से 23 मई की सुबह 8 बजे क्रासिंग वाला रास्ता बंद रहेगा। वाहन सवार वैकल्पिक मार्ग से आवागमन कर सकेंगे।

# तीन उड़ानें निरस्त, छह देरी से उड़ीं

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** सरोजनीनगर स्थित चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से मुंबई व बेंगलूरू जाने वाली तीन उड़ाने निरस्त कर दी गईं और आधा दर्जन उड़ानें लेट हो गईं। उड़ाने निरस्त करने से यात्रियों में आक्रोश देखने को मिला।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक एयरपोर्ट से सुबह 9:50 बजे बेंगलुरू जाने वाली उड़ान (आईएक्स-1428), मुंबई जाने वाली (आईएक्स-2784) और दिल्ली से आने वाली उड़ान (आईएक्स-2784) को निरस्त कर दिया गया। इसकी जानकारी पर यात्री आक्रोशित हो गए। एयरलाइंस के अधिकारियों ने समझाकर उन्हें शांत कराया।

इसके अलावा लखनऊ से 13:20 पर इंडिगो का मुंबई जाने वाला विमान 14:50 बजे और एयर इंडिया एक्सप्रेस का लखनऊ से दुबई जाने वाला विमान 13:35 के बजाए 15:08 बजे उड़ा। इसी तरह इंडिगो की लखनऊ से गोवा जाने वाले विमान ने 14:40 के बजाए 15:41 बजे, एयर इंडिया एक्सप्रेस की पुणे जाने वाले विमान ने 14:45 के बजाए 15:46 बजे उड़ान भरी। इंडिगो का दिल्ली जाने वाला विमान 14:45 के बजाए 15:39 बजे और इंडिगो का ही चेन्नई जाने वाला विमान 17:50 की बजाय 18:46 बजे एयरपोर्ट से उड़ा।



- यात्रियों ने जताई नाराजगी, एयरलाइंस अधिकारियों ने समझाकर कराया शांत

## एक नजर

### नये शैक्षिक सत्र में खेल शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में नये शैक्षिक सत्र 2024–25 में खेल शिक्षा को बढ़ावा दिया जायेगा। इसमें प्राइमरी विद्यालयों के बच्चों के अलावा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों पर अधिक फोकस करने के निर्देश दिए गये हैं। वहीं जिन विद्यालयों में अभी भी खेल किट नहीं खरीदी गई है। उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों पर कार्रवाई हो सकती है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल का कहना है कि स्कूलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए स्कूल स्तर से लेकर न्याय पंचायत, ब्लॉक और जनपद स्तर के बाद मंडल स्तर तक खेलों का आयोजन के लिए शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है।

### डीएलएड से छात्रों का मोह भंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षक भर्ती में बीएड अभ्यर्थियों के रोक होने के बाद भी डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजूकेशन (डीएलएड) से युवाओं का मोह भंग हो रहा है। इस बार अलग–अलग कॉलेजों में 47 हजार सीटें खाली रह गई हैं। जिसके बाद निजी कॉलेजों की चिंता बढ़ गई है। इस संबंध में परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय जानकारी जुटाएगा कि आखिर इतनी संख्या में सीटें क्यों खाली रह जा रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रदेश में 77 निजी कॉलेज हैं जो डीएलएड करवाते हैं। लेकिन इस बार शिक्षक भर्ती न होने के कारण इन कॉलेजों की 47 हजार से अधिक सीटें खाली रह गई। जबकि इस बार शासन के निर्देश पर सचिव ने रिक्त रह गईं सीटों पर सीधे प्रवेश लेने की अनुमति दी थी।

### निबंध लेखन में अभिषेक को मिला तृतीय स्थान

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑन द स्पॉट निबंध लेखन प्रतियोगिता में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के छात्र को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। छात्र को ये उपलब्धि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में मिली। बता दें कि 7 अप्रैल को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की ओर से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों से जुड़े छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में परिवर्तन लाएंगे नए शोध

## लविवि के छात्रों ने तैयार किए दो नए उपकरण, नए छात्रों की पढ़ाई में होंगे उपयोगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



नए उपकरणों के साथ लविवि के छात्र और शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वरदान साबित होने वाले उपकरण तैयार किए हैं। यह उपकरण नए छात्रों की पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ इस क्षेत्र में होने वाले नए प्रयोगों को भी आसान कर देंगे।

लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिंग एवं हेगन पॉइजुइल नाम के दो उपकरण तैयार किए गए हैं। इनसे आने वाले दिनों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में होने वाले प्रयोग सस्ते और सुगम हो जाएंगे।

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि कंपोजिट वाल उष्मा (गर्मी) और द्रव्यमान (मास) में होने वाले परिवर्तनों का आसानी से पता लगाने में मददगार होगा। जबकि हेगन पॉइजुइल तरल पदार्थों में उत्पन्न होने वाली गति और उनके स्वभाव की बारीकी से जानकारी देंगे। असिस्टेंट प्रो. डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि दोनों उपकरण मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तन लाएंगे। यह उपकरण अभी तक लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी आसानी से नहीं बनाए जा पा रहे थे। लेकिन शोधार्थियों ने इन्हें बेहद कम खर्च में तैयार किया है।

**इन छात्रों ने बनाए उपकरण :** दीपाली सिंह, आयुष चौधरी, प्रथम, प्रद्युम्न सिंह और हिमांशु यादव ने कंपोजिट वॉल उपकरण तैयार किया है। वहीं अब्दुल ताहिर, पंकज यादव, अवनीश सिंह और समीर ने मिलकर हेगन पॉइजुइल सेटअप बनाया है।

### घंटों की जांच अब होगी मिनटों में

असिस्टेंट प्रोफेसर इंजीनियर संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि कंपोजिट वॉल थर्मल कंडक्टिविटी टेस्ट रिंग के उपयोग से किसी भी मैटेरियल की तापीय चालकता और थर्मल प्रतिरोध का पता चंद लम्हों में लगाया जा सकेगा। जबकि पहले इस जांच में घंटों का समय बीत जाता था। हेगन पॉइजुइल सेटअप में छात्र लामिना के प्रवाह में हेड लॉस की गणना भी कर सकते हैं। इतना ही नहीं, इसकी मदद से हेगन पॉइजुइल समीकरण को भी सत्यापित किया जा सकता है।

# कम बच्चों वाले स्कूलों से हटाए जाएंगे शिक्षक

## बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्रदेश भर के सरकारी विद्यालयों की हो रही समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ जून तक प्रक्रिया में सुधार किए जाने का दावा

> विद्यालयों में शिक्षकों और बच्चों के अनुपात को सुधारने की तैयारी चल रही है। जिससे शिक्षकों की संख्या पर्याप्त हो और पढ़ाई गुणवत्तापूर्ण हो सके। इस संबंध में जल्द ही प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा।
>
> –सुरेन्द्र कुमार तिवारी, सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित जिन प्राथमिक विद्यालयों में बच्चे कम हैं और शिक्षक ज्यादा है वहां से शिक्षकों को हटाते हुए अधिक बच्चों वाले विद्यालय में भेजा जायेगा। इस संबंध में छात्र संख्या के आधार पर मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों और बच्चों का ब्योरा दुरुस्त करने के आदेश दिए गए हैं। ताकि पोर्टल से ही शिक्षकों के एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय में स्थानांतरण किया जा सके। ये प्रक्रिया जून तक पूरी कर ली जायेगी।

बता दें कि हर जनपद में काफी संख्या में ऐसे विद्यालय हैं। जहां पर शिक्षकों और बच्चों का अनुपात बराबर नहीं है। इसका सीधा असर बच्चों पर पड़ रहा है। कई विद्यालयों में बच्चों की संख्या 25 से 30 है और शिक्षकों की संख्या 4 से 5। इसके बीच कई विद्यालय ऐसे भी हैं जहां शिक्षकों की संख्या 2 से 3 है लेकिन वहां बच्चों की संख्या 200 से 300 है। इस स्थिति को देखते हुए विभाग का प्रयास है कि इस अनुपात में सुधार किया जाए। जबकि 30 बच्चों पर एक शिक्षक का होना अनिवार्य है।

**डेढ़ दशक से नहीं हुआ समायोजन :** करीब डेढ़ दशक से समायोजन न होने के कारण विद्यालयों में शिक्षकों का अनुपात काफी खराब हो चुका है। गैर जनपद स्थानांतरण और सेवानिवृत्त होने से कई स्कूलों में शिक्षकों की संख्या कम हो गई, लेकिन छात्र संख्या पहले जैसे होने से पठन-पाठन प्रभावित हुआ है।

**मानव संपदा पोर्टल पर पूरा ब्योरा अपडेट होना जरूरी :** इस संबंध में सचिव ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वह समायोजन से पूर्व मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों के सारे विवरण को सही करा लें जिससे कि मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से समायोजन प्रक्रिया पूरी हो सके। इस बार विद्यालयों में बच्चों की नामांकन संख्या कम हुई है।

**बेसिक शिक्षा विभाग के अनुदानित स्कूलों में भी लापरवाही :** विभाग की ओर से अनुदानित स्कूलों की भी स्थिति अच्छी नहीं है। वर्तमान स्थिति में जांच हुई तो सारी पोल खुल जायेगी। हालात ये है कि 15 से 20 बच्चों को पढ़ाने के लिए 4-4 शिक्षक हैं तो किसी में 30 से 32 छात्रों के लिए 6 शिक्षक हैं। इन स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों, लिपिक और बाबूओं के वेतन भुगतान के नाम पर हर महीने लाखों रुपये सरकारी धन से खर्च किए जा रहे हैं। जिन पर विभाग को ध्यान देने की जरूरत है।

### ऊंची पहुंच वाले शिक्षकों के आगे विभाग भी लचर

ऊंची पहुंच वाले शिक्षकों के आगे विभाग भी लचर साबित हो रहा है। उनके लिए विद्यालय का मानक भी ठेंगे पर रहता है। हालात ये है कि इन शिक्षकों को रोड किनारे वाले विद्यालयों में तैनाती चाहिए भले ही वहां बच्चे कम हो। हैरानी की बात ये है कि विभाग में शिक्षकों की कमी होने के बाद भी इन्हें प्रतिनियुक्ति पर भी भेज दिया जाता है।

### कर्म योजना के सहारे छात्रों को मिली पहली कमाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** कौशल, श्रम और वित्तीय समझ से लविवि के छात्रों को पहली कमाई कर्म योजना के माध्यम से प्राप्त हुई। लाभ पाने वालों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों से चुने गए 25 छात्र थे।

सीखते हुए कमाओं कार्यक्रम का हिस्सा बनने वाले 25 छात्रों की ओर से विभिन्न विभागों और कार्यालयों में विविध भूमिकाएं निभाईं गईं। छात्रों ने लविवि से जुड़े कार्यालयों से जुड़ा कार्य, पुस्तकालय सहायता, कंप्यूटर संचालन, प्रयोगशाला कार्य, शिक्षक सहायता और जिम प्रशिक्षण किया। सभी ने मिलकर अलग- अलग तरीके से 100 घंटों में कार्य पूर्ण किया। प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रशंसा पत्र दिये और साथ में प्रत्येक छात्र को 15 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्र कल्याण डीन प्रोफेसर संगीता साहू भी उपस्थित रहीं।

### राजकीय महाविद्यालय की प्रवेश तिथियों में संशोधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम में स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया की तिथियों में संशोधन किया गया है। प्राचार्य डॉ. रमेश वर्मा ने बताया कि प्रवेश संबंधित सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। सत्र 2024–25 में स्नातक स्तर पर बीए (प्रथम वर्ष), बीएससी (प्रथम वर्ष), बीकॉम (प्रथम वर्ष) के प्रवेश आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जा रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम प्रमोद अंकित है जबकि मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र पर मेरा नाम आशीष गौतम अंकित है जो सही है। मेरे आधार की संख्या 712612171833 है। अत: आधार कार्ड पर मेरा नाम प्रमोद के स्थान पर आशीष गौतम किया जाना आवश्यक है। अत: भविष्य में मुझे आशीष गौतम पुत्र चन्द्रिका प्रसाद, निवासी–95, दाउदनगर पो0–घैला, वार्ड– फैजुल्लागंज चत्तुर्थ तहसील– सदर लखनऊ के नाम से जाना– पहचाना जाएगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे मकान E–1/86 सेक्टर B- अलीगंज लखनऊ का मूल आवंटन और कब्ज़ा पत्र जो श्री नाथ तिवारी पुत्र राम आधार को आवंटित थे, खो गये है, जिसका उपयोग अवैध है – **श्रीमती स्वर्ण बाला तिवारी पत्नी राजेश कुमार तिवारी निवासी मकान नं0 – 46–I मानसनगर, जियामऊ, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम विनोद था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम विनोद कुमार विश्वकर्मा रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जान व पहचाना जाय। **विनोद कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम कुमार, निवासी– पचार, तिवारी बाजार, गोण्डा**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरा हाईस्कूल अंक पत्र, सह प्रमाण–पत्र, वर्ष 2016, रोल नं. 1147310, व इंटरमीडिएट अंक पत्र व सह प्रमाण–पत्र वर्ष 2018, रोल नंबर 0909167 का अंक पत्र, सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही गुम हो गया है। – **सुशीला सरकार पुत्री जगदीश सरकार, निवासी– ग्राम–मियांपुर, पोस्ट राजापुर बेनी, तह0– मोहम्मदी, जिला– लखीमपुर खीरी –262804**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम समीरूल से बदलकर मोहम्मद समीरूल रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद समीरूल के नाम से जाना व पहचाना जाय। **–मोहम्मद समीरूल पुत्र मोहम्मद इकबाल, निवासी– मं0नं0 392/52, मैदान एल0एच0खान, थाना– सआदतगंज, लखनऊ,**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखो में त्रुटिवश अंकित कुमार गर्ग के स्थान पर अंकित गर्ग दर्ज हो गया है। जिसे अब मेरा सही नाम **अंकित कुमार गर्ग पुत्र श्री अशोक कुमार गर्ग, निवासी मो. गुलाम अलीपुरा थाना दरगाह शरीफ तहसील व जिला बहराइच** पढ़ा व समझा जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र रईस अहमद व उसकी पत्नी फिजा बानो पुत्री फुजैल अहमद दोनों को उनके गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। रईस अहमद व उसकी पत्नी फिजा बानो के किसी कृत्य से मेरा व मेरे परिजनों का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। – **रशीद अहमद पुत्र वसी अहमद, ग्राम– ऐनी हतिन्सी, थाना व तहसील– कैसरगंज, जनपद – बहराइच**

**तलाश गुमशुदा**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड संख्या 201942377197 एवं पैन कार्ड संख्या (सीडीपीपीबी 4995 आर) में अकबरी बानों जन्मतिथि 01.01.1960 पूर्व में अंकित था। अब संशोधन करवाकर मैंने अपना नाम वारी निशा एवं जन्मतिथि 10.10.1962 अंकित करवाया है, जो सही है। – **वारी निशा पत्नी अख्तर अली, निवासी ग्राम करौंदिया देहात, चुनहा (ढखवा), सुलतानपुर**

# इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अचीवर बने नीरज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



शोधार्थी नीरज प्रजापति

▸▸ बीबीएयू के हॉर्टिकल्चर विभाग में अध्ययनरत है शोधार्थी

▸▸ पहले भी कर चुके हैं कई शोध

**अमृत विचार :** जहां चाह वहीं राह, गांव की माटी से निकले शोधार्थी ने उम्मीदों की ऐसी फसल तैयार की, जिसके सहारे उसका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में अचीवर के रूप में दर्ज कर लिया गया है।

बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में अध्ययनरत शोधार्थी नीरज कुमार प्रजापति का कहना है कि इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में उनका नाम इसलिए दर्ज हुआ क्योंकि उन्होंने पर्यावरण सहित अन्य क्षेत्रों में एक हजार से अधिक बार सकारात्मक कार्य किये। ऐसे में उन्हें प्रमाण पत्र भी हासिल हुए हैं।

वाराणसी के खालिसपुर गांव की माटी में जन्मे नीरज कुमार प्रजापति बताते हैं कि धरा को बचाने की जुगत और प्रोत्साहन पिता बचनू प्रजापति से मिला, वे एक किसान हैं। वाराणसी में ही हाईस्कूल और इंटर की शिक्षा ग्रहण की। फिर कृषि क्षेत्र की जिज्ञासाओं को जानने, समझने और कुछ नया करने के लिए जौनपुर स्थित तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रवेश लिया। वहीं से बीएससी और एमएससी किया। एमएससी एग्रीकल्चर में मूली की प्रजाति को बढ़ाने के लिए कई शोध किए। फिर बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के हॉर्टिकल्चर विभाग में प्रवेश लिया।

नीरज का कहना है कि इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अचीवर के रूप में नाम दर्ज कराने के लिए उन्होंने विभिन्न कांफ्रेंस, सेमीनार, ट्रेनिंग, लेक्चर, मीटिंग, वेबिनार, कार्यशाला, क्विज आदि से जुड़ी जानकारियां और प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पड़े। विवि के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा का कहना है कि ऐसे कार्य निश्चित रूप से नई पीढ़ियों को पर्यावरण और प्रकृति के साथ सकारात्मक सोच बनाए रखने वाले बनाएंगे।

### सब्जियों पर कर रहे हैं शोध

शोधार्थी छात्र बीबीएयू के हार्टिकल्चर विभाग के प्रो. संजय कुमार के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। इनका कहना है कि शोध कार्य में खीरे सहित अन्य सब्जियों को शामिल किया गया है। सब्जियों को अधिक से अधिक गुणकारी बनाना मुख्य उद्देश्य में शामिल है।



समर कैंप में तैराकी का अभ्यास करते छात्र–छात्राएं।

### हॉबी क्लासेस से छात्रों का होगा सर्वांगीण विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अशर्फाबाद कैम्पस में आयोजित हो रहे समर कैंप में विभिन्न प्रकार के हॉबी क्लासेस से छात्रों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। इन हॉबी क्लासेज में छात्र अपनी रूचि के अनुसार विभिन्न विधाओं में पारंगत हो रहे हैं। साथ ही उनमें आपसी सद्भाव, सौहार्द व एकता के विचारों का सशक्तीकरण हो रहा है। इस समर कैम्प में छात्र–छात्राएं अपनी रूचि के अनुसार आर्ट एंड क्रॉफ्ट, गीत–संगीत, नृत्य, तैराकी, जूडो, योग एवं विभिन्न प्रकार के खेलों में बढ़–ढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं।

### शिक्षक और छात्र करेंगे पूर्वी उत्तर प्रदेश का राजनीतिक अध्ययन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागीय समिति की बैठक हुई, जिसमें वर्तमान में पूर्वी उत्तर प्रदेश में किए जाने वाले राजनीतिक निर्णय–निर्माण एवं उसके पूर्ववृत्त के संबंध में एक अध्ययन पर विस्तार से चर्चा एवं विचार–विमर्श किया गया। इस बैठक में एक विस्तृत योजना तैयार की गई। इसमें तय हुआ कि पांच शिक्षक एवं चार शोधकर्ताओं को टीम के रूप में शामिल करते हुए जनपदीय भ्रमण कराया जाएगा। ये भ्रमण 25 से 27 मई तक क्षेत्रीय दौरा भी करेगा। इसमें वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, गाजीपुर जनपदों को शामिल किया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुइया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266
**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक
**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक
रविवार सांय अवकाश

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

## गठबंधन प्रत्याशी रविदास ने किया बूथवार मंथन



समर्थकों के साथ बैठे गठबंधन प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ लोक सभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने चुनावी मंथन किया। ऐसे में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। मतदान के बाद हर कोई चुनावी समीक्षा कर रहा है। गठबंधन प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने भी एक बैठक की। इसमें उन्होंने बूथवार जानकारी हासिल की। ताजा रुझान के साथ वार्डवार संभावित आंकड़े जाने गए। पदाधिकारियों से की गई चर्चाओं के दौरान विधानसभा वार लोगों से फोन करते हुए सूचनाएं भी इकट्ठा की जाती रही।



समर्थकों से चर्चा करते मोहनलालगंज से सपा प्रत्याशी आरके चौधरी।

## सपा प्रत्याशी आरके चौधरी ने समर्थकों का जताया आभार

**अमृत विचार, काकोरी :** मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद इंडी गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मंत्री आरके चौधरी ने समर्थकों एवं मतदाताओं का सपा के पक्ष में मतदान करने और अपार समर्थन करने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। आरके चौधरी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान मुझे जनता से आशीर्वाद प्राप्त हुआ। आमतौर पर इतने दिनों तक चलने वाले प्रचार को थकावट भरा माना जाता है। लेकिन मुझे गहरे संतोष का अनुभव हो रहा है, एक ऐसा अनुभव जो किसी को लंबी साधना के बाद प्राप्त होता है।



परिवार के साथ समय बिताते कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चौहान। अमृत विचार

# तीन विधानसभा के मतदाताओं ने बढ़ाई मोहनलालगंज सीट की साख

## मोहनलालगंज सीट पर बक्शी का तालाब और सिधौली के मतदाताओं ने दिखाया उत्साह, लखनऊ सीट पर कैंट के मतदाता रहे सुस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दो संसदीय सीटों पर सोमवार को संपन्न हुए चुनाव में तीन विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने मोहनलालगंज सीट की साख बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। सिधौली, बक्शी का तालाब और मोहनलालगंज विधानसभा के मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर मतदान किया, जिसकी वजह से पोलिंग प्रतिशत का ग्राफ बढ़ा।

**लखनऊ लोकसभा क्षेत्र**

| विधानसभा | कुल मतदाता | कितने मत पड़े |
|---|---|---|
| लखनऊ पश्चिम | 470828 | 256644 |
| लखनऊ उत्तर | 490697 | 254125 |
| लखनऊ पूर्व | 464510 | 243761 |
| लखनऊ मध्य | 375014 | 197481 |
| लखनऊ कैंट | 371122 | 183613 |

**मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र**

| विधानसभा | कुल मतदाता | कितने मत पड़े |
|---|---|---|
| सिधौली (एससी) | 361806 | 241142 |
| मलिहाबाद (एससी) | 369523 | 237534 |
| बक्शी का तालाब | 490058 | 324227 |
| सरोजनीनगर | 599971 | 328408 |
| मोहनलालगंज (एससी) | 365874 | 244061 |

सोमवार को दोनों संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक चला। मोहनलालगंज विधानसभा में सबसे अधिक 66.71, सिधौली विधानसभा में 66.65 और बक्शी का तालाब में 66.16 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि मलिहाबाद में 64.28 और सरोजनीनगर विधानसभा में 54.74 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं लखनऊ संसदीय सीट की कैंट विधानसभा में महज 49.48 प्रतिशत मतदान हुआ। पश्चिम विधानसभा में 54.51, मध्य में 52.66, पूर्वी विधानसभा में 52.48, उत्तर में 51.79 प्रतिशत मतदान हुआ।



शहर के बूथ पर ऐसी थी मतदाताओं की भीड़। अमृत विचार

# बसपा प्रत्याशी ने की चोट तो बढ़ेगा राजनाथ सिंह का वोट

## गठबंधन से रविदास मेल्होत्रा, भाजपा से राजनाथ सिंह और बसपा से सरवर मैदान में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकसभा सीट पर मतदान होने के बाद अब जीत-हार को लेकर गुणा गणित लगाया जा रहा है। लखनऊ लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 की तुलना में दो प्रतिशत मतदान कम हुआ है। बसपा ने अल्पसंख्यक प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। अल्पसंख्यकों का वोट अगर इंडिया गठबंधन और बसपा के बीच विभाजित हुआ तो भाजपा प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जीत का अंतर बढ़ सकता है।

लखनऊ लोकसभा सीट पर सोमवार को 52.23 प्रतिशत मतदान हुआ। यह पिछले चुनाव की अपेक्षा दो प्रतिशत कम है। जातीय समीकरण के अनुसार लखनऊ लोकसभा सीट पर क्षत्रिय 7.3, ब्राह्मण 14.3, अल्पसंख्यक 23.2, वैश्य 11.6, यादव 4.1, कायस्थ 6.7, दलित 17.0, सिख 2.8, लोधी 1.7 और अन्य 11.3 प्रतिशत मतदाता हैं। बात अगर विधानसभावार की जाए तो लखनऊ पश्चिमी में मुस्लिम मतदाता निर्णायक की भूमिका निभाते हैं। मध्य विधानसभा में अल्पसंख्यकों के साथ वैश्य मजबूत स्थिति में हैं। उत्तरी विधानसभा में ब्राह्मण समीकरण बना और बिगाड़ सकते हैं। कैंट में ब्राह्मण, पंजाबी और सिंधी समाज की अच्छी पकड़ है। पूर्वी विधानसभा में सामान्य वर्ग की अच्छी पकड़ है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

2014 में राजनाथ सिंह को 5 लाख 61 हजार 106 मत मिले थे और कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को 2 लाख 88 हजार 357 मत मिले थे। उन्होंने लगभग पौने तीन लाख वोट से रीता बहुगुणा जोशी को हराया था। वहीं वर्ष 2019 में राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हजार 026 मत मिले थे और समाजवादी पार्टी से पूनम सिन्हा को 2 लाख 58 हजार 724 मत मिले थे।

पूनम सिन्हा 3 लाख 47 हजार 307 वोटों से चुनाव हार गई थीं। इस बार इंडिया गठबंधन ने रविदास मेल्होत्रा को, बहुजन समाज पार्टी ने मोहम्मद सरवर मलिक और भाजपा ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को मैदान में उतारा है। ऐसे में अल्पसंख्यक मतदाताओं का वोट अगर इंडिया गठबंधन और बहुजन समाज पार्टी में बंटा तो रक्षामंत्री की जीत का अंतर बढ़ सकता है।

## लखनऊ सीट पर भारी मतों से जीतेंगे रविदास : नरेन्द्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में पांच चरण का मतदान हो चुका है। इनमें राहुल गांधी के नेतृत्व में गठबंधन बड़ी जीत हासिल करेगा। यह बात मंगलवार को श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने एक बैठक में कही।

चेयरमैन ने कहा कि जनता ने भाजपा के झूठे वादों को नकार दिया है। कांग्रेस अपने पुराने सिद्धांतों पर चल रही है। पार्टी सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। जनता बेरोजगारी और महंगाई से परेशान है। अधिकतर युवा बेरोजगार हैं। राहुल गांधी ने सरकार बनने पर 30 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया है। मतदाता बदलाव चाहता है। घर संभालने वाली गृहणियां महंगाई से परेशान हैं। आटा, दाल, गैस आदि वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए बदलाव जरूरी है। इसी बदलाव के लिए लोगों ने मतदान किया है। लखनऊ से इंडी गठबंधन प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा भारी मतों से जीत रहे हैं। केंद्र में ईडी गठबंधन की सरकार बनेगी।

## निगम में कम रही कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के मतदान के दूसरे दिन नगर निगम में सन्नाटा पसरा रहा। कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों की उपस्थिति काफी रही। दोपहर तक गिने-चुने कर्मचारी लालबाग स्थित मुख्यालय पहुंचे। नगर आयुक्त से लेकर अपर नगर आयुक्त दोपहर तक कार्यालय नहीं पहुंचे थे। मौजूद कर्मचारी-अधिकारी चुनाव पर चर्चा करते दिखे। जोनल अधिकारी जोन एक अमरजीत यादव के कक्ष में कर अधीक्षक और नगर निगम के कर्मचारी नेता चुनाव पर चर्चा करते रहे। सभी अपनी अपनी पसंद की पार्टी की जीत का दावा कर रहे थे। कैश काउंटर खुला रहा लेकिन गृहकर जमा करने इक्का दुक्का भवन स्वामी ही पहुंचे। अन्य कार्यों से आए लोगों को मायूस लौटना पड़ा। जानकारी पर अन्य कर्मियों ने बताया कि चुनाव ड्यूटी करने के कारण ज्यादातर कर्मचारी नहीं आए हैं। अधिकारियों के कार्यालय न पहुंचने का फायदा अन्य कर्मचारियों ने भी उठाया।

# भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने अयोध्या में रामलला के किए दर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** धुआंधार चुनावी प्रचार और मतदान के बाद मंगलवार को प्रत्याशियों ने परिवार के साथ समय गुजारा। साथ ही मतदान की समीक्षा की। रक्षा मंत्री और लखनऊ सीट से लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह सोमवार को मतदान के बाद ही दिल्ली चले गए थे। पूर्वी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन किए।

लखनऊ में चुनावी शोर थमते ही प्रत्याशियों की दिनचर्या बदल गई। राजनाथ सिंह दिल्ली चले गए। वहां से अब वे अगले चरण वाली सीटों पर प्रचार के लिए निकल जाएंगे। पूर्वी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के लिए 16 अप्रैल को प्रत्याशी घोषित हुए ओपी श्रीवास्तव ने 35 दिन तक जमकर प्रचार किया। सोमवार को मतदान संपन्न होने के बाद वे रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंच गए। मंगलवार को उन्होंने परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने पत्नी किरण श्रीवास्तव, पुत्र दर्पण, दर्शन और बेटी महिमा के साथ प्रचार के अनुभव साझा किए।



अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव।

वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव संयोजक एवं एमएलसी मुकेश शर्मा घर में पिता, पत्नी और पुत्र के साथ टीवी देखा। शाम को हलवासिया कोर्ट केंद्रीय कार्यालय में पदाधिकारियों से सोमवार को हुए मतदान को लेकर चर्चा की। शर्मा बुधवार को गोरखपुर जाएंगे और बांसगांव सीट पर भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान का प्रचार करेंगे। चर्चा के दौरान लोकसभा चुनाव सहसंयोजक राकेश श्रीवास्तव, चुनाव कार्यालय संयोजक महामंत्री सुनील यादव, राम अवतार कनौजिया, अतुल अवस्थी, सत्येंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग आदि मौजूद रहे।



परिवार के साथ टीवी देखते लोकसभा चुनाव संयोजक एवं एमएलसी मुकेश शर्मा।

वहीं भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने परिजन के साथ समय गुजारा और शाम को अपने कार्यालय में मतदान को लेकर चर्चा की।

## किसी बूथ पर नहीं होगा पुनर्मतदान : गंगवार



**अमृत विचार, लखनऊः** दोनों संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान होने के कारण किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार को रमाबाई स्थल में सामान्य प्रेक्षक ओम प्रकाश कसेरा, एन वसंत कुमार के साथ सोमवार को हुए मतदान की स्क्रूटनी की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्क्रूटनी का काम पूरा हो गया है। सभी बूथों पर शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान हुआ है। किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी/आरओ मोहनलालगंज अजय जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभी सिंह, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# डबल लॉक वाले स्ट्रांग रूम में रहेंगी ईवीएम

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मतदान के बाद ईवीएम डबल लॉक स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। मतगणना तक 5265 ईवीएम संगीनों के साए में रहेंगी और सीसीटीवी से इन पर निगाह रखी जाएगी।

सोमवार की शाम छह बजे मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम रमाबाई रैली स्थल के लिए रवाना की गईं। सोमवार की देर रात तक ईवीएम जमा कराई गईं। ईवीएम की निगरानी के लिए सीआरपीएफ के जवान लगाए गए हैं। किसी को भी आसपास फटकने की अनुमति नहीं होगी। तीन शिफ्टों में इनकी रखवाली के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। लखनऊ- मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा के उपचुनाव में प्रयोग की गई ईवीएम की सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की गई है। सभी ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में रखी गई है। यह सभी संगीनों के साए में तीन जून तक रहेंगी। मतगणना वाले दिन से पहले कोई भी इन मशीनों के पास तक नहीं पहुंच पाएगा। इसके लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। सीसीटीवी से भी इनकी निगरानी रहेगी। इस सीसीटीवी को ऑनलाइन जिला निर्वाचन अधिकारी से निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी भी लाइव देख सकेंगे।



ईवीएम की निगरानी करता सीआरपीएफ का जवान। अमृत विचार

## तीन शिफ्ट में लगाई गई ड्यूटी

ईवीएम की निगरानी के लिए तीन शिफ्ट में कई वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह अफसर इन तीनों शिफ्ट में पूरे समय मौजूद रहेंगे। स्ट्रांग रूम की सुरक्षात्मक प्रबंधन की निगरानी खुद अपर जिलाधिकारी भूमि अर्जन प्रथम धर्मेंद्र सिंह के ऊपर रहेगी। इन्हें स्ट्रांग रूम स्थित कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है। सहायक आयुक्त राज्य कर महेश पाठक, मत्स्य निरीक्षक सत्येंद्र यादव, मुख्य अनुदेशक राजकीय खाद्य प्रसंस्करण रात 11 बजे से अगले दिन सुबह 7 :00 तक यहां डटे रहेंगे। दूसरी शिफ्ट सुबह 7 :00 से अपराह्न 3 :00 तक रहेगी। इसमें सहायक आयुक्त राज्य कर संदीप रतन, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक सौरभ सक्सेना, राज्य कर अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldaonline.co.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यावसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण / नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व० करूणा शंकर श्रीवास्तव | भवन संख्या-बी-23 | हाता खुदा बक्श योजना | 24.09.2017 | श्रीमती विमला श्रीवास्तव, श्रीमती व्यंजना श्रीवास्तव, श्रीमती रंजना श्रीवास्तव, श्रीमती मीनाक्षी सक्सेना, श्रीमती दीप्ती श्रीवास्तव, श्री रूपेश श्रीवास्तव | -------- | पत्नी,पुत्री,पुत्री, पुत्री,पुत्री,पुत्र |
| 2. | श्री राधेश्याम तनेजा | भूखण्ड संख्या-डी-3/302, सेक्टर-एच | कानपुर रोड योजना | 14.02.2014 | श्रीमती वीना तनेजा | श्री किशोर तनेजा-पुत्र, श्री स्वतंत्र तनेजा-पुत्र, श्रीमती अलका तनेजा-पुत्री (विवाहित), श्रीमती नीतू कात्याल-पुत्री (विवाहित) | पत्नी |
| 3. | श्री हर्ष कुमार (मृतक) | भूखण्ड संख्या-डी-1/295, सेक्टर-एफ | जानकीपुरम् योजना | 05.01.2024 | श्रीमती मधुलिका श्रीवास्तव-पत्नी | श्रीमती अपूर्वी प्रधान-पुत्री, श्रीमती शिवांगी प्रधान-पुत्री, श्रीमती पारूल प्रधान-पुत्री | पत्नी |
| 4. | श्री धर्मपाल सक्सेना एवं श्री नरेन्द्र पाल सक्सेना | भूखण्ड संख्या-सी-3/181, विक्रान्त खण्ड | गोमती नगर योजना | श्री धर्मपाल सक्सेना की मृत्यु दिनांक 19.01.2010 को हो गयी है। | श्री नरेन्द्र पाल सक्सेना, श्रीमती मीरा रानी सक्सेना, श्रीमती मंजू चन्द्र | ----- | पुत्र, पुत्री, पुत्री |
| 5. | स्व० छबिनाथ तिवारी | सम्पत्ति संख्या-बी-041, सेक्टर-ओ | अलीगंज योजना | 29.05.2010 | श्रीमती पुष्पा पाण्डेय | -------- | पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# वर्चुअली एक दूसरे के संपर्क में रहते हैं साइबर जालसाज

## सरगना के निर्देश पर ही करते हैं चैटिंग व कॉल, कोई एक दूसरे का न तो असली नाम जानता है और न ही पता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों का बड़ा नेटवर्क है। गिरोह के सदस्य एक दूसरे के बारे में कोई जानकारी नहीं रखते हैं। सिर्फ वर्चुअली संपर्क में रहते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से सरगना के निर्देश का पालन करते हैं। इसके बदले में उनको मोटी रकम दी जाती है।

साइबर जालसाजों के गिरोह में देश के हर जिले से कोई न कोई सदस्य शामिल होता है। कोई एक दूसरे का न तो असली नाम जानता है और न ही किसी का पता। सिर्फ गिरोह के सरगना के निर्देश पर उनसे चैटिंग और कॉल पर बात करनी होती है। साइबर थाने के प्रभारी बृजेश यादव ने बताया कि ऐसा इसलिए करते हैं कि एक अगर पुलिस की गिरफ्त में आ जाए तो दूसरे के बारे में जानकारी न दे सके। यहां तक सावधानी बरतते हैं कि लखनऊ का एजेंट बात करने के लिए रायबरेली, बाराबंकी या अन्य आसपास के जिलों तक चला जाता है। ताकि अगर मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस पकड़ना चाहे तो उनकी लोकेशन न मिल सके। सतर्कता इतनी बरती जाती है कि मोबाइल पर बात करने के तत्काल बाद बंद कर दिया जाता है। इसके बाद तय समय और स्थान पर ही मोबाइल को ऑन कर दोबारा बातचीत की जाती है।

▶▶ **गिरफ्तार होने पर जालसाज पुलिस को नहीं दे पाते गिरोह के अन्य लोगों के बारे में जानकारी**

### सोशल मीडिया पर भेजते हैं मोबाइल नंबर व खातों की डिटेल

साइबर क्राइम थाने की पुलिस के मुताबिक, साइबर जालसाजों का नेटवर्क सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ही सक्रिय रहता है। एक दूसरे से संपर्क करने के लिए सबसे सुरक्षित प्लेटफार्म टेलीग्राम का प्रयोग करते हैं। इसमें ठगी के तरीके हिसाब से ग्रुप बनाते हैं। ओटीपी से ठगी करने का अलग ग्रुप, फेसबुक, बिजली बिल न जमा होने पर कनेक्शन काटने का डर दिखाने वाले, एटीएम ब्लॉक करने जैसे ठगी के तरीके का अलग-अलग ग्रुप होता है। उनके काम के हिसाब से मोबाइल नंबर और खातों की जानकारी शेयर करते हैं। इसके बाद ठगी के रुपये ट्रांसफर कराने के बाद ग्रुप को बंद कर दिया जाता है। फिर दूसरा ग्रुप बना लिया जाता है।

### लक्ष्य पूरा करने के बाद 24 घंटे में देना होता है हिसाब

पुलिस के मुताबिक, कई मामलों की जांच की गई। जिसमें सामने आया कि गिरोह का सरगना सदस्यों को लक्ष्य देता है। जिसे एक दिन में पूरा करना पड़ता है। कितने की ठगी हुई? रकम कितने खातों में पहुंची है? इसे कहां भेजा गया है? इन सबका हिसाब भी सरगना को वर्चुअली ही देना होता है। मोटी रकम ठगी करने के मामले में कई खातों का प्रयोग किया जाता है। यह रकम तत्काल निकालने के लिए दूसरे सदस्यों को लगाया जाता है। जो अलग-अलग स्थानों से एटीएम के जरिए रकम निकालते है। जमा की गई रकम को सप्ताह में तय दिन को सरगना के बताए उसके निजी खातों में जमा या स्थान पर पहुंचाना होता है।

**हर काम का रेट तय :** साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि ठगी के इस काले कारोबार में हर मोहरे का काम तय है। उसके काम के हिसाब से दाम भी दिया जाता है। चाहे वह कॉल कर ठगी करने वाला हो या खाते से रकम निकालकर जमा करने वाला एजेंट। पुलिस के मुताबिक ठगी की रकम के हिसाब से सभी को 5 से 15 प्रतिशत का कमीशन दिया जाता है। वहीं, कुछ को माह के अंत में एक साथ रकम दी जाती है। ऐसे कम ही एजेंट होते हैं। ज्यादातर एजेंटों को काम खत्म होने के बाद उनको रकम बता दी जाती है। ताकि वह अपना हिस्सा निकालकर बची रकम सरगना को भेज दें।

# बच्ची से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

## बाजारखाला के हैदरगंज में हुई घटना, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** घर के बाहर खेल रही 5 वर्षीया बच्ची से पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। बच्ची ने चीखना शुरू किया तो आरोपी उसकी पिटाई कर भाग निकला। घटना सोमवार रात पौने 9 बजे के आसपास बाजारखाला के पुराना हैदरगंज इलाके में हुई। अस्त-व्यस्त कपड़ों में घर पहुंची बच्ची ने मां को घटना की जानकारी दी। परिजन आनन-फानन बाजारखाला कोतवाली पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई। मंगलवार दोपहर को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक बाजारखाला संतोष कुमार आर्य ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी पुराना हैदरगंज का रहने वाला मेराज उर्फ बबलू है। देर रात कोतवाली पहुंचे बच्ची के परिजनों ने उसके खिलाफ तहरीर दी। जिसमें आरोप था कि बच्ची के साथ उसने दुष्कर्म किया। तहरीर के मुताबिक एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की गई। गिरफ्तारी के डर से वह घर से भाग गया था।

### खून से सने थे बच्ची के कपड़े

5 वर्षीया बच्ची सोमवार रात घर के बाहर खेल रही थी। रात करीब 8.30 बजे पुत्री को तलाशते हुए मां घर से बाहर आई। काफी देर तलाशने के बाद भी वह नहीं मिली। पूछताछ करने पर पता चला कि मेराज उर्फ बबलू के साथ आखिरी बार बच्ची को देखा गया था। जानकारी मिलने पर परिवार वाले मेराज के घर जाने लगे। तभी बच्ची रोते हुए सामने से आती दिखी। उसके कपड़ो में खून लगा देख परिजन चीखने लगे। मां के पूछताछ करने पर बच्ची ने मेराज का नाम लेकर गलत काम करने की बात कही। मेराज की घिनौनी करतूत की सूचना मिलते ही वहां पर कई लोग जमा हो गए। आनन-फानन परिजन बच्ची को लेकर थाने पहुंचे। जहां पूरी जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मेराज को मंगलवार दोपहर अपट्रान तिराहे से दबोच लिया गया।

## एक नजर

### पारिवारिक कलह के चलते युवक ने की खुदकुशी

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी क्षेत्र में मंगलवार सुबह काकोरी के बेहटा गांव निवासी भूपेन्द्र यादव उर्फ लल्लन (26) ने पारिवारिक कलह से तंग आकर कमरे में पंखे के हुक में साड़ी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक भूपेन्द्र मौरंग मंडी में मजदूरी का काम करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी पायल यादव व एक बेटी (5) को छोड़ गया। बताया जा रहा है कि मृतक अपनी पत्नी पायल के रोज-रोज झगड़े से काफी परेशान था, जिसकी तंग होकर युवक ने जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को फंदे से नीचे उतारकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### बीमारी से तंग मजदूर ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह आश्रयहीन कालोनी में एक युवक ने अपनी बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उप निरीक्षक ललित कुमार के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब 5 बजे आश्रयहीन कालोनी, दुबग्गा निवासी मोनू तिवारी (28) ने बीमारी से तंग आकर कमरे में पंखे हुक में दुपट्टे के सहारे फंदा बनाकर जान दे दी। मृतक मजदूरी का काम करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी रोशनी सहित दो बेटी नैना (9) व सुनैना (7) को छोड़ गया। वहीं सूत्रों की मानें तो मृतक शराब पीने का आदी था। जिसकी वजह से घर में झगड़ा होता रहता था, जिसके चलते युवक ने आत्महत्या कर ली। जनपद हरदोई थाना अतरौली सिधौली गांव निवासी मृतक की मां सुनीता तिवारी ने घटना की सूचना दी थी।

### शिक्षिकाओं पर अभद्र टिप्पणी, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज इलाके के एक नामी कॉलेज के शिक्षक और शिक्षिकाओं के संबंध में अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई। इसकी जानकारी होते ही प्रधानाचार्य ने हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। हजरतगंज स्थित एक मिशनरी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर बनी आईडी रियलईईई रोस्टिंग से कॉलेज के शिक्षक और शिक्षिकाओं के बारे में अभद्र टिप्पणी पोस्ट की गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह टिप्पणी किसी शरारती तत्व द्वारा पोस्ट की गई है। कई लोगों ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी पोस्ट की। जिसके बाद आईडी बंद कर दी गई।

# गोमती व इंदिरा नहर में नहाने गए दो लोगों की डूबने से मौत

## अधेड़ ने गोमती में कूदकर दी जान, दो घंटे बाद मिला शव



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज पीपे वाले पुल के पास नहा रहे बाबू (14) की डूबने से मौत हो गई। दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। चीख-पुकार पर पहुंचे गोताखोरों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। वहीं गोसाईंगंज स्थित इंदिरा नहर में दोस्तों के साथ नहा रहे यूसुफ (18) की डूबकर मौत हो गई। उधर गोमतीनगर रिवर फ्रंट पर ओमप्रकाश (47) ने कूदकर जान दे दी।

मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी गौतम विश्वास मछली का व्यापार करते हैं। गौतम के मुताबिक, बेटा बाबू बाबा ठाकुरदास स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र था। मंगलवार सुबह अपने दोस्तों के साथ घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था। पीपे वाले पुल के पास नहाते समय पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया। बेटे को डूबता देख दोस्तों ने चीख पुकार मचाई। गोताखोरों ने उसे नदी से बाहर निकाला, पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार में मां और बहन हैं। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज विकास राय के मुताबिक, नदी के किनारे छात्र के कपड़े मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

वहीं गोसाईगंज के इंदिरा नहर में सोमवार शाम को दोस्तों के साथ नहाते समय मोटर मैकेनिक युसुफ (18) की मौत हो गई। कैंट के शारदा नगर निवासी युसूफ सोमवार शाम को अपने दोस्त आर्यन, आसिफ, रोहन और आर्यन कुमार के साथ गोसाईंगंज के भटपुरवा गांव के पास इंदिरा नहर में नहाने गए थे। नहाते समय युसूफ पानी में डूब गया। मंगलवार को एनडीआरएफ टीम ने युसूफ का शव खोजकर बाहर निकाला। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

वहीं नाका के दुर्विजय गंज निवासी ओमप्रकाश (47) ने गोमतीनगर रिवर फ्रंट पुल से छलांग लगा दी। गोताखोरों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें खोजकर बाहर निकाला। पर तब तक उनकी मौत हो चुकी था। परिजन के मुताबिक, वह बीमारी से परेशान चल रहे थे।

### मां ने पढ़ाई के लिए फटकारा तो छात्रा नदी में कूदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मां ने पढ़ाई के लिए 13 वर्षीय छात्रा को फटकार लगाई। मां की फटकार से नाराज होकर छात्रा ने गोमती रिवर फ्रंट पर पुल से नदी में छलांग लगा दी। उसे कूदता देख पास में मौजूद मछुआरों ने नदी में उतरकर छात्रा को बचा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

गोमतीनगर के जुगौली में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी 8वीं की छात्रा है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार सुबह किशोरी को पढ़ाई करने के लिए उसकी मां ने फटकार लगाई थी। इस बात से वह नाराज हो गई थी और परिजनों को बिना बताए घर से निकल गई थी। दोपहर को वह गोमती रिवर फ्रंट पहुंची और काफी देर तक घूमती रही। कुछ देर बाद उसने अचानक गोमती में छलांग लगा दी। इस बीच नदी में मछली पकड़ रहे जुगाली निवासी राम शंकर निषाद व उनके भाई छात्रा को डूबते देख वहां पहुंचे और उसे नदी के बाहर निकाल कर लाये। राम शंकर की सूचना पर पहुंची गोमतीनगर पुलिस ने छात्रा को सिविल अस्पताल पहुंचाया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पांडेय के मुताबिक, छात्रा की हालात ठीक है। मामले में परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।



शोक

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर एक दिन के राष्ट्रीय शोक के एलान के बाद विधानभवन पर झुका तिरंगा।

# हुसैनाबाद पीएचसी में महिला स्टाफ को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हुसैनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में तैनात महिला स्टाफ ने डॉक्टर और एएनएम पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पूर्व में भी उसके साथ मारपीट और अभद्रता की गई थी।

पीड़िता की शिकायत पर जांच के लिए सीएमओ कार्यालय से टीम पहुंची तो डॉक्टर व एएनएम फरार हो गये। टीम ने पीड़िता के बयान दर्ज किये हैं। पिछले दिनों हुसैनाबाद पीएचसी में तैनात डॉक्टर पर इलाज बहाने महिला मरीजों से गलत हरकत किए जाने का आरोप लगा था। इस मामले का वीडियो भी वायरल हुआ था। मामले की जांच में अभी तक डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। मंगलवार सुबह चतुर्थ श्रेणी महिला स्टाफ ड्यूटी पर पहुंची थी। आरोप है डॉक्टर व एएनएम ने मिलकर महिला स्टाफ पर वीडियो वायरल करने का आरोप लगाते हुए पिटाई शुरू कर दी। इससे पीएचसी पर इलाज बाधित हो गया। वहीं इससे पहले भी पीएचसी पर तैनात फार्मासिस्ट ने महिला स्टाफ से मारपीट की थी। अधिकारी कार्रवाई की बजाय मामले को दबा गये। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

▶▶ **शिकायत पर जांच करने पहुंचे तो डॉक्टर व एएनएम हुए फरार**

### मोदी व योगी पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज पुलिस ने मंगलवार को तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों ने प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी व पूर्व मुख्यमंत्री के बारे में सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट में अपशब्दों का प्रयोग किया था। पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया था। इसी आधार पर पुलिस ने गिरफ्तारी की है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को अमेठी कस्बा निवासी मनोज यादव को गिरफ्तार किया गया। उसने अपने फेसबुक आईडी से एक पोस्ट अपलोड की थी, जिसमें मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री के संबंध में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संबंध में सोशल मीडिया पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने वाले दो अन्य युवकों को गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर के मुताबिक, पकड़े गए आरोपी धौरहरा निवासी महेंद्र कश्यप और हिमांशु हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पति पर हत्या का आरोप

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** रहीमाबाद के गुलालखेड़ा में अर्चना (25) की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिता ने पति समेत ससुराल के छह लोगों पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



अर्चना

उन्नाव के हसनगंज स्थित मुन्नीखेड़ा निवासी होमगार्ड रामबिहारी की पुत्री अर्चना देवी का विवाह दो वर्ष पूर्व 2 मई 2023 को रहीमाबाद गुलालखेड़ा निवासी रवि के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ससुरालीजन उसे आयेदिन दहेज में कम नकदी लाने के चलते प्रताड़ित कर मारते-पीटते थे। जिसकी कई बार शिकायत रहीमाबाद थाने पर की गयी थी। जिसके बाद 24 मार्च 2024 को रामबिहारी अपनी पुत्री अर्चना को अपने घर ले आये थे। लोगों के काफी समझाने के बाद रवि अपनी पत्नी अर्चना को 22 अप्रैल 2024 को ले आया था। पिता ने आरोप लगाया है कि उसे रिश्तेदारों से 20 मई सोमवार को सूचना मिली अर्चना की मौत बीमारी के चलते 3 बजे हो गयी है। मृतका के पिता ने पति रवि, ससुर राकेश, सास, रवि के दो मामा व रवि के मौसी के लड़के पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाकर पीटकर मारे जाने का आरोप लगाया है। एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

▶▶ **रहीमाबाद के गुलाल खेड़ा गांव में हुई घटना**

# ई-रिक्शा की बैट्री कर रहे थे चोरी, राहगीरों ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीजीआई के वृंदावन सेक्टर-5 में मंगलवार तड़के दो युवक ई-रिक्शा की बैट्री चोरी कर रहे थे। इसी बीच एक महिला की नींद खुली। उसने दोनों की हरकतें देख शोर मचाना शुरू किया। आवाज सुनकर दोनों भागने लगे। शोर-शराबे में युवकों को भागते हुए देख राहगीरों ने दौड़ाकर दोनों को दबोच लिया और पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने लेकर गई। जहां पूछताछ में चोरी की दो बैट्रियां बरामद हुई हैं।

सेक्टर-5 में बाबू लाल परिवार सहित रहते हैं। बाबू लाल ने बताया कि मंगलवार सुबह पत्नी प्रेमा ने खटपट की आवाज सुनकर उसे जगाया। जिसके बाद चोरों को पकड़ने के लिए उन्होंने शोर मचा दिया। हल्ला होने पर मार्निंग वॉक कर रहे राहगीरों ने चोरों को पकड़ लिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि चोरों की पहचान सेक्टर-7 निवासी सुमित उर्फ भोला और बसंत कुमार के तौर पर हुई है। उनकी निशानदेही पर सेक्टर-6 स्थित एक स्कूल के पास से पूर्व में चोरी की गई दो बैट्रियां बरामद हुई हैं। सुमित और बसंत ने दो दिन पूर्व भी सेक्टर-5 में एक बाइक चोरी की थी।

▶▶ **वृंदावन सेक्टर-5 का मामला, कई अन्य चोरियों का खुलासा**

### शराबी पति ने पीटा, गला घोंटने का किया प्रयास

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद के बेलवार खेड़ा गांव की आभा ने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि शराब के नशे में धुत होकर पति ने उसकी पिटाई की। विरोध करने पर गला घोंटकर मारने का प्रयास किया। किसी तरह बची तो उसने हाथ तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उन्नाव के थाना असोहा स्थित नेवादा निवासिनी आभा का विवाह 25 अक्टूबर 2023 को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवार खेड़ा निवासी रामजीत के साथ हुआ था। विवाह के बाद से शराब के नशे में आयेदिन रामजीत अपनी पत्नी की पिटाई करता रहा। 17 मई की सुबह 7 बजे फिर रामजीत ने आभा की बेरहमी से पिटाई की और साड़ी से गला घोंटकर जान से मारने का प्रयास किया।

# तीन दिन से लापता युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीजीआई इलाके के शीतलखेड़ा गांव में खाली प्लॉट में मंगलवार सुबह सुनील कुमार राजपूत (30) का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि वह शनिवार से लापता था। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस के मुताबिक, सुनील की जेब से सिरिंज मिली है। वह नशे का आदी था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भाई विजय ने बताया कि सुनील शनिवार को पड़ोसी अर्जुन और राहुल के साथ काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक वापस नहीं आया। घरवालों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। दो दिन तलाश करने के बाद सोमवार को पीजीआई थाने में तहरीर दी। भाई ने बताया कि सुनील नशा करता था। इसकी जानकारी हमें नहीं है। उसने हत्या की आशंका जाहिर की है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश तिवारी ने बताया कि दोनों आरोपी युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि अब तक की पूछताछ में कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं।

▶▶ **खाली प्लॉट में मिला शव, नशे का था आदी, जेब से मिली सिरिंज**

# बाइक सवार को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार:** मलिहाबाद के महमूदनगर के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मेवालाल (55) की मौके पर ही मौत हो गई। शिक्षक के पुत्र ने वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।



मेवालाल

पुलिस के मुताबिक, हादसे के समय शिक्षक ने हेलमेट नहीं लगाया था। नेजाभारी निवासी मेवालाल कसमंडी गांव में एक निजी स्कूल में शिक्षक थे। पुत्र पंकज कुमार के मुताबिक, पिता रविवार सुबह गौरी गांव में रिश्तेदार के घर जाने के लिए बाइक लेकर घर से निकले थे। महमूदनगर में उन्होंने बाइक में पेट्रोल भराया। वह पेट्रोलपंप से निकलकर काका ढाबा के सामने सड़क पार कर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे बेकाबू अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पिता के सिर पर गहरी चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर भाग निकला।

▶▶ **मलिहाबाद के महमूदनगर के पास हुआ हादसा**

**दहशत** — तेंदुए की तलाश में वन विभाग के साथ पुलिस टीम क्षेत्र में कर रही कॉम्बिंग, लगाया गया पिंजरा

# मलिहाबाद में तेंदुए की दस्तक या फिर से उड़ी अफवाह

फहीम उल्ला खां, लखनऊ

**अमृत विचार :** मलिहाबाद रेंज में तेंदुए की चहल-कदमी का वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में दहशत है। तेंदुए की तलाश में वन विभाग के साथ स्थानीय पुलिस टीम क्षेत्र में कॉम्बिंग कर रही है। लेकिन वन विभाग के पास तेंदुए की मौजूदगी का कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं है। फिलहाल, तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने एक पिंजरा लगाया है। शनिवार को रहीमाबाद के मवई कला में तेंदुए की चहलकदमी करते एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इससे पहले भी तेंदुए की दस्तक से ग्रामीण खौफजदा हो चुके हैं। लेकिन हर बार पड़ताल में केवल अफवाह ही सामने आई।

मलिहाबाद रेंजर आलोक तिवारी के मुताबिक, गांव में तेदुएं की दहशत को लेकर वन विभाग की छह सदस्यीय टीम तैयार की गई है। तेंदुए को पकड़ने के लिए लखनऊ-उन्नाव के सीमावर्ती कुठली गांव में कैमरे के साथ एक पिंजरा लगाया गया है। कैमरे से मॉनिटरिंग की जा रही है। लखनऊ रेंज की रेंजर सोमन दीक्षित ने बताया कि वायरल हो रहा वीडियो उन्नाव जनपद का बताया जा रहा है। वीडियो के आधार पर कयास लगाया जा रहा है कि तेंदुआ शावक है। हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि यह वीडियो नया है या फिर पुराना।



मलिहाबाद रेंज में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा। अमृत विचार

### कभी हकीकत कभी अफवाहों में तेंदुआ

| वर्ष | माह | रेंज |
|---|---|---|
| 2021 | दिसम्बर | मलिहाबाद |
| 2021 | दिसम्बर | इंदिरानगर में तेंदुए देखे जाने की अफवाह |
| 2022 | फरवरी | रहीमाबाद में तेंदुए का हमला |
| 2023 | जनवरी | माल में गाय पर तेंदुए का हमला |
| 2023 | अप्रैल | काकोरी में तेंदुए की अफवाह |
| 2023 | जुलाई | कुकरैल पिकनिक स्पॉट पर तेंदुए देखे जाने की अफवाह |
| 2024 | अप्रैल | सरोजनीनगर के गौरी और नई बस्ती में तेंदुए की अफवाह |

### वायरल वीडियो की नहीं हो सकी पुष्टि

17 मई को मलिहाबाद रेंज के रहीमाबाद मवई कला गांव में तेंदुए की चहल-कदमी करते एक वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद सोमवार शाम पांच बजे नत्थू खेड़ा और तेरवा गांव में आम के बाग में तेंदुआ को चहल कदमी का वीडियो फिर से वायरल हुआ। लेकिन वन-विभाग को तेंदुए के कोई भी पगचिन्ह नहीं मिले। वन विभाग की तरफ से वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि भी नहीं की गई है। प्रथमदृष्टया वन विभाग इसे अफवाह मान रहा है।

# 150 संपत्तियों पर हो रही राजस्व चोरी पकड़ी

## किरायानामा में स्टाम्प कम तो बिना रजिस्ट्री के वर्षों से काबिज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** निबंधन विभाग ने किराये पर दी गईं 150 सरकारी व निजी संपत्तियां चिह्नित कर करोड़ों रुपये की राजस्व चोरी पकड़ी है। जहां एक वर्ष के किरायानामा पर कम शुल्क के स्टाम्प तो कहीं एक वर्ष से अधिक समय पर दी गई संपत्तियों की रजिस्ट्री नहीं कराई गई है। इन पर स्टाम्प वाद दर्ज कर ब्याज समेत अर्थदंड वसूला जाएगा।

शासन के निर्देश पर जिले में रजिस्ट्रारों की टीम बनाकर किरायानामा की जांच कराई गई। इसमें किराये पर दी गई दुकानें, हॉल, शोरूम आदि बड़े प्रतिष्ठानों में किरायानामा पर लगे स्टाम्प निर्धारित शुल्क से कम के मिले। एक वर्ष से अधिक किराये पर दी गई ज्यादातर संपत्तियों के किरायानामा की रजिस्ट्री तक नहीं कराई गई। जो एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए अनिवार्य है। इस तरह से 150 संपत्तियां विभाग ने चिह्नित की हैं, जहां, किरायानामा के नाम पर करोड़ों रुपये की राजस्व चोरी की गई है। इनका निबंधन विभाग से परीक्षण तक नहीं कराया गया है। सहायक महानिरीक्षक (निबंधन) एसके त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे किरायानामा जब्त कर कलेक्टर स्टाम्प के यहां वाद दर्ज कराएंगे।

### ये हैं किरायानामा के नियम

किरायानामा पर निर्धारित स्टाम्प लगाना, एक वर्ष से अधिक किराये पर किरायानामा की रजिस्ट्री अनिवार्य, किरायानामा में औसत वार्षिक किराये पर आमी मालियत पर 4 प्रतिशत का स्टाम्प एवं 1 प्रतिशत शुल्क देय, किरायानामा की अवधि 30 वर्ष से अधिक होने पर बैनामा के समान स्टाम्प, स्टाम्प शुल्क कम अदा करने पर वाद दायर कर ब्याज समेत अर्थदंड, अर्थदंड कम स्टाम्प का चार गुना, निस्पादन तिथि से 8 वर्ष तक किरायानामा पर स्टाम्प कमी की वसूली की जाती है।

## ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला 1 जून से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में पहली जून से 20 जून तक ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि इस कार्यशाला के लिए प्रशिक्षणार्थी और प्रशिक्षक दोनों ही आवेदन कर सकते हैं।

प्रतिभागियों के लिए इस कार्यशाला में दो वर्ग होंगे 10 से 17 वर्ष और 18 से 25 वर्ष। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षक के लिए आवेदन के लिए एमवीए की डिग्री के साथ ही दो वर्ष का शैक्षणिक अनुभव होना चाहिए। प्रथम आगत प्रथम स्वागत के आधार पर 21 मई से 30 मई तक आकादमी कार्यालय में आवेदन प्राप्त और जमा किये जा सकते हैं। इसे अकादमी की वेबसाईट www.fineartakademi.com से डाउनलोड कर slka_upyahoo.com पर भेजा जा सकता है।

# लविवि : आज से शुरू होंगी बीए की परीक्षाएं

## विश्वविद्यालय ने घोषित की परीक्षा तिथि, एक ही पाली में आयोजित की जाएंगी परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय बीए (नॉन नेप) की परीक्षाएं बुधवार से शुरू कराने जा रहा है। इसको लेकर परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाओं के आंकलन कर लिये गए हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि जरूरी निर्देशों के बीच सीसीटीवी फुटेज को लेकर परीक्षा नियंत्रकों को खास आगाह किया गया है।

प्रथम पॉली में आयोजित होने वाली परीक्षा 11:30 बजे से शुरू होगी। उर्दू विषय में प्रथम पेपर बुधवार और द्वितीय पेपर गुरुवार को होंगे। इसके बाद दो दिन अरब कल्चर की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। 30 मई को एजुकेशन का पेपर होगा। फिर अर्थशास्त्र,



▸▸ सीसीटीवी फुटेज को लेकर परीक्षा नियंत्रकों को किया गया आगाह

समाजशास्त्र सहित अन्य परीक्षाओं के आयोजन होंगे। परीक्षाओं का क्रम 3, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 14, 15 जून तक रहेगा।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि सभी परीक्षा केंद्र नियंत्रकों को परीक्षा संबंधी निर्देश जारी किये गए हैं। कहा गया है कि परीक्षा कक्ष और उसके बाहर की निगरानी उड़न दस्तों के साथ सीसीटीवी से भी कराई जाए।

### इन परीक्षा केंद्रों पर होंगे आयोजन

परीक्षा केंद्रों में श्रीबालाजी महाविद्यालय हरदोई, स्वामी ब्रम्हानंद महाविद्यालय शाहाबाद हरदोई, एससी बोस महाविद्यालय गौसगंज, श्रीराम पाल महाविद्यालय हरदोई, न्यू आदिल महाविद्यालय हरदोई, पीआरबी कृषि महाविद्यालय गौसगंज, सीएच बेचेलाल महाविद्यालय लखीमपुर, दयानंद बछरावा महाविद्यालय रायबरेली, सीतापुर शिक्षा संस्थान सहित जनपदों के अन्य महाविद्यालय शामिल किये गए हैं।

**एमबीए परीक्षा 15 जून से :** एमबीए पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा 15 जून से आयोजित की जा रही हैं। इसी के साथ बीबीए से जुड़ी रीटेल मैनेजमेंट की परीक्षाओं के भी आयोजन होंगे।

**एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नालॉजी परीक्षा 31 से :** 31 मई से एमएससी फूड प्रोसेसिंग एण्ड फूड टेक्नालॉजी परीक्षा की शुरूआत 31 मई से होगी। इसके बाद द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 5, 7, 12, 15 जून को आयोजित होंगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 6, 11 और 14 जून को होंगी।

### पुनर्वास विवि में शोध और मूल्यांकन का खाका तैयार

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र, इतिहास और राजनीति शास्त्र विभाग से जुड़ी योजनाओं को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। पुनर्वास विवि में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय सिंह ने की। अर्थशास्त्र विभाग की ओर से शैक्षणिक, शोध एवं मूल्यांकन का प्रस्तुतिकरण हुआ। ऐच्छिक-आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) पाठ्यक्रम के आधार पर प्रिंसिपल्स ऑफ इकोनोमिक्स प्रश्नपत्र को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनामिका चौधरी, डॉ. राशि कृष्ण सिन्हा, डॉ. अभिषेक पाण्डेय, डॉ. अंजलि सिंह और डॉ. नरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

**कमजोर दिव्यांग छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं :** रोजगार को बढ़ाने के लिए औद्योगिक लिंकेज प्रस्तुत हुआ। एक, तीन और पांच वर्ष का रोड मैप प्रस्तुत किया गया। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नेट/जेआरएफ की कक्षाओं के साथ-साथ कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जाए।

## तीमारदारों को बांटी गईं पानी की बोतलें

**अमृत विचार, लखनऊ :** इस तपती गर्मी में किसी भी व्यक्ति की प्यास बुझाना नेक काम होता है और यही नेक काम रवि चावला सेवा केंद्र पिछले एक महीने से कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को रवि चावला सेवा केंद्र द्वारा ट्रामा सेंटर के बाहर उपस्थित तीमारदारों को पानी की बोतलें बांटी गई। गौरतलब है कि रवि चावला सेवा केंद्र द्वारा एक माह से 'पानी के दानी' बने कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अस्पतालों में मरीजों तथा उनके परिजनों को गर्मी से राहत देने के लिए ठंडे पानी की बोतल व बिस्कुट आदि निशुल्क बांटा जा रहा है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51245217 | Superior Quality Mild Steel (M.S.) 12 Locker Rack with powder coating paint. Size-1800mm x 1800mm x 600mm, Sheet thickness - 18 gauge, Depth-600mm. Detailed description as per Drawing attached. NOTE- MS Sheet should conform to commercial CR-1 Grade-340 of IS: 513-2008 (Reaffirmed 2013, Fifth Rev.) Amendment No.01 or latest. | 92 Nos | 20.06.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
टेंडर नोटिस संख्या : 51245217 दिनांक : 18.05.2024 1518/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा नोटिस**
निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 140-Dy.CEE-C-LKO-2024-25 IREPS की वेबसाइट यानी http://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 13.06.2024 समय (11:30 Hrs) दो पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT. संख्या | 140-Dy.CEE-C-LKO-2024-25 दिनांक 18.05.2024 |
| निविदा संख्या | 140-Dy.CEE-C-LKO-2024-25 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के रिमोडेलिंग कार्य के संबंध में मौजूदा ओएचई के संशोधन सहित 50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य | रु. 13,08,13,846.28 (तेरह करोड़ आठ लाख तेरह हजार आठ सौ छियालीस रूपये और अट्ठाईस पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा/ अग्रिम राशि (EMD) | रु. 8,04,100/– (आठ लाख चार हजार एक सौ रूपये मात्र) |
| समापन की अवधि | 09 (नौ) माह. |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन. |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 21.05.2024 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है | 30.05.2024 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 13.06.2024 (11:30 Hrs.) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

ध्यान दें : 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"
टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
No. 140-Dy.CEE-C-LKO-2023-24 दिनांक 18.05.2024 1517/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## प्रख्यात संगीतज्ञ मीरा माथुर का निधन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भातखंडे संगीत विद्यापीठ की रजिस्ट्रार और प्रख्यात संगीतज्ञ मीरा माथुर (74) का मंगलवार को लखनऊ के न्यू हैदराबाद स्थित आवास पर निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थीं। उनकी संगीत साधना के मद्देनजर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2011 में उन्हें कला उन्नयन सम्मान से अलंकृत किया था।

मुरादाबाद में 16 अप्रैल 1950 को जन्मी मीरा माथुर ने एम म्यूज के अलावा कम्प्यूटर साइंस में एमएससी और एलएलबी की डिग्रियां हासिल की थीं। उन्होंने संगीत की शिक्षा उस्ताद शराफत हुसैन खां, पं. जगदीश मोहन, सुजीत देवघरिया और प्रोसेनजीत देवघरिया से हासिल की।

मीरा ने बंदिशों की धरोहर, फोक डांसेज ऑफ़ इंडिया, संगीत शास्त्र परामर्श, कथक, संगीत और



मीरा माथुर

▸▸ वर्ष 2011 में मीरा को कला उन्नयन सम्मान से किया गया था अलंकृत

कम्प्यूटर साइंस पर 13 पुस्तकें लिखीं। उनकी लिखी पुस्तकों की विदेशों में खूब डिमांड है। उन्होंने लर्न कथक डांस, थ्योरी ऑफ़ भरतनाट्यम आदि के छह सॉफ्टवेयर भी विकसित किये। बाजार में उनकी सात सीडी मौजूद हैं। हंसध्वनी के नाम से वह एक यूट्यूब चैनल भी चलाती थीं। इस चैनल पर दुनिया भर के कलाकारों की वार्ताएं और कार्यक्रम प्रसारित होते रहते थे। देश -विदेश में हुए अनेक संगीत समारोहों में उन्होंने अपनी गायन कला का शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें वामा सम्मान, सहयोग रत्न अवार्ड, स्वरश्री सम्मान और संगीत कला निधि सम्मान हासिल हुए।

## जगत सिंह बने देवभूमि सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तराखंड समाज की संस्था देवभूमि सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के चुनाव में जगत सिंह राणा अध्यक्ष और भरत सिंह बिष्ट मुख्य संयोजक चुने गए। संस्था के चुनाव के लिए आम बैठक मंगलवार को संस्था के मुख्यालय कंचना बिहारी मार्ग, कल्याणपुर स्थित भारती काम्पलेक्स में संयोजक मधन सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। चुनाव में संजय बिष्ट को कोषाध्यक्ष, लाल सिंह बिष्ट प्रचार सचिव निर्वाचित हुए।

देवभूमि सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष जगत सिंह राणा ने संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। उनके निर्वाचन पर पूरन सिंह अधिकारी, मोहन पंत,



संस्था के चुनाव के लिए आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्य। अमृत विचार

▸▸ भरत सिंह बिष्ट चुने गए मुख्य संयोजक

पूरन सिंह जीना, विजय कुमार सिंह बिष्ट, मदन मोहन पाण्डेय, बालम सिंह रावत, किशन सिंह रावत ने भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया।

उत्तराखण्ड समाज की शीर्ष संस्था उत्तराखण्ड महापरिषद कुर्मांचल नगर के अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत, संयोजक दीवान सिंह अधिकारी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत ने कुर्मांचल नगर में विजयी प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत किया।



महिला शिक्षक संघ की बैठक करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या। अमृत विचार

## बूढ़े बाबा का पांच दिवसीय उर्स 29 से तैयारियां पूरी

**अमृत विचार, बाराबंकी :** कस्बे में स्थित सैयद सालार साहू गाजी बूढ़े बाबा का पांच दिवसीय वार्षिक मेला 29 मई से शुरू होगा। कमेटी ने बिजली, पानी, साफ सफाई, जायरीन के ठहरने सहित अन्य तैयारियां पूरी कर ली है। बूढ़े बाबा की याद में प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह में बड़े मंगल के बाद उनकी दरगाह पर पांच दिवसीय मेला लगता है। जिसमें विविध रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

इस मौके पर उनकी दरगाह को बिजली की रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया जाता है। लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, रायबरेली हरदोई, श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा के अलावा जिले से भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस, पीएसी, के अतिरिक्त अग्नि शमनदल तैनात किया जाता है।

## भक्ति ही दिलाती कष्टों से मुक्ति : वनमाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधारमण बिहारी मंदिर (इस्कान) में मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्यामदास ने तीन दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया है। कथा के दूसरे दिन मंगलवार को राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आये भक्तों ने वनमाली स्वामी से श्रीमद्भागवत कथा सुनी।

कथा में भक्ति वनमाली स्वामी ने बताया कि हरित मुनि और लीलावती माता ने 21 युगों तक तपस्या की। जिससे प्रसन्न होकर नरसिंह देव ने उन्हें दर्शन दिया और वर मांगने को कहा। हरित मुनि और लीलावती माता ने कहा कि प्रभु हमें आप जैसी संतान चाहिए। इस पर नरसिंह देव ने कहा कि मेरे जैसा तो कोई और



इस्कान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते वनमाली स्वामी। अमृत विचार

▸▸ इस्कान मंदिर के अध्यक्ष ने तीन दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का किया आयोजन

हो नहीं सकता इसलिए मुझे ही आपकी सन्तान बनकर आना होगा। इसके बाद वह उनके यहां उनकी सन्तान बनकर प्रकट हुए।

उन्होंने कहा कि पद्म पुराण में वर्णन मिलता है कि जब भक्तों पर कष्ट आते हैं तब भगवान हमेशा उनकी रक्षा के लिए प्रकट होते हैं। प्रहलाद के संकट के समय प्रार्थना करने पर खंभे से प्रकट होकर हिरणाकश्यपु जैसे अधर्मी राजा का वध करते हुए उसे मोक्ष प्रदान किया और धर्म की स्थापना की।

प्रवेश प्रारम्भ
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**
**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## टेलीफोनिक माध्यम से दूर होंगी शिक्षिकाओं की समस्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षिकाओं की समस्याएं टेलीफोनिक माध्यम से दूर की जाएगी। इस संबंध महिला शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यालय गोमती नगर में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या ने कहा कि शिक्षिकाओं की वास्तविक समस्याओं को टेलीफोनिक अभियान के माध्यम से हल कराया जायेगा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहिनी त्रिपाठी, वरिष्ठ संगठन

▸▸ महिला शिक्षक संघ ने आयोजित की प्रंतीय बैठक

मंत्री इंदु श्रीवास्तव ने निर्धारित प्रांतीय बैठक का मुख्य एजेंडा भी प्रस्तुत किया। बैठक में इस बात पर सहमति बनी की टेलीफोनिक माध्यम से "डोर-टू-डोर" अभियान चलाया जाये और प्रत्येक शिक्षिका से संपर्क किया जाये।

इस बैठक में प्रदेश मंत्री अनुपम रावत, प्रदेश वरिष्ठ संगठन मंत्री इंदू श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति सिंह, अलका गौतम, प्रदेश मंत्री साधना सिंह, सुनीता यादव प्रदेश, मीडिया प्रभारी मिनी ओहरी, शहनाज परवीन, प्रीति सिंह एवं राधा प्रजापति आदि उपस्थित हुए।

## पुरानी बसों का कायाकल्प करा रहा रोडवेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कायाकल्प के कार्य में लगाए गए 9 हजार तकनीकी कर्मचारी

**अमृत विचार :** राज्य सड़क परिवहन निगम अपनी पुरानी बसों का कायाकल्प करा रहा है। बसों की डेंटिंग-पेंटिंग के साथ बाडी और सीटों की मरम्मत कराई जा रही है। निगम के 9 हजार तकनीकी कर्मचारी कायाकल्प के कार्य में लगाए गए हैं।

परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि यात्रा के दौरान असुविधा होने पर यात्री वाट्सएप नंबर 9415049606 पर शिकायत कर सकेंगे। यात्रियों की शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जायेगी।

बस की बॉडी संबंधी शिकायत पर सीनियर फोरमैन और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, सेवा प्रबंधक को सूचना देकर मरम्मत कराई जाएगी। अप्रैल में डिपो वर्कशॉप में 268 बसों और क्षेत्रीय कार्यशाला में 86 बसों में मेजर ओवरऑलिंग का कार्य किया गया था। इसके बाद मई में डिपो वर्कशाप में 218 लघु कायाकल्प कार्य व 77 बसों में क्षेत्रीय कार्यशाला में मेजर रिपेयरिंग हुई। पुरानी बसों की हालत में सुधार होने से यात्रियों का सफर आसान होने के साथ नई बसों पर होने वाला खर्च भी बचेगा।

## ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर दुःख जताया

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी, विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन व अन्य लोगों के हेलिकॉप्टर दुर्घटना में निधन पर दुःख व्यक्त किया। महासचिव हसन मेंहदी (झब्बू) ने कहा कि इस शोक की घड़ी में हम ईरान की जनता के साथ हैं। दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की ईरान से अपील भी की गई। शोक संदेश ईरानी दूतावास नई दिल्ली को भेजने का प्रस्ताव भी पास किया गया।

श्रीराम कथा | कथा व्यवस्थापक कृष्णा नंद महाराज ने शिव बरात व शिव–पार्वती विवाह की झांकियों का किया सुंदर मंचन

# शिव विवाह की कथा सुनकर लोग हुए भाव विभोर

संवाददाता, मोहनलालगंज

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज स्थित श्री कालेवीर बाबा मन्दिर सेवादार समिति व श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास मारुति नन्दन महाराज ने सती द्वारा दक्ष के यज्ञ में अपने आप को योग अग्नि द्वारा भस्म किए जाने व शिव विवाह का बड़े ही रोचक ढंग से वर्णन किया। मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल शुक्ला उपस्थित रहे।

कथा व्यास मारुति नन्दन महाराज ने कहा कि भगवान राम की परीक्षा लेने के लिए माता सती ने



श्रीराम कथा सुनाते कथा वाचक मारुति नन्दन महाराज। अमृत विचार

सीता का रूप धारण किया और इस बात को भोलेनाथ ने जब जाना तो उन्हें बड़ा दुख हुआ और सोचा कि यदि मैं अब सती से प्रेम करता हूं तो यह भक्ति मार्ग तथा धर्म के विरुद्ध होगा। अतः सती का त्याग करना ही उचित होगा और महादेव ने माता सती का त्याग कर दिया, जिसे बाबा तुलसी ने इस प्रकार वर्णित किया है -एहिं तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं। सिव संकल्पु कीन्ह मन माहीं।

भोलेनाथ द्वारा समाधि लगाना तथा समाधि खुलने के बाद माता सती द्वारा अपने पिता दक्ष के यज्ञ में जाने, पिता दक्ष द्वारा भोलेनाथ को बुरा भला कहे जाने से नाराज माता सती द्वारा दक्ष यज्ञ में अपने शरीर को भस्म किये जाने और उसके बाद दक्ष यज्ञ को शिव गणों द्वारा विध्वंस किए जाने की कथा का वर्णन कथा व्यास द्वारा किया गया।

कथा व्यास ने माता सती का राजा हिमांचल के घर पार्वती के रूप में जन्म लिए जाने तथा उसके बाद माता पार्वती और शिव विवाह की कथा का वर्णन बड़े ही रोचक ढंग से किया, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित सभी लोग भाव-विभोर हो गये। संगीतकार यज्ञ शरण मिश्रा, रितेश मिश्रा और हर्ष द्विवेदी द्वारा विभिन्न भजनों को गाकर भक्तजनों को आनंदित किया गया।

कथा व्यवस्थापक कृष्णा नंद महाराज ने शिव बारात एवं शिव-पार्वती विवाह की झांकियों का सुंदर मंचन किया। कथा में समिति के अध्यक्ष हरि गोविन्द मिश्र, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र उर्फ गोपाल शुक्ला, प्रबन्धक देवेन्द्र पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचनाः ओटी–03–2024**
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर–II/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: ओटी–03–2024; कार्य का विवरणः** आनन्दनगर–घुघली नई लाइन परियोजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन नई लाइन के संरेखण के मध्य आ रहे 33 केवी के 11 अदद, 11 केवी के 45 अदद और 0.4 केवी के 90 अदद यूपीपीसीएल ओवरहेड पावर लाइन क्रॉसिंगों का भूमिगत केबलों द्वारा संशोधन का कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹4,99,68,789.98; **बयाना राशिः** ₹3,99,900/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ निल ; **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह; **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः** 14.06.2024 को 15:00 बजे। **नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर–II/निर्माण
मुजाधि/विद्युत–38 गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

प्रवेश प्रारम्भ
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**
**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलाजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### बैटरी में विस्फोट से महिला गंभीर रूप से घायल

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** सोलर पैनल से चार्ज हो रही बैटरी में दूसरी बैटरी चार्जिंग लगाने के दौरान विस्फोट हो गया जिसमें एक महिला घायल हो गई। बबुरिहा मजरे जैनाबाद गांव निवासी सुमन देवी उम्र लगभग 25 वर्ष पत्नी अवधेश कुमार मंगलवार की शाम सोलर पैनल से चार्जिंग के लिए बैटरी लगा रही थी। इसी दौरान पहले से लगी एक बैटरी में विस्फोट हो गया।

### नहर की पटरी खोदवा कर पाट दिया प्लॉट

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार :** देवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव के ग्राम प्रधान ने अपने प्लाट पर मिट्टी पटवाने को लेकर नहर की पटरी को जेसीबी से खुदवा डाला। गश्त करने निकले सींचपाल ने नहर की पटरी खुदी देखा तो इस संबंध में उसने देवा कोतवाली में ग्राम प्रधान खिलाफ तहरीर दी जिस पर देवा पुलिस ने ग्राम प्रधान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### चोरी से बेच डाला 150 क्विंटल चावल

**अमृत विचार, बाराबंकी :** पहले चौकीदारी कर चुके तीन लोगों ने ग्राम रसूलपनाह इंडस्ट्रियल एरिया में पूनम राईस मिल से लगभग 150 क्विंटल चावल चोरी कर लिया। पीड़ित राम मोहन शुक्ला के प्रार्थना-पत्र में पुलिस ने राजू शुक्ला उर्फ शिवशंकर शुक्ला निवासी लखीमपुर खीरी, नसीर पुत्र अज्ञात व आसमां पत्नी नसीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# प्रेमी गोमती में कूदा, फंदे से लटकी मिली प्रेमिका

## जियामऊ की घटना, युवती के भाई ने की जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गौतमपल्ली के जियामऊ में मंगलवार देर शाम को दीपक पांडेय (35) ने गोमती नदी में छलांग लगा दी। जानकारी होते ही प्रेमिका कोमल (23) ने भी फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नदी से शव को बाहर निकाला। वहीं, युवती के भाई ने गौतमपल्ली थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कार्रवाई की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक गौतमपल्ली ने बताया कि मूलतः अमेठी का दीपक पांडेय जियामऊ में पत्नी नेहा के साथ रहता था। उसने जियामऊ में ही सब्जी की दुकान खोल रखी थी। दुकान में सब्जी बिक्री का हिसाब रखने के लिए बालू आड्डा की रहने वाली युवती कोमल को नौकरी पर रखा था। दीपक रोज शाम को गोमती नदी के किनारे टहलने जाता था। मंगलवार शाम को भी दीपक रोज की तरह गोमती नदी के किनारे बैठा था। अचानक उसने नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पत्नी नेहा और प्रेमिका कोमल को दी। दोनों वहां पहुंची।

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दीपक का शव बाहर निकाला। यह देख प्रेमिका दीपक के घर पहुंची। जिस कमरे में सब्जी रखी थी। उसी कमरे में जाकर उसने फंदा लगाकर जान दे दिया। एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा ने बताया कि प्रेमिका के भाई ने तहरीर दी है। प्रेम-प्रसंग का मामला है। कार्रवाई की जा रही है।

### साथ रहती थी पत्नी और प्रेमिका

पुलिस ने बताया कि कुछ महीने पहले पत्नी को दीपक के प्रेम-प्रसंग की जानकारी हुई थी। दीपक ने समझाया तो दोनों साथ रहने लगी थी। यही नहीं पत्नी भी पुलिस को बताया कि छोटी बहन की तरह मानती थी। ऐसा क्यों किया कोई जानकारी नहीं हुई। जबकि तीनों में सब कुछ ठीकल चल रहा था।

### एक महीने पहले गायब हो गए थे दोनों

पुलिस ने बताया कि 27 अप्रैल को दीपक अचानक प्रेमिका कोमल के साथ कहीं चला गया था। घर वापस नहीं आया तो पत्नी थाने पहुंची और दोनों की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। दोनों की तलाश के लिए पुलिस की टीम को लगाया गया था। दो दिन बाद पत्नी दोनों थाने लेकर पहुंची।

### जन्मदिन पर तोहफे में दी थी बाली

स्थानीय लोगों ने बताया कि तीनों बहुत अच्छे से साथ में रहते थे। दो सप्ताह पहले दीपक की प्रेमिका जन्मदिन था। इसके बाद तीनों होटल में जन्मदिन मनाने के लिए गए थे। तब पत्नी ने दीपक की प्रेमिका को नाक बाली गिफ्ट में दी थी। साथ ही खूब धूमधाम से जन्मदिन मनाया था। एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा ने बताया कि पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। इसमें पत्नी, दीपक और युवती के परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी भी ली जाएगी।

# चालक को बंधक बनाकर पीटा, बाल काटे

## रहीमाबाद के तिरगंवा गांव की घटना, भूसे की कोठरी में खून से लथपथ मिला चालक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रहीमाबाद के तिरगंवा में सोमवार दोपहर को दबंगों ने चालक को बंधक बनाकर पीटा। उसके बाल काट दिए। चालक के साथ घूम रहे फुफेरे भाई ने घर पहुंचकर दबंगों के कृत्य के बारे में जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। चालक की तलाश की गई तो वह एक भूसे की कोठरी में खून से लथपथ पड़ा मिला। उसकी दाढ़ी और बाल काटे गए थे। पुलिस ने मां के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं, एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश में दबिश दे रही है।

रहीमाबाद के तिरगंवा निवासी शबनम ने बताया कि सोमवार दोपहर को बेटा तल्हा फुफेरे भाई फैज के साथ घूमने निकला था। काफी देर तक वापस नहीं आया। इसी बीच फैज दौड़ता हुआ घर आया। उसने बताया कि तसव्वर ने हसीन, जहीर और भतीजे रय्यान के साथ तल्हा को पकड़कर पीटा है। सभी तल्हा को घसीटकर घर में लेकर गए हैं। उसकी दाढ़ी-बाल काट दी हैं। फैज से जानकारी मिलते ही शबनम मदद मांगने के लिए वह पड़ोसियों के घर पहुंची। इसके बाद पड़ोसियों के साथ बेटे को तलाशने लगी। तसव्वर के घर पहुंचने पर उसने तल्हा के बारे में जानकारी होने से मना कर दिया। गाली गलौज करते हुए शबनम को घर से भगा दिया।



पिटाई से घायल तल्हा। अमृत विचार

### दाढ़ी काटने के बाद डंडे से पीटा

शबनम ने बेटे के नहीं मिलने पर एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह को फोन कर जानकारी दी। तसव्वर और उसके भाइयों की करतूत पता चलने पर एसओ ने तल्हा को खोजना शुरू किया। आरोपियों के घर दबिश देने पर भूसा रखने के लिए बनी कोठरी में तल्हा खून से लथपथ पड़ा मिला। उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। एसओ ने बताया कि तसव्वर को गिरफ्तार किया गया है। हसीन, जहरी और रय्यान फरार हैं। जिनकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। वहीं, अस्पताल में भर्ती तल्हा ने परिवार को बताया कि कैंची से बाल और दाढ़ी काटने के बाद डण्डे से उसे पीटा गया। बेहोश होने पर आरोपियों ने तल्हा को कोठरी में फेंक दिया था।

### आरोपी का ट्रैक्टर चलाता था पीड़ित

पूछताछ में पता चला कि किसान तसव्वर का ट्रैक्टर तल्हा चलाता था। कुछ वक्त पूर्व उसने काम छोड़ दिया। किसान को शक था कि परिवार की एक युवती से तल्हा की मुलाकात होती है। हालांकि इस संबंध में तसव्वर ने पुलिस जानकारी नहीं दी। मारपीट और बाल काटने का कारण पूछने पर वह रंजिश की बात कहता रहा।

# जनरल कोच में भी मिलेंगी स्लीपर वाली सुविधाएं

## उत्तर रेलवे ने 700 नए आधुनिक जनरल कोच बनाने का शुरू किया कार्य

मंगल सिंह, लखनऊ

- **कोच में पेन्टीकार की सुविधा स्टेशन पर कोच के पास मिलेगी खाद्य सामग्री**

**अमृत विचार :** जनरल कोच के लाखों यात्रियों का सफर अब और सुगम होगा। रेलवे किराए में बढ़ोतरी किए बिना जनरल कोच में स्लीपर वाली सुविधाएं देने जा रहा है। उत्तर रेलवे ने 700 नए आधुनिक जनरल कोच बनाने का काम शुरू कर दिया है। मेल,एक्सप्रेस ट्रेनों में पुराने कोच को हटाकर नए कोच लगाए जाएंगे। कोच का रंग बदला रहेगा और अंदर फूल पत्ती बनाई जाएंगी।

रेलवे बोर्ड ने जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को सभी स्टेशनों पर जनरल बोगी के पास सस्ता भोजन, पीने का पानी और वेंडिंग ट्रॉलियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। स्टेशनों पर पेयजल बूथ बनाने के अलावा ट्रेन मैनेजमेंट को रास्ते में अनरिजर्व्ड कोचों के शौचालयों में पानी की पूरी व्यवस्था करने का आदेश भी दिया है। रेलवे बोर्ड की सदस्य जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि जनरल कोच में खाने-पीने की चीजें की समस्या को अब दूर किया जा रहा है। जनरल बोगी के यात्रियों को भी पेन्टीकार की सुविधा दी जायेगी।

### चार जोड़ी गरीब रथ एक्सप्रेस में बढ़ेगी सीटों की संख्या

बिहार से आवागमन करने वाली चार जोड़ी गरीबरथ एक्सप्रेस में सीटों की संख्या को बढ़ाई जाएगी। इन चार जोड़ी ट्रेनों में कुल 2816 बर्थ बढ़ेंगी। मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या-12211/12 गरीबरथ एक्सप्रेस समेत बिहार से जुड़ी चार जोड़ी गरीबरथ एक्सप्रेस की रैक को एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) में बदला जा रहा है। इस बदलाव के बाद गरीबरथ एक्सप्रेस 16 के बदले 20 कोच के साथ चलेगी। इससे प्रत्येक गरीबरथ एक्सप्रेस में 352 बर्थ बढ़ जाएगी। गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत साल 2006 से हुई थी। अब इन डिब्बों को बदलने का वक्त आ गया है। इसलिए रेलवे ने सभी गरीब रथ की बोगियों को बदलकर इकोनॉमी कोच लगाने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत पहले नार्दर्न की ट्रेनों की बोगियां बदली जाएंगी उसके बाद पूर्वोत्तर रेलवे की।



छात्र-छात्राओं की माताओं को उपहार देकर पुरस्कृत करतीं डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. वीके श्रीवास्तव। अमृत विचार

### नाटक में दिखाई बुजुर्ग मां की पीड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज के विवेकानंद सभागार में मंगलवार को मदर डे मनाया गया। जिसमें नाटक के माध्यम से मदर डे पर वृद्धा आश्रम में रह रही एक मां अपने एक बेटे के इंतजार में अंतिम सांस लेती है, का चित्रण किया गया। इस नाटक के संयोजक नवनीत सिंह, पंकज शुक्ला थे। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की माताओं ने भागीदारी की। प्रधानाचार्या डॉ. वीके श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं की माताओं को उपहार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डिग्री और इंटर कॉलेज की प्रवक्ता शीला श्रीवास्तव, डॉ. यतीन्द्र कुमार झा, राम अवतार कनौजिया, भावना सेठी, राखी सिंह, टीके चौधरी, पूनम श्रीवास्तव, रूबी मिश्रा, साक्षी श्रीवास्तव, आरती निगम, विनीता श्रीवास्तव, इरम, सना, प्रभा शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### अधिकारियों-कर्मियों ने ली आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन आरडीएसओ मानकनगर में मंगलवार को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं को आतंकवाद और हिंसा से दूर रखना है। आरडीएसओ के महानिदेशक अजय कुमार राणा ने प्रशासनिक भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई। शरद कुमार जैन, अपर महानिदेशक आरडीएसओ अमर नाथ दुबे, पीसीपीओ,आरडीएसओ, अरुण कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। आरडीएसओ के विभिन्न निदेशालयों में सम्बंधित सभी विभाग प्रमुखों ने भी अधिकारियों कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई।

# मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराएगा आईआरसीटीसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **13 जुलाई को लखनऊ से शुरू होगी हवाई यात्रा, 17 को वापसी**
- **ठहरने और भोजन की व्यवस्था तीन सितारा होटल में**
- **पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर**
- **बिरला मंदिर, चारमीनार के भी कराए जाएंगे दर्शन**

**अमृत विचार :** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन ने लखनऊ से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग और हैदराबाद का भ्रमण कराएगा। चार रात्रि पांच दिन की ये हवाई यात्रा 13 जुलाई को शुरू होगी। 17 जुलाई को वापसी होगी। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बुकिंग की जाएगी।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि टूर में यात्रियों को हैदराबाद में होटल स्टे कराया जाएगा। वहां यात्री बिरला मंदिर, सालारजंग संग्रहालय, चारमीनार, गोलकुंडा किला, रामोजी फिल्म सिटी, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के अलावा श्रीशैलम में मलिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे। लखनऊ से हैदराबाद जाने व आने की व्यवस्था फ्लाइट से रहेगी। ठहरने और खानपान की व्यवस्था तीन सितारा होटल में रहेगी।

**एक व्यक्ति के लिए 44950 रुपये में बुकिंग :** ठहरने के लिए एक व्यक्ति का पैकेज मूल्य 44950 रुपये, दो व्यक्तियों के लिए 36400 रुपये और तीन व्यक्तियों के लिए 35000 रुपये रखा गया है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। बुकिंग के लिए पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय या आईआरसीटीसी की बेवसाइट पर कराई जा सकती है।

**कार्यशाला** ज्यादा फल और ज्यादा सब्जी खाने के दिवस पर केजीएमयू में विशेषज्ञों ने किया जागरूक

# बर्गर नहीं, बच्चों को सब्जी-फलों का बनाएं शौकीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अधिक से अधिक मौसमी फल और सब्जियां खाने से अनेकों स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। इनमें मौजूद विटामिन, मिनरलस, एंटीआक्सिडेन्ट्स, फाइबर समेत कई पोषक तत्व डायबिटीज, हार्ट रोग, कब्ज, कैंसर कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। ये जानकारी केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने एक कार्यशाला में दी।



डॉ. सूर्यकांत

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में हुई कार्यशाला में डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि 21 मई को अधिक फल और सब्जी खाने का दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें हमारे दैनिक आहार में अधिक फल और सब्जियों को शामिल करने के महत्व को दर्शाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2015 में खराब खाने की आदतों से निपटने तथा एक पौष्टिक आहार को अपनाने के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए की गई थी।

डॉ. सूर्यकांत के मुताबिक आज के परिवेश में जहां जंकफूड व अन्य पैक्ड फूड का चलन है वहां एक संतुलित आहार की थाली एक कल्पना मात्र ही रह गई है, जो कि बढ़ती बीमारियों की एक अहम वजह है। उन्होंने वर्तमान समय में फास्ट फूड के बढ़ते क्रेज और बच्चों में बढ़ती बीमारियों को देखते हुए कहा कि अपने बच्चों को वैजिटेबल चाइल्ड बनाएं न की बर्गर चाइल्ड।

### मानसिक तनाव से बढ़ता है क्रोध और वजन

डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने बताया जब हम अधिक तनाव लेते हैं तो शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। इससे अधिक खाना खाने की इच्छा होती है। ये नींद में भी परेशानी के साथ उपापचय दर को भी प्रभावित करता है। ऐसे में शरीर में चर्बी बढ़ने लगती है और वजन बढ़ जाता है।



डॉ. अर्चना

पेट और कमर की चर्बी के कारण टाइप 2 डायबिटीज, दिल की बीमारियों और उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ जाता है। कोर्टिसोल हार्मोन हमारे शरीर द्वारा स्वाभाविक रूप से निर्मित एक हार्मोन है। कोर्टिसोल हमारे गुर्दे पर स्थित अधिवृक्क ग्रंथियों द्वारा बनता है। जब आप तनाव में होते हैं तो यह अस्थायी रूप से नियमित शारीरिक कार्यों को रोक देता है और हमारे उपापचय की क्रिया को धीमा कर देता है।

हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के मुताबिक, कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि शारीरिक अथवा मानसिक तनाव अधिक वसा और शर्करा युक्त भोजन लेने की प्रवृति को बढ़ा देता है। इन दोनों के सेवन से हमारे शरीर में इंसुलिन की मात्रा ज्यादा हो जाती है। तब वजन बहुत तेज़ी से बढ़ता है। ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में हुए एक शोध के मुताबिक, अधिक तनाव के कारण हमारा उपापचय धीमा हो जाता है। कम कैलरी खर्च होती है, जिसके कारण वजन बढ़ता है।


# कार्यालय नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक : मेमो/न0नि0अयो0/कर0अनु0नामान्तरण/2024 दिनांक :– 21 मई 2024

नगर निगम, अयोध्या के कर अनुभाग में नागान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है इन भवनों पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी/ हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। जिसका विवरण निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | भवन संख्या | पूर्व से दर्ज भवन स्वामी/ खारिज होने वाले नाम | दर्ज होने वाले नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | सिविल लाइन | | |
| 1 | 7/46,1/2/64 | श्री अलगू पुत्र श्री राम लाल | श्रीमती बबिता पत्नी श्री कमलचंद्र | रजि0 बैनामा |
| 2 | 1/7/95B/1 | श्रीमती पुष्पा सिंह पत्नी श्री राम कैलाश सिंह | श्री हेमन्त सिंह पुत्र राम कैलाश सिंह | रजि0 दान पत्र |
| | | कन्धारी बजार | | |
| 3 | 52/88, 2/1/80 | अम्बिका प्रसाद पुत्र स्व0 श्री मुरली जुज भागत् | श्री गुरू प्रसाद पुत्रगण स्व0 अम्बिका प्रसाद श्री शिवम | वरासत |
| 4 | 2/4/114 | श्रीमती कुमारा पत्नी श्री दुखी | श्रीमती अनीता प्रजापति पत्नी स्व0 रमाशंकर प्रजापति | रजि0 दान पत्र |
| | | दिल्ली दरवाजा | | |
| 5 | 58/759,3/1/147 | श्री किशन लाल पुत्र स्व0 बाबू लाल, श्री अमित कुमार पुत्र स्व0 दशरथ लाल | श्रीमती सीमा चौरसिया पत्नी स्व0 अमित कुमार आदि | वरासत |
| 6 | 38/654,3/16/62 | सन्नो नन्हे मिर्जा श्री आलम मिर्जा मो0 मिर्जा मुराद मिर्जा पुत्रगण स्व0 नन्हे मिर्जा | श्री सैयद जिआउद्दीन अलाउद्दीन पुत्र श्री अलाउद्दीन नूरुद्दीन सैयद | रजि0 बैनामा |
| 7 | 28/380,3/18/80 | श्री राम प्यारे | श्री अशोक जायसवाल पुत्र स्व0 राम चंद्र जायसवाल आदि | वरासत |
| 8 | 38/101,3/21/100 | श्री आर0 के0 त्रिपाठी | श्रीमती गोपिका त्रिपाठी पत्नी श्री अविनाश वर्मा आदि | रजि0 वसीयतनामा |
| | | राठहवेली | | |
| 9 | 32/92, 4/1/73 | श्री अब्दुल हकीम श्री मो0 मुस्तकीम | श्रीमती नाज़रा बेगम पत्नी स्व0 अब्दुल हकीम | वरासत |
| 10 | 4/4/267 | श्रीमती चन्द्रावती देवी स्व0 हरिनरायण आदि | श्री राजेंद्र कुमार यादव पुत्र स्व0 हरी नरायन यादव | रजि0 बैनामा |
| 11 | 41/271, 4/7/30 | श्री हरी मोहन वर्मा स्व0 रघुनाथ प्रसाद | श्री हरी गोपाल वर्मा पुत्र स्व0 हरी मोहन वर्मा | रजि0 वसीयतनामा |
| | | साहबगंज | | |
| 12 | 5/1/104A | श्री मो0 अख्तर पुत्र श्री मो0 उमर | श्रीमती सीमा कसौंधन पत्नी श्री राम नारायन | रजि0 बैनामा |
| 13 | 5/1/7 | श्रीमती प्रान देई श्री सत्य नरायण श्रीवास्तव | श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव पुत्रगण स्व0 सत्य नरायन लाल श्रीवास्तव, श्री रबीन्द्र कुमार श्रीवास्तव | वरासत |
| 14 | 5/11/168 | श्रीमती अवधराजी पत्नी श्री सीता राम शर्मा | श्री सुशील कुमार चौबे पुत्रगण स्व0 सीता राम शर्मा आदि | वरासत |
| 15 | 5/13/52 | श्रीमती सुशीला देवी श्री सुरेश चन्द्र जायसवाल | श्रीमती सुनीता जायसवाल पत्नी श्री श्याम जी जायसवाल | रजि0 दान पत्र |
| 16 | 5/15/13A-1 | कमलेशचन्द्र सोनी पुत्र स्व0 रामचन्द्र सोनी | श्री पंकज अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री लाल जी अग्रवाल | रजि0 बैनामा |
| 17 | 27/190, 5/18/318 | श्रीमती उमा श्रीवास्तव श्री अनुप कुमार श्रीवास्तव | श्रीमती शकून श्रीवास्तव पुत्रीगण स्व0 अनूप कुमार श्रीवास्तव आदि | वरासत |
| 18 | 4/247, 5/18/39 | श्री रामअसारे मिश्रा व कमलापति मिश्रा आदि | श्री सूरज मिश्रा पुत्रगण स्व0 राम आसरे मिश्र, श्री विवेक मिश्र | वरासत |
| 19 | 4/247, 5/18/39 | श्री रामअसारे मिश्रा व कमलापति मिश्रा आदि | श्री उमापति मिश्र पुत्र श्री राम अनुज मिश्र | रजि0 दान पत्र |
| 20 | 5/19/36C | माधव प्रसाद पाठक पुत्र स्व0 शिव कुमार पाठक | श्री राकेश कुमार पाठक पुत्र स्व0 माधव प्रसाद पाठक | वरासत |
| 21 | 35/613, 5/21/151 | श्री लाल बिहारी | श्रीमती चन्द्रावती गुप्ता पत्नी स्व0 राजकिशोर गुप्ता | रजि0 बैनामा |
| 22 | 35/112, 5/4/78 | श्रीमती मंदा सिंह पत्नी स्व0 बी0 डी0 सिंह | श्रीमती अमिता सिंह पत्नी श्री सियाशरण पालिया | रजि0 वसीयतनामा |
| | | हैदरगंज | | |
| 23 | 6/7/28 | श्री रामदास, श्रीमती राधादेवी अजय कुमार उपाध्याय आदि | श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता पत्नी श्री ओम जी गुप्ता | रजि0 बैनामा |
| | | लालबाग | | |
| 24 | 46/266,7/10/206 | श्री केशरी प्रसाद सिंह पुत्र दुबरी सिंह | श्री राकेश प्रताप सिंह पुत्रगण स्व0 केशरी प्रसाद सिंह आदि | वरासत |
| 25 | 25/50, 7/13/1 | श्री तुलसीराम श्री गुप्तार | श्रीमती शिव कुमारी पत्नी स्व0 तुलसीराम आदि | वरासत |
| 26 | 9/129,7/15/120 | श्री पुपराज सिंह स्व0 सत्यनारायण सिंहष् | श्रीमती शकुन्तला सिंह पत्नी स्व0 पुष्पराज सिंह | वरासत |
| 27 | 7/15/229 | श्री राम आनन्द गरीब | श्री पन्ना लाल पुत्र स्व0 रामानंद | वरासत |
| 28 | 7/15/426 | राम पाल, हरिशचन्द्र, गोवर्धन लाल | श्रीमती राम कुमारी पत्नी स्व0 हरीश चन्द्र आदि | वरासत |
| 29 | 7/15/427 | हरिश्चन्द्र पुत्र श्री घिराऊ | श्रीमती राम कुमारी पत्नी स्व0 हरिश्चंद्र आदि | वरासत |
| 30 | 7/20/223D/4 | श्रीमती शुभद्रा पत्नी समशेर यादव | श्रीमती पिंकी यादव पत्नी स्व0 राज नारायण यादव आदि | वरासत |
| 31 | 7/4/54B | श्री संतोष कुमार गुप्ता पुत्र श्री राधेश्याम गुप्ता | श्री पवन कुमार दुबे पुत्र श्री परशुराम दुबे | रजि0 बैनामा |
| 32 | 25/370,7/9/246 | श्री ओमकार प्रसाद श्री किशन दयाल | श्री राम भरोसे पुत्र स्व0 सुन्दर लाल आदि | मा0 न्यायालय आदेश |
| | | दालमण्डी | | |
| 33 | 8/5/154 | श्री शैलेन्द्र कुमार चौधरी पुत्र स्व0 श्याम लाल चौधरी आदि | श्रीमती सत्यभामा पत्नी स्व0 सुरेन्द्र कुमार | वरासत |
| | | रिकाबगंज | | |
| 34 | 5/64,8/9/159 | श्री शीतला सिंह श्री राजबहादुर सिंह | श्रीमती कान्ति देवी पत्नी स्व0 शीतला सिंह आदि | वरासत |
| 35 | 57/268,9/1/41 | श्रीमती तहरूनिशां श्री मोहम्मद सईद | श्री कौसर आसिम पुत्रगण स्व0 मो. सईद, श्री कौसर आसिफ | वरासत |
| 36 | 29/480,9/11/102 | श्री नरेन्द्र कुमार चौरसिया पुत्र राम शंकर चौरसिया व श्री मो0 हसीब खां पुत्र श्री लईक खां | श्रीमती अफसर जहाँ पत्नी श्री मो. हबीब खां | रजि0 बैनामा |
| 37 | 37/332,9/3/60 | श्रीमती सावित्री देवी पाण्डेय पुत्री श्री स्वामी दयाल पाण्डेय | श्री रजनीश कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 तिलक राम पाण्डेय | रजि0 दान पत्र |
| 38 | 9/4/1A | मो0 शादाब पुत्र स्व0 वसीम अख्तर | श्री साँई बिल्डर्स एवं डेवलपर्स, प्रो0 प्रकाश नन्दवानी पुत्र स्व0 के0 एम0 नन्दवानी | रजि0 बैनामा |
| 39 | 29/564,9/6/45 | श्री बृज किशोर गुप्ता, राम किशोर गुप्ता आदि | श्री बृज किशोर गुप्ता पुत्रगण स्व0 तुलसीराम गुप्ता आदि | मा0 न्यायालय आदेश |
| | | नवविस्तारित | | |
| 40 | 04/005 | श्री राम नयन यादव व राम अचल यादव पुत्र स्व0 राम देव यादव | श्रीमती रीता सिंह पत्नी स्व0 महेन्द्र प्रताप सिंह | रजि0 बैनामा |

(हरगोविन्द सिंह यादव)
कर निर्धारण अधिकारी
नगर निगम, अयोध्या

(गजेन्द्र कुमार)
मुख्य कर निर्धारण अधिकारी
नगर निगम, अयोध्या

(वागीश कुमार शुक्ला)
अपर नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या

## एक नजर

### किसान आंदोलन खत्म होते ही ट्रेनों की हुई बहाली

**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे ने किसान आंदोलन समाप्त होते ही ट्रेनों की बहाली की। यह जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि आम जनता की सुविधा को देखते हुए अंबाला डिवीजन के संभु स्टेशन पर किसान आंदोलन आज समाप्त कर दिया गया है। परिणामस्वरूप सभी ट्रेनों को तत्काल प्रभाव से उनके उचित मार्ग पर बहाल किया जा रहा है।

### वाहन चोर गैंग का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली नानपारा और एसओजी की टीम ने अंतरराष्ट्रीय वाहन चोर गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन चोरी की बोलेरो, एक बाइक और अल्टीनेटर बरामद किया है। बरामद वाहन को सीज कर चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने नानपारा और मोतीपुर क्षेत्र में हो रही वाहन चोरी के खुलासे के लिए एसओजी और थाने की पुलिस को लगाया था।

### छात्रा की मौत मामले में दो युवक गिरफ्तार

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर पुलिस ने छात्रा की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में उसके साथ देखे गए तीन युवकों में से दो युवकों को मंगलवार को हिरासत में लिया है। मोहल्ला फत्तेपुर सैधरी निवासी राजेश अवस्थी की पुत्री काव्या अवस्थी 11वीं की छात्रा थी। वह सोमवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। दोपहर एक बजे उसका शव मोहल्ला शांति नगर में रेलवे लाइन के निकट तालाब के किनारे पड़ा देखा गया। उसके सिर पर चोट के गहरे निशान थे। घटना से कुछ देर पहले गिरफ्तार ये तीनों युवक उसके साथ थे।

# भाजपा बेईमान व षड्यंत्रकारियों की पार्टी: शिवपाल

## सपा नेता ने अंबेडकरनगर में साधा निशाना, भाषण के दौरान टूटा मंच, कहा- मंच टूटना है शुभ का लक्षण

जलालपुर, अंबेडकरनगर।



मंच टूटने के बाद नीचे देखते सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के जलालपुर और टांडा विधानसभा क्षेत्र में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। जलालपुर में जनसभा के संबोधन के दौरान मंच टूट गया और कई सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी नीचे गिर गए। शिवपाल ने कहा कि मंच टूटना शुभ का लक्षण होता है।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने जलालपुर नगर के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा बेईमान और षड्यंत्रकारियों की पार्टी है, यह सिर्फ झूठ बोलने का कार्य करती है। भाजपा ने आज तक किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो भी वादा किया, उसको पूरा नहीं किया। काला धन लाने को कहा था, काला धन नहीं आया।

15 लाख रुपए खाते में डालने के लिए कहा था, वह भी नहीं दिया। किसानों की आय दोगुनी करने के एलि कहा था, वह भी नहीं किया। बिजली 24 घंटे देंगे, उसको भी नहीं किया। भाजपा ने दो करोड़ लोगों को हर वर्ष नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन यह वादा भी उन्होंने पूरा नहीं किया। सभी विभागों में भर्ती निकाली गई और दो-दो हजार रुपए फार्म के लिए गए, लेकिन जब परीक्षार्थी परीक्षा देकर अपने घर नहीं पहुंचा उससे पहले ही पर्चा लीक हो गया।

### भीड़ ज्यादा होने से टूटा मंच

जलालपुर नगर में आयोजित जनसभा के दौरान मंच पर काफी लोगों के चढ़ जाने की वजह से शिवपाल यादव के भाषण के दौरान अचानक मंच टूट गया। शिवपाल गिरने से बाल-बाल बच गए। हालांकि कुछ सपा नेताओं को मच के टूटने के बाद एक दूसरे के ऊपर गिरने की वजह से चोटे भी आई हैं। इस दौरान शिवपाल यादव ने कहा कि मंच का टूटना शुभ का लक्षण होता है। उन्होंने कहा कि दल बदलुओं को किसी भी कीमत पर हराना है। वहीं शिवपाल यादव के कार्यक्रम में राम अचल राजभर और त्रिभुवन दत्त का मंच पर न होना चर्चा का विषय बना रहा।

# शादी के लिए अड़ी युवती ने टावर पर चढ़कर किया ड्रामा

संवाददाता, अंबेडकरनगर



टावर पर चढ़ी युवती।

**अमृत विचार।** आलापुर में एक युवती अपने प्रेमी को पाने के लिए मोबाइल टावर पर चढ़ गई। टावर से चिल्लाते हुए बोली, प्रेमी को बुलाओ, नहीं तो आत्महत्या कर लूंगी। टावर पर चढ़ी युवती आत्महत्या करने की धमकी बार-बार देकर प्रेमी से शादी करने पर अड़ी थी।

मंगलवार की सुबह जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल स्थित अनुमानित 200 फीट की ऊंचाई के एयरटेल-वोडाफोन टावर पर युवती के चढ़ने की खबर मिलते ही वहां पर लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी। सूचना पाते ही दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य पुलिसकर्मी किसी अप्रिय घटना के अंदेशे को लेकर युवती को समझते हुए टावर से नीचे उतारने के लिए तमाम तरह से जतन करने लगे। इस विकट स्थिति में युवती तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए पुलिस ने लाउडस्पीकर का सहारा लिया और उसको प्रेमी के पास पहुंचाने व मदद करने की बात कही तो वह मानी।

# दबंगों ने पीटकर ले ली जान

संवाददाता रायबरेली।



प्रदीप की फाइल फोटो

**अमृत विचार।** राही क्षेत्र में सोमवार की देर शाम लाठी डंडों से लैस लगभग आधा दर्जन लोगों ने युवक पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए युवक चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन दबंगों की दहशत के आगे आस-पास के स्थानीय लोग युवक को बचाने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाए। इसी दौरान पोलिंग बूथ से वापस आ रही पुलिस की गाड़ी को देखते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने भाग रहे आरोपियों को पकड़ने की जहमत तक उठाना जरूरी नहीं समझा।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

भदोखर थाना क्षेत्र के जफरपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार (25) पुत्र पुत्तीलाल बाजार से शाम लगभग छह बजे घर वापस जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे लगभग आधा दर्जन लोगों ने युवक पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित युवक बचाव के लिए इधर-उधर भागता रहा, लेकिन दबंगों ने लाठी डंडों से इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मृतक के पिता ने तहरीर में बताया कि सोमवार की शाम लगभग 6 बजे प्रदीप कुमार बाजार से घर वापस आ रहा था। तभी रास्ते में गांव के ही आधा दर्जन दबंग अपराधियों ने युवक पर हमला बोल दिया। दबंगों की दहशत इतनी कि आसपास के स्थानीय व राहगीरों ने भी युवक को बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। पोलिंगबूथ से वापस आ रही पुलिस की गाड़ी को देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए। भाग रहे हमलावरों को पकडने की जहमत उठाना पुलिस ने जरूरी नहीं समझा।

### छात्रा को छेड़ रहे शोहदे की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** स्कूल पढ़ने जा रही एक छात्रा को मंगलवार की सुबह एक शोहदे ने नहर पटरी पर रोक लिया और उससे छेड़छाड़ करने लगा। परेशान छात्रा के शोर मचाने पर लोगों ने आरोपी को घेर कर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। बाद में उसे सदर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। शहर की एक 16 वर्षीय किशोरी इंटरमीडिएट की छात्रा है। वह रोज की तरह नहर पटरी से होते हुए मंगलवार की सुबह स्कूल जा रही थी। सुबह करीब आठ बजे पीछा करते हुए जा रहे शोहदे ने मौका देखकर छात्रा को दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा के विरोध करने पर उसे थप्पड़ भी जड़ दिए। छात्रा के शोर मचाने और शोहदे की हरकत को देख कर तमाम लोग दौड़ पड़े और आरोपी को घेर कर पकड़ लिया। आक्रोशित लोगों ने उसकी पिटाई कर दी।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने की कार्य प्रगति की समीक्षा

संवाददाता, नई दिल्ली



शोभन चौधुरी।

**अमृत विचार।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने स्टेशनों को अपग्रेड किए जाने संबंधी विकासात्मक कार्यों की प्रगति पर ध्यान केन्द्रित किया। कहा कि निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी प्रमुखता से की जानी चाहिए। उन्होंने विभाग प्रमुखों से विशेष निर्माण परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समयावधि में पूरा किए जाने के लिए निर्देश दिये।

महाप्रबंधक ने मालगाड़ियों, विशेष रूप से थर्मल पावर स्टेशनों तक कोयला पहुँचाने वाली मालगाड़ियों के संचलन पर बल दिया ताकि गर्मी के दौरान थर्मल पावर स्टेशनों की बढ़ती हुई कोयले की मांग पूरी की जा सके। उन्होंने मंडलों को निर्बाध रेल परिचालन के लिए संरक्षा बढ़ाने संबंधी अभियान चलाने तथा जहां भी आवश्यक है कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों से संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए माल लदान की रफ्तार बढ़ाने तथा समयपालनबद्धता को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास, 20 हजार जुर्माना

अयोध्या कार्यालय

▸▸ तत्काल रिपोर्ट न दर्ज करने पर कार्रवाई के लिए एसएसपी को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** पत्नी के हत्यारे पति को कोर्ट ने आजीवन कठोर कारावास की सजा से सुनाई है। उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वारदात की तत्काल एफआईआर न दर्ज न करने को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी को पत्र लिखा है। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नूरी अंसार की अदालत से मंगलवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र देवरस और पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद सिंह ने बताया कि अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मैगलगंज निवासी तेज बहादुर ने अपनी बहन विमला देवी की शादी गया प्रसाद निवासी मिल्कीपुर पूरे चांदपुर थाना इनायत नगर के साथ की थी। गया प्रसाद अपनी शादी किसी अन्य महिला से करना चाहता था। इसके लिए उसका बहनोई दीप चंद्र निवासी मूगीसपुर थाना इनायत नगर उस पर दबाव बना रहा था और विमला देवी गया प्रसाद को छोड़ना नहीं चाहती थी। इसी रंजिश में दोनों ने मिलकर 31 मार्च 2015 को घर के अंदर रस्सी से गला घोंट विमला की हत्या कर दी।

# कौशलपुरी के चार युवक सरयू में डूबे, एक लापता



सरयू नदी में डूबे युवक की तलाश करते गोताखोर।

**अयोध्या कार्यालय : अमृत विचार :** सरयू नदी का जलस्तर भले ही घट गया हो, लेकिन आए दिन डूबने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मंगलवार सुबह नदी में स्नान करने गए चार युवक गहरे पानी में डूबने लगे। जल पुलिस ने युवकों को बचाने की कोशिश की, जिसमें तीन युवक आकाश सिंह पुत्र राम सिंह, एस श्रीवास्तव पुत्र शिव प्रकाश श्रीवास्तव और राहुल पुत्र उत्तम चंद्र को बचा लिया गया, जबकि प्रिंस साहनी (19) पुत्र महेंद्र साहनी निवासी कौशलपुरी को बाहर नहीं निकाल पाए। जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कर रही है। जानकारी मिलते ही परिजन भी सरयू घाट पर पहुंच गए।

# कार्यवाहक जीएम उत्तर पश्चिम रेलवे ने की कार्य समीक्षा बैठक

संवाददाता, नई दिल्ली



अशोक माहेश्वरी।

**अमृत विचार।** अशोक माहेश्वरी कार्यवाहक महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे हुये थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक में अशोक माहेश्वरी, कार्यवाहक महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है और गर्मी के मौसम के दौरान रेलवे के संरक्षा एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने इस मौसम में बरती जाने वाली सावधानियां जैसे कि पेट्रोलिंग, खतरे के समय गाड़ियों के सुरक्षित संचालन संबंधी नियम आदि पर रेल कर्मियों को गहन प्रशिक्षण एवं काउंसलिंग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संरक्षित एवं सुरक्षित रेल संचालन हेतु सभी को सतर्क और सजग रहकर अपना योगदान देना है। इसी के साथ अशोक माहेश्वरी ने यात्रियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका निदान जल्दी से जल्दी करने के निर्देश दिए। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे पर गाड़ियों की समयपालनता बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मण्डलों पर चल रही परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने के साथ ही विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ निष्पादन के लिए दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## कुशाग्र हत्याकांड

### अगली सुनवाई 1 जून को



**कानपुर।** आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र (16) हत्याकांड के मामले में मंगलवार को एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट में सुनवाई हुई। कुशाग्र की हत्यारोपी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला व शिवा गुप्ता के खिलाफ मंगलवार को अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों के बयान दर्ज किए जाने थे, लेकिन रचिता के वकील की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने रचिता वत्स को न्याय मित्र मुहैया कराने को कहा, जिस पर रचिता वत्स की ओर से वकील होने की बात कही गई। अगली सुनवाई की तिथि एक जून निर्धारित की गई है।

### सिल्ट में फिसला बाइक सवार, ट्रक ने रौंदा

**संवाददाता, कानपुर अमृत विचार :** गोविंद नगर में नगर निगम द्वारा नाला सफाई के बाद सड़क पर डाली गई सिल्ट से रपटकर बाइक सवार युवक गिर गया। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक में उसे रौंद दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। नया पुरवा निवासी 35 वर्षीय अभिषेक पाल टाटा मोटर्स में मैकेनिक था। मंगलवार देर रात वह बाइक से परमपुरवा की तरफ से गोविंद नगर की ओर आ रहा था। वह एल ब्लॉक गोविंद नगर पहुंचा था की सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो दिन पहले इलाके में नगर निगम द्वारा नाला सफाई कर सिल्ट निकालकर सड़क पर डाल दी गई। देर रात बाइक सवार सामने से ट्रक आता देखकर बाइक किनारे ले गया। इस बीच ब्रेक लगाते ही बाइक फिसल गई और वह ट्रक के आगे आ गया। जब तक चालक ट्रक रोक पाता तब तक उसने अभिषेक को रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# प्रमोद तिवारी बोले- हम प्रभु राम के पुजारी, भाजपा है व्यापारी

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को प्रतापगढ़ में कहा कि राम हमारी आस्था हैं, हमारा विश्वास हैं। हम राम के पुजारी हैं,भाजपा राम की व्यापारी है। मुद्दे से दूर ये राम के नाम पर वोट का व्यापार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल को अपना समर्थन दें। प्रमोद ने दावा किया कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। प्रतापगढ़ की जनता पढ़ा लिखा सांसद चाहती है। पांच साल में जिले में कोई प्रगति नहीं हुई इस कारण जनता खिलाफ हो गई है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन किया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी दक्षिण भारत में चुनाव प्रचार में है उनके सहयोगी यहां जुटे हुए हैं। उनका बड़ा भाई यहां है,जब छोटे की जरूरत होगी बुला लिया जाएगा। इस अवसर पर इंडिया के सपा के प्रत्याशी डॉ.एसपी सिंह पटेल ने कहा कि उनके चुनाव जीतने से दोनों सदन में जनता की बात मजबूती के साथ उठाई जा सकेगी। लच्छीपुर में सपा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा में कहा कि इस सरकार ने कफन के कपड़ों पर भी टैक्स लगा दिया।

# राजनीति में रुचि नहीं: कपिल देव

**संवाददाता, इटावा, अमृत विचार।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे तथा पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम को विश्व कप जिताने वाले क्रिकेटर कपिल देव ने कहा है कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं है। सेवा करने के कई माध्यम है जरूरी नहीं है कि सेवा करने के लिए राजनीति में आया जाए। उन्होंने कहा कि किसी ऐसे इंसान को ढूढिये जो अलग हट के कुछ काम करता हो ऐसे ही आदमी को राल मॉडल मान लेना चाहिए। उनके साथ मंच साझा कर रहे। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने भी कपिल देव के क्रिकेट के दिनों का याद करते हुए कहा कि जब कपिलदेव ने विश्वकप जीता था तो चारो तरफ शोरगुल था।



## आतंकवाद विरोध दिवस पर रेलकर्मियों ने ली शपथ

**गोरखपुर, अमृत विचार।** आतंकवाद विरोध दिवस के अवसर पर मंगलवार को महाप्रबन्धक कार्यालय परिसर गोरखपुर में महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने रेलकर्मियों को अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने और मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने के साथ ही विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिये शपथ दिलाई। इस दौरान सामान्य प्रशासन विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी एवं रेल कर्मचारी उपस्थित थे। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर स्थित विभिन्न विभागों, कार्यालयों, कारखानों सहित मंडल मुख्यालयों-लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर में भी शपथ दिलाई गई। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### तीन लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**महराजगंज,अमृत विचार।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध हत्या समेत कई अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पूरे मूड मजरे अतरेहटा की निवासी रेनू पत्नी राम नरेश ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बीते वर्ष जुलाई की घटना में न्याय दिलाने की मांग की थी। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही सुशीला व उसके पति घिसावन ने बेटे जितेंद्र के साथ मिलकर उसके भाई दिलीप के घर पर कब्जा कर उपरोक्त लोगों ने भाई की हत्या कर दी थी। साक्ष्य मिटाने के लिए शव को गांव में ही फेंक दिया था। मामले में कोर्ट ने पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने कहा कोर्ट के आदेश पर पति-पत्नी व बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

## कोर्ट-कचहरी

सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई को हाईकोर्ट से मिली राहत

# रंगदारी व धमकी केस में रिजवान को जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● एक अन्य आरोपी शौकत को भी मिली बेल



रिजवान सोलंकी।

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी को रंगदारी व धमकाने के मामले में दर्ज मुकदमें में हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। इस मामले में आरोपी शौकत अली को भी जमानत मिल गई। रिजवान और शौकत के खिलाफ आगजनी मामले में गवाह विष्णु सैनी ने धमकाने व रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए नंवबर 2023 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी के मामले में गवाह विष्णु कुमार सैनी ने जाजमऊ थाने में सात नंवबर 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विष्णु ने बताया था कि आगजनी मामले में वह बयान देने कोर्ट पहुंचा तो पेशी पर आए रिजवान सोलंकी व शौकत अली ने उन्हें धमकाया और रंगदारी की मांग की। जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले में जाजमऊ पुलिस ने रिजवान, शौकत अली समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। रिजवान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसपर वे हाईकोर्ट गए थे। मंगलवार को रिजवान सोलंकी व शौकत अली की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली। हालांकि कई अन्य केस चलने के कारण अभी वह जेल से बाहर नहीं आ पाएगा।

### दुष्कर्मी को सात वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** अपहरण व दुष्कर्म के साढ़े आठ साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने दोषी विजय को सात वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कुरारा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को 17 जुलाई 2015 को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। बाद में जानकारी मिली कि पीड़िता अपना फोन अपनी सहेली को दे गई है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी थी। वहीं कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने आरोपी सुनील को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त किया है।

### किशोरियों को बहलाकर हैदराबाद ले जा रहे थे

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र से लापता हुई दो किशोरियों को उनके प्रेमी बहला-फुसला कर अपने साथ हैदराबाद ले जाने की तैयारी में थे। इससे पहले पुलिस ने दोनों आरोपियों को झांसी स्टेशन से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने लिखापढ़ी करते हुए किशोरियों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। कल्याणपुर से 15 मई को लापता हुई किशोरियों के परिजनों ने रावतपुर के दो युवकों पर बेटियों को अपहरण करने का शक जताया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कल्याणपुर में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से शाकिर खान और अदनान को किशोरियों के साथ झांसी स्टेशन पर पकड़ लिया।

# ब्रजेश पाठक बोले- भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है इंडी गठबंधन

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़



लच्छीपुर में जनसभा में ब्रजेश पाठक का स्वागत करते पूर्व विधायक धीरज ओझा।

**अमृत विचार :** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मंगलवार को लच्छीपुर रानीगंज में भाजपा उम्मीदवार संगम लाल गुप्ता के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कहा कि राम द्रोही आज जनता के बीच चुनाव लड़ने आए हैं, वोट मांग रहे हैं। इंडी गठबंधन पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। कांग्रेस और सपा ने देश को बर्बाद कर दिया, लूटकर खोखला कर दिया।

उपमुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने के पहले रानीगंज के पूर्व भाजपा विधायक अभय कुमार धीरज ओझा पहुंचे। वह अपने धुर विरोधी पूर्व प्रमुख सपा नेता विनोद दुबे को भाजपा में शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध कर रहे थे। इधर मंच पर विनोद पहले से मौजूद रहे। माहौल बिगड़ता देख भाजपा नेता कृष्णकांत मिश्र आए और धीरज को समझाने लगे।

### लोस चुनाव के चलते आज से सील हो जाएगी नेपाल सीमा

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव के चलते बुधवार को नेपाल सीमा सील कर दी जाएगी। जनपद में 25 मई को मतदान होना है। सिद्धार्थनगर जनपद में 68 किलोमीटर भारत नेपाल सीमा का खुला बॉर्डर होने के कारण यह लोकसभा संवेदनसील बना रहता है। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संबंध करने को लेकर शासन पूरी तरह कटिबंध है ।चुनाव के 72 घंटे पहले यानी बुधवार को शाम 6:00 बजे से भारत नेपाल सीमा सीज हो जाएगी सीमा पर अर्ध सैनिक बल की संख्या बढ़ा दी गई है। 25 मई को मतदान समाप्त होने के बाद सीमा फिर से बहाल कर दी जाएगी । इस प्रकार भारत नेपाल सीमा 72 घंटे के लिए बंद रहेगी और सुरक्षा के जवान पूरी तरह से बॉर्डर पर मुस्तैद रहेंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

## संपादकीय

# रईसी के बाद ईरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत से पश्चिम एशिया सदमे में है। राष्ट्रपति की मौत ईरान के सबसे चुनौतीपूर्ण समय में हुई है। ईरान पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से त्रस्त अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए जूझ रहा है और सामाजिक तनाव को शांत करने की कोशिश कर रहा है। परमाणु समझौता खत्म हो चुका है। गाजा युद्ध में हालिया वृद्धि ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है और कई साजिश सिद्धांतों को हवा दी है। ईरान और इज़राइल के बीच तनाव बहुत बढ़ा हुआ है और ईरान, अपने रूस और चीन जैसे साझीदारों के साथ सत्ता की खेमेबंदी के नए दौर में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश के रूढ़िवादी हलकों में रईसी के व्यापक प्रभाव ने उन्हें ईरान के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बना दिया था। ईरान के सवाल को लेकर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के बावजूद, इब्राहिम रईसी का निधन, इस क्षेत्र में ईरान की अपनी नीतियों से कहीं ज्यादा उसकी अंदरूनी सियासत पर असर डालने वाला है। इब्राहिम रईसी की अचानक मौत के बाद, अगले 50 दिनों के दौरान जब तक ईरान नया राष्ट्रपति चुनेगा, वो ईरान की राजनीति के लिहाज़ से बेहद महत्वपूर्ण होंगे।

नए चुनाव होने तक उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर कार्यवाहक राष्ट्रपति रहेंगे। आगे चलकर ईरान की सियासत में सत्ता के तमाम केंद्र अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए आपस में खींचतान करेंगे। भू-राजनैतिक तनावों के मद्देनजर, रईसी की मौत से साजिश के सिद्धांतों को भी बढ़ावा मिल सकता है जिससे इस इलाके में आग और भड़क सकती है। इस हादसे का असर पश्चिम एशिया की राजनीति पर गहराई से पड़ेगा। ईरान और भारत के बीच गहरे संबंध हैं। रईसी की मौत भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के संचालन को लेकर हुए समझौते के बाद हुई है। इस समझौते के बाद भारत को चाबहार के संचालन का अधिकार अगले 10 सालों के लिए मिल गया है। समझौते के बाद अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी। जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि यह बंदरगाह पूरे क्षेत्र को लाभान्वित करेगा और अमेरिका को इस मामले में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिए। हो सकता है कि रईसी की मौत की वजह से होने वाले सत्ता परिवर्तन का उसकी भू-सामरिक योजनाओं पर बहुत व्यापक या सीधा असर न पड़े। घरेलू, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों की पृष्ठभूमि के बीच हुई रईसी की मौत के सदमे से ईरान को उबरने में वक्त लगेगा। रईसी की मौत से क्षेत्र में और अस्थिरता पैदा होने का खतरा है, ऐसे में ईरान के सामने भी नाजुक स्थिति से निपटने की चुनौती है।

# कोवैक्सीन और स्यूडो-साइंस की मनोवृत्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी-भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी।

'कोवैक्सीन' का टीका मनुष्य को लगाने के बाद स्वास्थ्य पर दीर्घकाल में होने वाले विपरीत प्रभावों पर 'लांग टर्म सेफ्टी एनालिसिस ऑफ़ बीबीवी-152 कोरोना वायरस वैक्सीन इन एडोलिसेंट्स एंड एडल्ट्सः फाइंडिंग्स फ्रॉम ए वन-इयर प्रोस्पेक्टिव स्टडी इन नार्थ इंडिया' शीर्षक से एक अध्ययन को 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के 13 मई 2024 के अंक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से संबद्ध इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में कार्यरत दस विज्ञानियों ने प्रकाशित किया है। उक्त टीका ग्रहण करने के बाद के दुष्प्रभावों का अध्ययन किशोर, युवा और वयस्कों पर किया गया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में इस अध्ययन को इस आधार पर खारिज किया कि इस शोध की प्रक्रिया दोषपूर्ण है। भारत और विदेश के मीडिया हलकों में इसे बहुत गंभीरता से देखा गया है। शोध की गुणवत्ता पर आरोप लगने के बाद लेखकों ने संदर्भ हेतु परिषद् का नाम इस्तेमाल करने पर खेद व्यक्त किया है।

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी-भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी। कोवैक्सीन को 78 प्रतिशत तक प्रभावी पाने के बाद आपातकालीन उपाय के रूप में 3 जनवरी सन 2021 को भारत सरकार ने और नवंबर सन 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे आमजन के लिए प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की थी। कोवैक्सीन टीका विकास में लगे हुए शोधकर्मियों ने बड़ी संख्या में पहले तो कोरोना वायरस प्रयोगशाला में पैदा किया, फिर बीटा-प्रोपिओलेक्टोन का इस्तेमाल करके इन्हें निष्क्रिय किया गया। निष्क्रिय किए गए इस वायरस में वायरस की रचना और वृद्धि के जरूरी प्रोटीन्स और 'स्पाइक्स' (वायरस की सतह पर मौजूद रिसेप्टर्स) को क्षति नहीं पहुंची। इन विषाणुओं की खेप को एल्युमीनियम के एक कंपाउंड से लेप दिया गया ताकि इसे शरीर में इंजेक्ट करने के बाद हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाएं इनके विरुद्ध सक्रिय होकर आवश्यक संख्या में प्रतिपिंडों का निर्माण करके हमारी रक्त वाहिकाओं के जरिये कहीं भी सर्कुलेट कर सकें और संक्रमण से रक्षा हो सके।

ड्रग्स और वैक्सीन्स को तत्परता से आपातकाल में इस्तेमाल करने के प्रोटोकॉल और तकनीक पिछले दसेक साल से बदल गई हैं। पुरानी पद्धति में क्षीण किए हुए (इटेन्युएटेड) या मृत (किल्ड होल वायरस) विषाणु का इस्तेमाल करके टीका विकसित किया जाता था जैसे कि वैक्सिनिया वायरस का इस्तेमाल करके चेचक के विरुद्ध प्रतिरक्षा किए जाने के लिए विकसित किया गया टीका। इसमें कई वर्ष लगते थे। टॉक्सिसिटी स्टडीज के बाद फेज़ 2 से फेज़ 4 तक मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण के लिए सेफ्टी प्रोटोकॉल, एथिकल कमेटी की क्लीयरेंस और स्टडी का 'डबल ब्लाइंड' होना जरूरी समझा गया। डबल ब्लाइंड स्टडी में न तो ह्यूमन सब्जेक्ट्स को और न ही शोधकर्मियों को मालूम होता है कि किसे वास्तविक दवा या टीका लगाया गया है और किसे 'प्लेसिबो' दिया गया है। इसके लिए 'एक्सपेरिमेंटल' और 'कंट्रोल' दो ग्रुप बनाए जाते हैं। कंट्रोल ग्रुप के व्यक्तियों को प्लेसिबो और एक्सपेरिमेंटल ग्रुप को वास्तव में ही सही दवा दी जाती है। दवा और प्लेसिबो पर कोडमार्किंग होती है। बाद में एनालिसिस होती है जिसमें मेडिकल स्टेटिस्टिशियंस जांच करके दवा की एफिकेसी अर्थात प्रभावोत्पकता को प्रतिशत में अभिव्यक्त करके स्टडी को वेलिडेट करते हैं। यह डाटा 'स्टेटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' होना चाहिए जिसका अर्थ गहरा होता है और यह निर्णय करने में महत्वपूर्ण होता कि ड्रग या वैक्सीन को आमजन में इस्तेमाल करने के लिए जारी करना उपयुक्त है या नहीं। भारत में मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण करने से पहले क्लिनिकल परीक्षण रजिस्ट्री में ट्रायल से संबंधित डाटा जमा करके अनुमति लेनी होती है। देखा जाता है कि एथिकल कमेटी ने किस आधार पर क्लिनिकल परीक्षण की अनुमति दी है। ऐसा करते हुए स्टडी डिजाईन को देखना बहुत जरूरी है जो ड्रग डेवलपमेंट और बायो-सेफ्टी एक्सपर्ट्स देख लेते हैं। इसका पालन करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की सन 2005 में जारी 'हैंडबुक फॉर गुड क्लिनिकल रिसर्च प्रैक्टिस' को न केवल फॉलो करना होता है बल्कि भारत में आईसीएमआर द्वारा अप्रैल 2020 में जारी की गई कोविड संबंधी शोध के लिए विशेष तौर से तैयार 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर एथिक्स कमेटीज़ रिवियुइंग बायोमेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च ड्यूरिंग कोविड-19 पैंडेमिक' के साथ-साथ सन 2017 में जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल रिसर्च इन्वोल्विंग चिल्ड्रन' एवं इसी साल संशोधित रूप से जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च इन्वोल्विंग ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को अनिवार्य रूप से नियमपूर्वक मानना जरूरी किया गया।

कोवैक्सीन के विकास के तुरंत बाद इस पर भारत में ही सन 2021 में बहुत से क्लिनिकल परीक्षण इसकी इम्यूनोजेनेटिसिटी और सेफ्टी एंड एफिकेसी को लेकर हुए। इस बारे में इन्टरनेट रिसोर्सेज पर काफी साहित्य उपलब्ध है। यह खेद की बात है कि मीडिया के अपने अधिकतर लोग और अनेक शोधकर्मी देश के सबसे पुराने, भरोसेमंद और नियमित रूप से प्रकाशित विख्यात बायो-मेडिकल जर्नल'इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च' के अंक नहीं देखते-पढ़ते और ऐसी सूचनाओं के लिए विदेशी मीडिया पर निर्भर करते हैं जो कि भारत के लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित होती हैं। ऐसे बहुत से भारतीय पत्रकारों को मैं जानता हूं जो विदेश के साइंस मीडिया के लिए काम करते हैं और पहली रिपोर्ट उन्हें ही देते हैं। इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (बीएचयू) के शोधकर्मियों ने टीकाकरण होने के बाद 1023 व्यक्तियों को एक साल तक निगरानी में रखने की सहमति ली। हम इस अध्ययन को पूरे तौर से क्लिनिकल परीक्षण नहीं कह सकते क्योंकि शोधकर्मियों ने इसे खुद ही 'प्रोस्पेक्टिव ओब्सेर्वेशनल स्टडी' अर्थात एक 'संभावना की जांच हेतु अध्ययन' कहा है। इससे पहले निश्चित रूप से इन्होंने ख्याति प्राप्त मेडिकल और बायो-मेडिकल जर्नल्स में से वे अधिकतर अध्ययन जरूर देखे-पढ़े होंगें जिनमें कोरोना वायरस और इसके विभेदों के कारण उत्पन्न हुए संक्रमण के प्रभावों के अलावा टीकाकरण के उपरांत उत्तर भारत में टीकाकृत व्यक्तियों में हुए शारीरिक विषमताओं की बाबत रिपोर्ट हुई। इनके बारे में मेडिकल जर्नल्स में अध्ययन भी प्रकाशित हुए। आईसीएमआर ने तो इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च में कोविड-19 के बारे में अनेक पहलुओं से अनेक लेखों का प्रकाशन सन 2020 के बाद से किया है। ये सभी अध्ययन भारतीय लोगों पर किए गए हैं और इनमें महामारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा है। इन अध्ययनों का प्रकाशन विद्वत्त समीक्षा के उपरांत ही किया गया है। बीएचयू के अध्येताओं उपिन्दर कौर, आकांक्षा जायसवाल और साथियों ने टीकाकरण के उपरांत जनवरी 2022 से अगस्त 2023 के बीच 1023 सभी रेक्रुइट्स में से इन्हें कुल 926 व्यक्तियों का रेस्पोंस मिला जिनसे सिर्फ टेलीफोन पर बातचीत की गई थी। अर्थात, इनके मेडिकल रिकाड्र्स नहीं देखे गए, क्लिनिकल जांच की व्यवस्था नहीं की गई और डाटा एनालिसिस का क्या तरीका अपनाया गया इसकी कोई जानकारी भी दर्ज नहीं है। हो सकता है मौखिक बताए गए शारीरिक दोषों की वजह कुछ और रही हो। वेरिएबल्स को या और स्टैटिस्टिकल दोषों को किस पद्धति को अपनाकर निरस्त किया गया यह स्पष्ट नहीं किया गया।

'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' से संबंधित स्पष्टीकरण इस शोध अध्ययन में दिया गया। इस अध्ययन के डिजाईन में अगर खोट था तब इस बात को लेकर ताज्जुब है कि इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज की आचार संहिता कमेटी ने इसकी एप्रूवल 'डीन/2021/ईसी /2526' और 'डीन/2022/ईसी/3210' की मार्फ़त कैसे दी? दूसरी प्रमुख बात यह कि अध्ययन को प्रकाशित करने वाले 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के जिन सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स को यह पेपर रिव्यु के लिए भेजा गया था इनकी कमेंट्स के बारे में कोई सूचना उपलब्ध क्यों नहीं है। क्या विद्वत्त समीक्षकों ने लापरवाही की है? ऐसे पेपर्स स्यूडो-साइंस के दायरे में आते हैं। इससे जर्नल की ख्याति पर ही नहीं भारत बायो-टेक, आईसीएमआर की प्रतिष्ठा, भारत में बायो-मेडिकल अनुसंधान कार्यों की गुणवत्ता पर अंगुली उठाए जाने का मौक़ा मिलने के अलावा देश की फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री की कार्य प्रणाली और ड्रग रेगुलेटर पर भी पर शक होने का ख्याल किसी के मन में आ सकता है। इससे हमारे देश में औषधि और टीका विकास एवं निर्माण और इनकी मार्केटिंग पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। जाहिर है शोध अध्ययन की प्रक्रिया में सतर्कता नहीं बरती गई।

## प्रसंगवश

# बेपरवाही और आत्ममुग्धता



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है।

इतना मौन तो मतदाता कभी न था। दरअसल वह एक उलझनभरी मनःस्थिति का शिकार है। एक तरह की किंकर्तव्यविमूढ़ता! क्या करे? कहां जाय? एक ओर मोदी मैजिक है दूसरी ओर खड़े किए गए प्रत्याशियों का नकारापन। एक तीसरा पहलू है विकल्पहीनता की स्थिति। विपक्ष धराशायी सा है। ऐसे हालात में मतदाता त्रिशंकु की बेबसी लिए अगले चरण के मतदान की तारीख को पास आता देख रहा है। अनिश्चय में है।

प्रत्याशियों के नकारेपन के अनवरत फीडबैक के चलते एक हालिया इन्टरव्यू में मोदी जी को स्पष्ट करना पड़ा कि उनका प्रत्याशी और कोई नहीं केवल कमल है और मतदाता बस कमल पर मुहर लगाएं। यह एक पावरफुल संदेश है किंतु कितना कारगर होगा नतीजे बताएंगे।

मगर कई प्रत्याशियों का नकारापन इस बार हावी होता दिख रहा है। ऐसे प्रत्याशी जो जीते तो कभी जनता के बीच नहीं गए। ये ऐसी शख्सियतें हैं कि इनकी नकारात्मकता मोदी मैजिक पर भी भारी पड़ रही है। यह मोदी युग के इस तीसरे चुनाव का एक उल्लेखनीय ऐंगल है। दूसरी ओर विपक्षी खेमा चुनाव के बढ़ते चरणों में उत्तरोत्तर उत्तर प्रदेश में हावी होता दिख रहा है। संविधान बदलने का खतरा और कोविड वैक्सीन की मारकता। और भी अल्ल बल्ल फैलाया जा रहा है। कमल ही प्रत्याशी है यह वाक्य कितना कारगर होगा? यह मंत्र कितने मतदाताओं तक पहुंचा है? और यह जिम्मेदारी किसकी है कि मोदी का यह संदेश घर घर तक जा पहुंचे। समर अभी शेष है। भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है। जैसे मुतमईन हों भाजपा प्रत्याशी कि मोदी जी इस बार भी चुनावी वैतरणी पार करा ही देंगे। क्यों पसीना बहाना? लू के लपेटे में क्यों आना? ऐसी बेपरवाही, आत्ममुग्धता के परिणाम क्या अच्छे होने हैं?

# बढ़ता तापमान आर्थिकी के लिए घातक



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

वर्ष 2023 भारत के लिए अब तक का दूसरा सबसे गर्म वर्ष था। अब तक का सर्वाधिक गर्म साल 2016 रहा है। अगर वैश्विक स्तर पर बात करें तो पिछले बारह महीनों (अप्रैल 2023 - मार्च 2024) में वैश्विक औसत तापमान 1991-2020 के औसत से 0.70 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया है। वर्ष 2024 में वैश्विक सतह का तापमान 20 वीं सदी के औसत तापमान से 1.35 डिग्री सेल्सियस अधिक है। एक शोध के अनुसार इस बात की 55 फीसदी आशंका है कि 2024 इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में रिकॉर्ड हो सकता है। वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) और जलवायु परिवर्तन का किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर मूलतः दो तरीकों से प्रभाव पड़ता है।

बढ़ते तापमान और बेमौसमी बारिश से फसलों को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे उपज कम हो जाती है और बाजार में मांग बढ़ती है। जिसका सीधा संबंध महंगाई से है। उसके अलावा ऐसे नुकसान से निपटने के लिए राहत और बुनियादी ढांचे पर जो खर्च होता है उसका नतीजा तमाम लोगों के लिए करों में वृद्धि के रूप में निकलता है। फिर फसलों की कम पैदावार हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को भी प्रभावित करती है। क्योंकि सरकार उन फसलों के निर्यात पर पाबंदी लगा देती है जिनकी उपज कम होती है। साल 2022 में बढ़ते तापमान की वजह से गेहूं का उत्पादन कम हुआ था और इस कारण से भारत ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। जनवरी 2024 तक भारत में चीनी उत्पादन 5.28 प्रतिशत कम आंका गया है। जिसका प्रमुख कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपज का कम होना माना गया है। भारत पिछले छह वर्षों से चीनी का निर्यातक रहा है। लेकिन अब विश्लेषक कयास लगा रहे हैं कि शायद अगले साल तक भारत को चीनी आयात भी करनी पड़ सकती है। बढ़ती गर्मी और विभिन्न चरम मौसमी घटनाओं का सीधा असर श्रम प्रधान क्षेत्रों पर बहुत ज्यादा पड़ेगा। इससे खेती-बाड़ी निर्माण गतिविधियों परिवहन और पर्यटन कारोबार खासे प्रभावित हो सकते हैं। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर हो सकता है। 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' का अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव का सबसे अधिक सामना कृषि और निर्माण श्रमिकों को करना पड़ेगा। भारत में बढ़ती गर्मी के परिणामस्वरूप 2030 तक काम के घंटों में 5.8 प्रतिशत तक की गिरावट आने का अनुमान है। जो करीब 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के नुकसान के बराबर होगा। इससे जीडीपी में अनुमानित 2.50 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। बढ़ता तापमान कच्चे माल यानी कृषि उपज और श्रम पर प्रभाव डालने के साथ औद्योगिक विकास को भी प्रभावित कर सकता है। इसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक बुनियादी ढांचे को प्रत्यक्ष नुकसान मानव संसाधन की उपलब्धता एवं उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव और कच्चे माल के भंडारण से सम्बंधित परिचालन लागत में वृद्धि शामिल है। उद्योगों को पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में अधिक निवेश करना पड़ सकता है। जिससे उत्पादन की लागत बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त समुद्र का बढ़ता स्तर बाढ़ चक्रवाती तूफ़ान भूस्खलन आदि सड़क रेलवे और समुद्री मार्गों जैसे परिवहन साधनों को सीधे प्रभावित करेंगे। जिससे भी आपूर्ति श्रंखला बाधित हो सकती है। पिछले वर्ष 4 अक्टूबर को सिक्किम के चुंगथांग में 1200 मेगावाट की तीस्ता जलविद्युत परियोजना का 60 मीटर ऊंचा कंक्रीट बांध हिमानी झील के फटने से आई बाढ़ में ढह गया था। इस तरह की घटनाओं की आशंका और भी बढ़ेगी जिसका असर समग्र विकास पर पड़ेगा। वस्तुतः किसी भी गंभीर समस्या का समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति के बगैर संभव नहीं है। हमारे देश की राजनीतिक चेतना में जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान का मुद्दा कितने हाशिये पर है इसे समझने के लिए दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों पर नजर डाली जा सकती है। सत्तारूढ़ भाजपा ने पर्यावरण को अपने घोषणा पत्र में पेज नंबर 71 पर जगह दी है। यह उसके घोषणा पत्र का समापन बिंदु है। वहीं कांग्रेस ने इसे अपने घोषणा पत्र में पेज 41 पर जगह दी है। जो उसका आखिरी अध्याय है।

गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। और 2050 तक 20 फीसदी देश जल संकट से घिर सकते हैं। इसके साथ ही 2030 तक बढ़ते तापमान के कारण 2,50,000 लोगों की मौतें हो सकती हैं। वस्तुतः गर्मी बढ़ने से ऊर्जा की मांग बढ़ेगी जिससे वायु प्रदूषण फैलेगा। एक और अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग से 20 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हो सकता है। कृषि पैदावार में गिरावट आने से भुखमरी बढ़ेगी और अकाल जैसे हालात बन सकते हैं।

## सोशल फोरम

# सत्तर के दशक तक



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

गांव के इक्का दुक्का लोग या तो फौज में भर्ती हो जाते थे या मास्टर हो जाते थे। नौकरी के पीछे भागने का चलन 1970 के आसपास शुरू हुआ और इसने पलायन की गति बढ़ा दी। इसका कारण रोजगार की कमी भी थी। कल गेहूं की उपज का अनुमान लगा रहा था और जैसा कि गणित के मास्टर की आदत होती है कि लाभ हानि का हिसाब भी लगा रहा था। उप्र सरकार की प्रांतीय सिविल सेवा में ज्वाइन करने से पहले मल्ला डौणू, तल्ला डौणूं, दशौली और भदीना के चारों गांव की अपनी जमीन आबाद करना एक चुनौती थी और इसे बखूबी निभाया जाता था। धीरे-धीरे सब छूटता गया।

2006 (मां के देहान्त) तक दूध, दही घी और सब्जी या आटा चावल दाल शायद ही कभी बाहर से खरीदना पड़ा हो। मेरे बाहर निकल जाने के बाद दशौली के खेत द्वारी की जमीन और तल्ला डौणूं के खेत पिता श्री ने अपने हिसाब से सौंप दिए। आज तो मैं यह भी नहीं पूछता कि इन जमीनों पर कब्जा किसका है क्योंकि तल्ला डौणूं के खेत पिछले नवंबर में अथक प्रयास के बाद भी मुझे बंजर ही छोड़ने पड़े। लुब्बो लुबाब यह है कि जितनी जमीन दशावली (पाठकों की दशौली) में सिविल सेवा में जाने से पहले खेती बाड़ी में थी आज उसका दसवां भाग भी आबाद कर पाना मुश्किल हो रहा है। मौद्रिक लाभ को शून्य मान लिया जाए तो भी गांव में कामकाजी महिलाओं के लिए इतनी छोटी सी खेती में पंद्रह दिन का रोजगार सृजन हुआ ही है और मुझे शुद्ध आर्गेनिक गेहूं छः सात महीने के लिए मिल गया है। आगे लगभग पंद्रह बीस दिन तक खेती बाड़ी की गतिविधियां कम हैं इसलिए कल खेतों में घूम रहे आवारा छोकरों को कहा है कि सप्ताह में एक दिन हर परिवार से एक आदमी कुदाल फावड़ा बेलचा लेकर आए और ऊपर जंगल में जाकर जलसंचय के लिए खाईयां बनाने में योगदान करे। इस बार जाड़ों में बर्फबारी न होने के कारण जल स्रोतों का निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। यह व्यवस्था आगामी वर्षों के लिए करनी है।पशु पक्षी के लिए भी जल का अभाव होने लगा है।

-फेसबुक वॉल से

# यादें राजीव गांधी की शव यात्रा की



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं।

सच में मुट्ठी में पकड़ी रेत की तरह से निकल जाता है वक्त। राजीव गांधी की दर्दनाक मौत को 33 साल हो गए। 21 मई 1991 को हुई हत्या से सारी दुनिया हिल गई थी। पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और संजय गांधी की शव यात्राओं में भी जनता की भागीदारी बहुत थी। पर राजीव गांधी की शवयात्रा को बहुत बड़ी शवयात्रा के रूप में याद किया जाता है। हालांकि इस लिहाज से दिल्ली में महात्मा गांधी से बड़ी शव यात्रा किसी ने नहीं देखी।

राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं। पाकिस्तान से प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी राजनीतिक विरोधी बेनजीर भुट्टो भी आए। ये दोनों हमवतन तब एक दूसरे से दूर-दूर रहे। पर अब शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हैं और बेनजीर भुट्टो के पति देश के राष्ट्रपति हैं। यानी गुजरे दौर के शत्रुओं ने अपनी राजनीतिक अदावत को भुला दिया है। वे अब साथ-साथ हैं।

राजीव गांधी का पार्थिव शरीर जनता के दर्शनों के लिए तीन मूर्ति भवन में रखा था। राजीव गांधी की अंत्येष्टि 24 मई, 1991 को हुई थी। उसमें बांग्लादेश की तब की प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया और फिलीस्तीन मुक्ति संगठन के प्रमुख यासरअराफात ने भी भाग लिया था। अराफात तो बार-बार फफक कर रो भी पड़ते थे। उनके गांधी परिवार से व्यक्तिगत संबंध थे। 24 मई से पहले ही राहुल गांधी अमेरिका से वापस भारत आ चुके थे। राहुल उन दिनों अमेरिका में ही पढ़ते थे। राजधानी में शक्तिस्थल पर अंत्येष्टि की तैयारियां पूरी हो गईं थी।

राजीव गांधी ने 20 मई,1991 को दिल्ली के निर्माण भवन में अपना लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाला था। अब भी देश को वह तस्वीर याद है, जब राजेश खन्ना कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गांधी और सोनिया गांधी को उनका वोट डलवाने में मदद कर रहे हैं। वह राजधानी में राजीव गांधी की अंतिम तस्वीर थी। उसके अगले ही दिन यानी 21 मई, 1991 को राजीव गांधी की एक बम धमाके में हत्या कर दी गई थी। घटना तमिलनाडू के श्रीपेरम्बदूबर में हुई थी। देश ने इस जगह का पहले कभी नाम भी नहीं सुना था। धमाके में राजीव गांधी का शरीर छलनी हो गया था। उसके आसपास कुछ और शव भी पड़े। राजीव गांधी की मौत से सारा देश सन्न था। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और परिवार के मित्र सुमन दूबे वगैरह चैन्नई (तब मद्रास) से राजीव गांधी के शव को लेकर दिल्ली आ गए थे। तय हुआ कि उनका अंतिम संस्कार 24 मई, 1991 को होगा।

और अब वक्त आ गया था राजीव गांधी को अलविदा कहने का। शाम सवा पांच बजे अपार जनसमूह के सामने अंत्येष्टि वैदिक मंत्रोचार के बीच शुरू हुई। सोनिया गांधी काला चश्मा पहने अपने पुत्र राहुल को अपने पिता की चिता पर मुखाग्नि देने के कठोर काम को सही प्रकार से करवा रहीं थीं। जो भी उस मंजर को देख रहा था, उसका कलेजा फट रहा था। अमिताभ बच्चन भी वहां पर थे। तब तक उनके गांधी परिवार से मधुर संबंध थे। अंत्येष्टि के दौरान बनारस से खासतौर पर आए पंडित गणपत राय राहुल गांधी और अमिताभ बच्चन को बीच-बीच में कुछ समझा रहे थे। राजेश खन्ना लगातार रो रहे थे। करीब डेढ़ घंटे तक चली थी अंत्येष्टि। राजीव गांधी को अंतिम विदाई देने के कई दिनों के बाद भी देश में उदासी छाई रही थी।

# अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भारतीय राजनीति में ज्यों-ज्यों लोकतंत्र पुराना होता जा रहा है, व्यक्ति पूजा और चाटुकारिता बढ़ती जा रही है। पहले कांग्रेस सत्ता में रही है, तो रीतिकालीन दरबारी कवियों की भांति मुख्य नेता के इर्द गिर्द रहने वाले मुसाहिब उसके नवनीत लेपन करते थे। कवियों को राजे महराजे पुरस्कार देते थे और लोकतांत्रिक सत्ताधारी चाटुकारों को पद, प्रतिष्ठा प्रदान करते हैं। एमरजेंसी खत्म होने के बाद हुए चुनावों में जनता पार्टी सत्ता में आ गई थी, जो 27 महीने सरकार चला पाई। बाद में फिर चुनाव हुए, तो कानपुर के फूलबाग (गणेश उद्यान) की एक सभा में पं.कमलापति त्रिपाठी ने कहा था कि माफी इंदिरा जी को नहीं, जनता को उनसे मांगनी चाहिए, जिसने विगत में उन्हें अपदस्थ किया। मालूम हो कि जनतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है।

काग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने "इंदिरा इज़ इंडिया" का नारा बुलंद किया था। यूपीए शासन काल में सोनिया गांधी को दुर्गा के रूप में चित्रित और मूर्तिमन्त किया गया तथा एक वैश्विक फुटबाल प्रतियोगिता में इटली और फ्रांस के बीच होने वाले मैच के समय भारत में इटली के पक्ष में हवन किए गए और कहा गया कि वह राहुल की ननसाल है। ज्ञातव्य है कि भारत इस प्रतियोगिता में पहले ही हार चुका था। खैर! अब भारतीय जनता पार्टी भी इस कार्य में कांग्रेस को पीछे छोड़ रही है। नरेंद्र मोदी के दूसरे सत्ता-काल में यह ज्यादा ही बढ़ गया है। कभी अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में मोदी को प्रधानमंत्री पद पर प्रतिष्ठित करने वाले राजनाथ सिंह कहते हैं कि 'मोदी जी ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक करने का निर्णय 10 मिनट में ले लिया था'और कभी कहते हैं, 'देश की जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है'। शासन में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव के पीएम प्रत्याशी के रूप में अभी से प्रोजेक्ट कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पुरी(ओडिसा) से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी संवित पात्रा ने कहा कि 'भगवान जगन्नाथ भी मोदी जी के भक्त हैं'।

बताते चलें कि हिरण्यकशिपु, महिषासुर, कंस आदि भगवान की सत्ता को न मानकर अपने को ही भगवान घोषित करते और पूज्य मानते थे, लेकिन भगवान द्वारा अपने को पूजनीय और उनका आराध्य नहीं बताते थे, किन भाजपाई अब इससे आगे बढ़कर चाटुकारिता की सभी हदें पार कर रहे हैं। इस कथन की तीखी आलोचना हो रही है और गाढ़े समय में भाजपा के मददगार बनते रहे ओडिसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने संवित पात्रा के कथन की कड़ी निंदा की। लोकतंत्र के लिए अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं है।



दुनिया के सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित गुरुद्वारों में शुमार उत्तराखंड के चमोली जिले के श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के कपाट 25 मई को खुलने से पहले भारतीय सेना के जवान बर्फ काटकर श्रद्धालुओं के लिए रास्ता बनाते हुए। :एजेंसी

# तेज रफ्तार इको कार ने चार महिलाओं को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर हाथीपुर फ्लाईओवर के पास हादसा
- जबरदस्त टक्कर के बाद करीब 200 मीटर घसीटती ले गई कार

**अमृत विचार :** महाराजपुर थानाक्षेत्र स्थित चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर हाथीपुर फ्लाईओवर के पास मंगलवार शाम फतेहपुर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहीं किशोरी समेत चार महिलाओं को रौंद दिया। हादसे में चारों की मौत हो गई। कार की चपेट में आकर महिलाएं करीब 200 मीटर तक घिसटती हुई चली गईं। एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल है। उसे हैलट अस्पताल भेजा गया है। कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना पर डीसीपी पूर्वी समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची।

श्याम नगर निवासी पूनम पांडेय (50) मंगलवार सुबह नीलवाली गली निवासी बेटी चंचल द्विवेदी (30) के साथ महाराजपुर थाना क्षेत्र निवासी ननद सरिता द्विवेदी (53) व रूपा तिवारी (38) के घर गई थीं। सरिता के पति जितेंद्र ने बताया कि शाम करीब साढ़े छह बजे पत्नी सरिता अपनी बेटी अपर्णा (17) व रूपा, पूनम और चंचल को कुछ दूर छोड़ने के लिए उनके साथ जा रहीं थीं। वह चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर रोड पार करने लगीं तभी फतेहपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको कार ने सभी को जोरदार टक्कर मार दी।

कार की चपेट में आकर पूनम, सरिता, चंचल व रूपा करीब 200 मीटर दूर घिसटती हुई चली गईं। हाथीपुर फ्लाईओवर के पास कार अनियंत्रित होकर दो बार पलट गई। हादसे के बाद क्षेत्रीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने पूनम, रूपा व सरिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद चंचल व अपर्णा को हैलट रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान चंचल की भी मौत हो गई। सूचना पर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार समेत कई थानों का फोर्स व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार जब्त कर घटनास्थल पर साक्ष्य संकलित किए। एक साथ चार लोगों की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।

### मृतकों में दो बहनें, एक ननद और एक बेटी



प्रयागराज हाईवे पर क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

### पापा ! मम्मी कैसी हैं, ठीक तो हैं न

हैलट अस्पताल में चंचल की मौत के बाद परिजनों ने गंभीर हालत में अपर्णा को स्वरुप नगर स्थित मधुराज अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद होश आते ही बदहवास अपर्णा ने पिता जितेंद्र से मां का हाल पूछा। पिता को अपने पास बुलाते हुए अपर्णा ने पूछा कि मम्मी कैसी है, जिस पर जितेंद्र ने सब ठीक होने की उसे जानकारी दी। अपर्णा ने बताया कि कार हवा की रफ्तार में आई और कब क्या हो गया उसे पता ही नहीं चला।

## एक नजर

### पुल से गिरी निजी बस दो की मौत

**राजगढ़ (मप्र) :** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में मंगलवार तड़के एक निजी बस के पुल से गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 40 घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना देर रात करीब 1.30 बजे पचोर शहर के पास हुई जब 55 यात्रियों को लेकर बस पुल पार कर रही थी। पचोर पुलिस थाना प्रभारी आकांक्षा शर्मा ने कहा कि बस चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह नीचे गिर गई। उन्होंने बताया कि दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 40 घायल हो गए। घायलों में से 19 को गंभीर चोटें आईं और उन्हें इंदौर रेफर कर दिया गया, जबकि बाकी का शाजापुर, ब्यावरा और पचोर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान हरजत सिंह (28) के रूप में हुई है जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो सकी।

### जयराजन की हत्या की साजिश मामले में सुधाकरन बरी

**कोच्चि :** केरल उच्च न्यायालय ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख के. सुधाकरन को 1995 में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के मौजूदा संयोजक ईपी जयराजन सहित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कुछ वरिष्ठ नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में मंगलवार को बरी कर दिया। उच्च न्यायालय ने सुधाकरन और मामले के एक अन्य आरोपी राजीवन को यह कहते हुए बरी कर दिया कि आंध्र प्रदेश पुलिस पहले ही उनके खिलाफ आपराधिक साजिश के आरोपों की जांच कर चुकी है। ऐसे में उन्हीं आरोपों पर केरल में दर्ज की गई दूसरी प्राथमिकी उचित नहीं थी। जयराजन ट्रेन में यात्रा कर रहे थे और आंध प्रदेश के चिराला इलाके में ट्रेन में गोली लगने से घायल हो गए थे।

### कुख्यात मानव तस्कर को एनआईए ने हिरासत में लिया

**अगरतला :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले हफ्ते गिरफ्तार किए गए कुख्यात मानव तस्कर हन्नान मिया (41) को हिरासत में ले लिया है। एनआईए की टीम उसे स्थानीय अदालत से प्रत्यर्पण की अनुमति लेकर गुवाहाटी ले गयी है, उसे मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

### उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से मिले अमिताभ कांत

**श्रीनगर।** भारत के जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने मंगलवार को यहां राजभवन में उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। श्री कांत जम्मू-कश्मीर हस्तशिल्प की रिब्रांडिंग पर विचार-विमर्श सत्र के लिए जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। उन्होंने श्री सिन्हा के साथ बातचीत में केंद्र शासित प्रदेश के हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र में विकास और नवाचार को बढ़ावा देने पर अपने विचार साझा किए।

# मनीष सिसोदिया को झटका, जमानत नामंजूर

**शराब घोटाला : दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- सत्ता के दुरुपयोग, सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन का है मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी



- कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सहित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने में शामिल थे : कोर्ट

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि सिसोदिया कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सहित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने में शामिल थे। उच्च न्यायालय ने कहा कि सिसोदिया दिल्ली सरकार के सत्ता गलियारे में एक बहुत शक्तिशाली और प्रभावशाली व्यक्ति हैं क्योंकि उनके पास 18 विभाग थे।

अदालत ने कहा कि यह मामला आवेदक द्वारा सत्ता का गंभीर दुरुपयोग और सार्वजनिक विश्वास का उल्लंघन किए जाने का है, जो दिल्ली के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत थे। अदालत ने आदेश सुनाते हुए कहा कि आबकारी विभाग सहित 18 विभागों वाले मंत्री के रूप में सिसोदिया को दिल्ली के लिए एक नयी शराब नीति तैयार करने का काम सौंपा गया था। हालांकि जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि प्रथम दृष्टया सिसोदिया ने अपने पूर्व निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सार्वजनिक प्रतिक्रिया गढ़कर आबकारी नीति बनाने की प्रक्रिया में गड़बडी की। गौरतलब है कि शराब नीति घोटाले को लेकर केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व पर जांच एजेंसियों ने शिकंजा कस रखा है।

### हर हफ्ते बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति

सिसोदिया के अंतरिम राहत के आवेदन पर अदालत ने कहा कि उन्हें अधीनस्थ अदालत द्वारा तय किए गए समान नियमों और शर्तों पर हर हफ्ते हिरासत में अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दी जाएगी। उच्च न्यायालय ने 14 मई को आम आदमी पार्टी के नेता, सीबीआई और ईडी की दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया ने अधीनस्थ अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। अधीनस्थ अदालत ने अब समाप्त की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को तैयार करने और इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज किए गए भ्रष्टाचार तथा धनशोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इस बीच, विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मंगलवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी।

# पूर्व आईएएस अधिकारी के ठिकानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत मंगलवार को उनके ठिकानों पर छापे मारे।

ईडी का मामला उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव अभिषेक के खिलाफ सीबीआई द्वारा हाल में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। 1982 बैच के आईएएस अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने फरवरी में छापेमारी की थी। वह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले डीपीआईआईटी से 2019 में सेवानिवृत्त हुए थे। सूत्रों ने बताया कि ईडी धनशोधन जांच के तहत राष्ट्रीय राजधानी के ग्रेटर कैलाश इलाके में और कुछ अन्य स्थानों पर अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है। सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि अभिषेक ने सेवानिवृत्ति के बाद उन निजी कंपनियों से परामर्श शुल्क के रूप में 'बड़ी रकम' प्राप्त करके खुद को समृद्ध किया, जिनके मामले में उन्होंने सेवा में रहते हुए निपटाए थे।

# चरनपाल सोबती, पुत्र-पुत्री पर हत्या की कोशिश और धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरिया कारोबारी ने लाखों की धोखाधड़ी का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** कैंट थाना में शहर के बिल्डर चरणपाल सोबती, उसके बेटा-बेटी समेत छह लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी, हत्या की कोशिश आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सरिया कारोबारी ने बिल्डर पर 12 लाख रुपये की सरिया लेकर भुगतान न करने का आरोप लगाया है।

बुखारा रोड पर गुलजारी लाल कंठीराम सरिया के मालिक रोहित गुप्ता ने मॉडल टॉउन निवासी चरनपाल सिंह सोबती, उसके बेटे दिव्यजोत सिंह, आकृति सोबती, वरिंदर सिंह, प्रेमनगर में बीडीए कॉलोनी निवासी ललित गोयल और ख्वाजा कुतुब निवासी दिनेश शर्मा के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोहित के मुताबिक उन्होंने सोबती बिल्डर से 93.35 लाख में सरिया का सौदा किया था। आरोप है कि सोबती बिल्डर के डायरेक्टर ने सरिया के दस लाख रुपये एडवांस भेजे थे। 18 दिसंबर 2023 को उन्होंने 22 लाख की सरिया और लोहे का माल भेज दिया। इसके बाद उनका 12 लाख रुपये का बकाया नहीं दिया। आरोप है कि 12 अप्रैल को रोहित गुप्ता बुखारा रोड पर अपनी फर्म से घर लौट रहे थे। इसी दौरान लाल फाटक के पास सोबती बिल्डर के दिनेश शर्मा और ललित गोयल ने उन्हें घेर लिया और मारपीट की। उन्होंने बिल्डर से फोन पर बात कराई और धमकी दी कि लोहा और सरिया भेजो तभी पेमेंट देंगे। उन्होंने 10 लाख की रंगदारी भी मांगी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो रोहित ने कोर्ट की शरण ली थी।

# अनुच्छेद 370 से संबंधित आदेश की समीक्षा की याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखने के 11 दिसंबर 2023 के अपने आदेश की समीक्षा के लिए दायर याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

- प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने किया खारिज

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने समीक्षा याचिकाओं पर विचार किया और उन्हें खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के अनुरोध को खारिज कर दिया। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना भी थे। पीठ ने एक मई के अपने आदेश में कहा कि समीक्षा याचिकाओं पर गौर करने के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि उच्चतम न्यायालय नियमावली 2013 के नियम 1 आदेश 47 के तहत समीक्षा के लिए कोई आधार नहीं है, इसलिए समीक्षा याचिकाएं खारिज की जाती हैं। पिछले साल 11 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने केंद्र के 2019 के फैसले को बरकरार रखा था। अदालत ने इस साल सितंबर के अंत तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने और राज्य का दर्जा बहाल करने का आदेश दिया था।

# मोदी झूठ बोलकर जनता से विश्वासघात कर रहे : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ फैलाने की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह झूठ बोलकर सत्ता में आए और पिछले 10 साल से देश की जनता से वह विश्वासघात कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अब प्रधानमंत्री के झूठ से लोग उकता चुके हैं। यही वजह है कि अब तक हुए चुनाव में भाजपा की सुनिश्चित हार को देखते हुए मोदी बौखला गए हैं और वह उल्टे सीधे बयान दे रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी के झूठ, दुष्प्रचार और उनकी मित्र मीडिया एक तरफ - सच की आवाज एक तरफ। भाजपा सरकार में 10 साल के विश्वासघात से पैदा हुआ आक्रोश अब क्रांति का रूप ले चुका है। ये सिर्फ हरियाणा की नहीं, पूरे देश की आवाज है। अब इंडिया समूह की आंधी रुकने वाली नहीं है।

# महाराष्ट्र : अवैध होर्डिंग लगाने के 15 मामले दर्ज

**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर शहर में अवैध रूप से होर्डिंग लगाने के संबंध में कम से कम 15 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 11 मामले एक ही दिन में दर्ज किए गए।

नगर निकाय अधिकारियों ने बताया कि मुंबई में 13 मई को एक अवैध होर्डिंग के गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। इसी हादसे की पृष्ठभूमि में यह कार्रवाई की गई। लातूर नगर निकाय ने शहर से अवैध होर्डिंग हटाने के लिए रविवार तक की समय सीमा दी थी। समय सीमा समाप्त होने के बाद सोमवार को अवैध होर्डिंग से संबंधित 11 मामले दर्ज किए गए।

# देश की स्थिति बिगाड़ने वालों के बारे में सोचना होगा : शर्मा

**नई दिल्ली :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर देश में भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आधार पर काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि 2014 से पहले देश की स्थिति बिगाड़ने वालों के बारे में जनता को सोचना होगा। शर्मा सोमवार को नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के समर्थन में मोती नगर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में आमजन ने आतंकवाद और विभिन्न प्रदेशों ने नक्सलवाद की घटनाओं को झेला, लेकिन आज आतंकवाद एवं नक्सलवाद नजर नहीं आता।

# दुर्लभ मस्तिष्क संक्रमण से पांच वर्षीया बच्ची की मौत

मल्लपुरम, एजेंसी

- तालाब में नहाने के बाद से बीमार हो गई थी बच्ची

केरल के मलप्पुरम जिले में दूषित पानी में पाए जाने वाले अमीबा के कारण हुए दुर्लभ मस्तिष्क संक्रमण अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस से पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची की मृत्यु हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कोझिकोड मेडिकल कॉलेज के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान में उसका एक सप्ताह से अधिक समय से इलाज चल रहा था। बच्ची मून्नियुर पंचायत की निवासी थी। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, मेनिंगोएन्सेफलाइटिस संक्रमण तब होता है जब मुक्त-जीवी, गैर-परजीवी अमीबा बैक्टीरिया दूषित पानी से नाक के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं। बच्ची एक मई को पास के तालाब में नहायी थी। जिसके बाद 10 मई तक उसमें बुखार और उल्टियां होने के लक्षण नजर आने लगे।

### दूषित जल पीने के बाद एक युवक की मौत

**मैसुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मैसुरु जिले के एक गांव में सोमवार को दूषित पानी पीने के बाद एक सालुंडी गांव में दूषित पानी पीने के बाद कनकराज (20) की मौत हो गयी और कई अन्य लोग बीमार पड़ गये।

# फांसी की सजा आजीवन कारावास में तब्दील

विधि संवाददाता, नैनीताल



- रुद्रपुर में कुकर्म के बाद बालक की हत्या का मामला
- हाईकोर्ट ने आरोपी के मां व पिता की सजा बरकरार रखी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने रुद्रपुर में पांच वर्षीय गूंगे-अबोध बालक से कुकर्म कर उसकी हत्या के आरोपी को पॉक्सो कोर्ट रुद्रपुर द्वारा फांसी की सजा देने के मामले पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की खंडपीठ ने आरोपी की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में तब्दील करते हुए उसकी मां व पिता की सजा को बरकरार रखा है।

मामले के अनुसार 21 फरवरी 2019 को ट्रांजिट कैंप थाने के वार्ड नंबर 4 आजादनगर निवासी मृतक के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पांच वर्षीय गूंगा बालक घर की छत पर खेल रहा था। कुछ समय बाद जब उसकी मां उसे छत पर लेने गई तो वह वहां नहीं था। उन्होंने बेटे की हर जगह खोज की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस जांच में पता चला कि उनका पड़ोसी हरस्वरूप बच्चे के खोज में सहयोग नहीं कर रहा है बल्कि उनसे नजरें चुरा रहा है। शक पर पुलिस ने हरस्वरूप के घर की तलाशी ली तो बच्चे की नग्न लाश उनके घर में एक बोरे से बरामद हुई। साथ ही उसके कपड़े भी मिले।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बालक के शरीर पर चोटें पाई गई, उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी। पुलिस ने हरस्वरूप को बच्चे से कुकर्म के बाद हत्या करने और उसके पिता पप्पू व मां रूपवती को साक्ष्य छुपाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

तीनों के खिलाफ रुद्रपुर की पॉक्सो न्यायाधीश विजय लक्ष्मी विहान की कोर्ट में मुकदमा चला। पॉक्सो न्यायाधीश ने बालक के साथ कुकर्म कर निर्मम हत्या करने के अपराध को रेयर ऑफ़ रयिरेस्ट (दुर्लभतम कुकर्म-हत्याकांड ) करार देते हुये हरस्वरूप को फांसी की सजा सुनाई थी और 10 हजार रूपये जुर्माना लगाया था। वहीं साक्ष्य छुपाने पर आरोपी के पिता को 4 वर्ष व मां को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

# बांग्लादेश के रास्ते ईंधन लाने पर काम कर रही त्रिपुरा सरकार

अगरतला, एजेंसी

- असम के जतिंगा में मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद ईंधन संकट का करना पड़ा था सामना

त्रिपुरा सरकार बांग्लादेश के रास्ते ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को मजबूत बनाने की व्यवस्था पर काम कर रही है। एक मंत्री ने यह जानकारी दी। परिवहन मंत्री सुशांत चौधरी ने कहा कि त्रिपुरा में ईंधन और सामान लाने की यह एक वैकल्पिक व्यवस्था होगी।

असम के जतिंगा में एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद त्रिपुरा को गंभीर ईंधन संकट का सामना करना पड़ा था। असम-अगरतला राजमार्ग और पड़ोसी राज्य को जोड़ने वाले रेल लिंक पर मानसून के दौरान भूस्खलन के कारण यातायात बाधित होना बेहद आम है। परिवहन मंत्री सुशांत चौधरी ने सोमवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, असम के जतिंगा में हाल ही में रेल परिचालन में हुए व्यवधान के मद्देनजर हम बांग्लादेश के रास्ते ईंधन और माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था पर काम कर रहे हैं। अगले छह महीने से एक साल के बीच अगरतला-गंगासागर रेल ट्रैक माल परिवहन के लिए तैयार होगा। इसके बाद हम बांग्लादेश के रास्ते सीधे कोलकाता से ईंधन और सामान ला सकते हैं।

# बुजुर्ग मां को गुजारा भत्ता देने का कोर्ट ने दिया आदेश

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- इंदौर के कुटुम्ब न्यायालय ने पीड़िता को हर महीने तीन हजार रुपये देने का दिया आदेश
- कोविड लॉकडाउन के दौरान बुजुर्ग मां को प्रताड़ित कर बेटी ने घर से निकाल दिया था

इंदौर के कुटुम्ब न्यायालय ने अहम फैसले में 55 वर्षीय महिला को आदेश दिया है कि वह अपनी 78 साल की मां को हर महीने गुजारा भत्ते के तौर पर तीन हजार रुपये अदा करे। विधवा महिला ने अपनी इकलौती संतान के खिलाफ कुटुम्ब न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए आरोप लगाया था कि उसकी विवाहित बेटी ने उसकी जमा-पूंजी हड़पने के बाद उसे कोविड-19 की तालाबंदी के दौरान प्रताड़ित करके घर से बाहर निकाल दिया था।

अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश माया विश्वलाल ने 78 वर्षीय महिला की याचिका मंजूर करते हुए 17 मई को फैसला सुनाया। कुटुम्ब न्यायालय ने फैसले में कहा, प्रार्थी (बुजुर्ग महिला) की ओर से पेश साक्ष्य के आधार पर प्रमाणित है कि प्रतिप्रार्थी (बुजुर्ग महिला की बेटी) अपने मकान में स्थित दुकान में अपने पुत्र के साथ व्यवसाय करती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रतिप्रार्थी इस दुकान के जरिये व्यवसाय करके आमदनी अर्जित करती है और अपनी माता का भरण-पोषण करने में सक्षम है। बुजुर्ग महिला ने कुटुम्ब न्यायालय को बताया कि उसकी बेटी घर में साड़ियों की दुकान चलाती है। बुजुर्ग महिला के पति राज्य सड़क परिवहन निगम में चालक के तौर पर पदस्थ थे और उनका 2001 में निधन हो गया था। महिला के मुताबिक उनके पति के निधन के बाद उनकी विवाहित बेटी ने उन्हें बहला-फुसला कर उनका पुश्तैनी मकान बिकवा दिया और उन्हें अपने परिवार के साथ रहने के लिए बुला लिया था। बेटी ने उनके दिवंगत पति की भविष्य निधि की राशि और पुश्तैनी मकान की बिक्री से मिली रकम बैंक खाते से यह झांसा देते हुए धीरे-धीरे निकलवा ली कि वह उन्हें अपने घर में रखकर उनकी पूरी देखभाल करेगी।

### संपत्ति पर बराबर अधिकार तो देखभाल भी करे बेटी

महिला का आरोप है कि उनकी जमा-पूंजी हासिल करने के बाद बेटी ने उन्हें प्रताड़ित कर मार्च 2020 में घर से उस वक्त निकाल दिया, जब कोविड-19 के प्रकोप के कारण सरकार के आदेश पर तालाबंदी की गई थी। याचिकाकर्ता की अधिवक्ता शैल राजपूत ने बताया, हमने कुटुम्ब न्यायालय के सामने तर्क रखा कि जब कोई महिला अपने माता-पिता की संपत्ति पर बराबर के अधिकार का दावा कर सकती है तो यह उस का कर्तव्य भी है कि वह अपने बुजुर्ग माता-पिता की पूरी देखभाल करे।

# वोटों के लिए तमिलों को बदनाम न करें मोदी

चेन्नई, एजेंसी

- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर जताई आपत्ति

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने ओडिशा में भगवान जगन्नाथ मंदिर के कोषागार की गायब चाबियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक टिप्पणी पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि यह वोटों की खातिर तमिलों को बदनाम करने का प्रयास है।

प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में एक रैली में कहा था कि भगवान जगन्नाथ मंदिर के कोषागार की चाबियां तमिलनाडु चली गई हैं। स्टालिन ने यहां एक बयान में कहा कि मोदी को तमिलों की छवि खराब करने वाली इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की चाबियां पिछले छह साल से गायब होने पर चिंता जताते हुए सोमवार को ओडिशा में नवीन पटनायक नीत बीजू जनता दल (बीजद) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था, पुरी में भगवान जगन्नाथ का मंदिर भी इस सरकार के हाथों में सुरक्षित नहीं है।

# पूर्व शिक्षा मंत्री राकेश धर त्रिपाठी की सजा स्थगित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने सुनाई थी तीन वर्ष की सजा

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को बड़ी राहत देते हुए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत दे दी है। मालूम हो कि 16 मई 2024 को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने सुनवाई बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।

तथ्यों के अनुसार 18 जून 2013 को पूर्व मंत्री के खिलाफ प्रयागराज के मुट्ठीगंज थाने में आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मंत्री पर आरोप था कि बसपा सरकार में मंत्री रहते उन्होंने ज्ञात आय से अधिक की संपत्ति अर्जित की है। इसके अलावा उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कॉलेज को मान्यता देने सहित कई फर्जीवाड़ा भी किए हैं। लोकायुक्त की जांच में वर्ष 2010 में अपने पद का गलत प्रयोग कर त्रिपाठी द्वारा कई कॉलेजों को मान्यता देने का खुलासा किया गया है। इसी मामले में एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट, प्रयागराज ने राकेश धर को दोषी मानते हुए तीन साल के कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।

# संपत्ति विवाद का निस्तारण आपराधिक न्यायालय में संभव नहीं : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पारिवारिक संपत्तियों को लेकर उपजे विवाद में घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत वाराणसी के राजघराने को कोई राहत ना देते हुए कहा कि ऐसे विवाद को सिविल न्यायालय द्वारा ही निस्तारित किया जा सकता है।

आपराधिक न्यायालय द्वारा ऐसे मामलों का निस्तारण नहीं किया जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की एकलपीठ ने बनारस के राजा



▸▸ राजा बनारस की पुत्री कुमारी विष्णु प्रिया की यचिका पर हुई सुनवाई

विभूति नारायण सिंह की बेटी और बेटे के बीच संपत्ति विवाद को लेकर दाखिल याचिका को निस्तारित करते हुए की। वर्तमान याचिका बनारस के राजा की बेटी महराज कुमारी विष्णु प्रिया की ओर से दाखिल की गई थी। कोर्ट ने आगे कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए याची को यह स्वतंत्रता दी जाती है कि वह सिविल न्यायालय में अंतरिम राहत के लिए एक आवेदन दाखिल कर सकती हैं और सिविल न्यायालय को उनकी अर्जी पर 4 महीने में निर्णय लेने का निर्देश दिया गया। हालांकि कोर्ट ने अपने इस आदेश के साथ ही संपत्ति के किसी भी स्थानांतरण पर रोक लगा दी है।

दरअसल राजकुमारी का छोटा भाई विवादित संपत्ति को बेच रहा है और याची ने इस पर रोक लगाने की मांग लेकर याचिका दाखिल की है, क्योंकि इससे उनका हित प्रभावित हो रहा है। हालांकि विपक्षी (भाई) ने कोर्ट को बताया कि सक्षम न्यायालय द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पहले ही अंतरिम आदेश पारित किया जा चुका है। राजस्व रिकॉर्ड में संपत्ति उनके नाम दर्ज है।

लिहाजा याची की ओर से उसे किसी भी तरह से रोका नहीं जा सकता है। इसके अलावा याची और विपक्षी के बीच संपत्तियों का स्पष्ट विभाजन है, फिर भी याची विपक्षी को उनके हिस्से की संपत्ति बेचने से रोक रही हैं।

# अफजाल अंसारी के चुनाव लड़ने पर फैसला आज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ पीयूष राय व राज्य सरकार ने की सजा बढ़ाने की मांग

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट में गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी की अपील पर मंगलवार को 2 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान अंसारी के अधिवक्ताओं ने पक्ष रखते हुए सजा खत्म करने की मांग की।

कोर्ट को बताया गया कि लंबित मुकदमे के कारण अफजाल अंसारी के चुनाव लड़ने को लेकर संशय बना हुआ है। अतः कोर्ट से सजा रद करने की मांग की गई। हालांकि राज्य सरकार और भाजपा विधायक रहे कृष्णानंद राय के पुत्र पीयूष राय के अधिवक्ताओं ने अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग की। समयाभाव के कारण कोर्ट ने मामले को 22 मई के लिए स्थगित कर दिया। अब बुधवार को होने वाली सुनवाई अंसारी के चुनाव लड़ने या ना लड़ने का फैसला करेगी। मालूम हो कि गाजीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा मिली 4 साल की सजा के खिलाफ अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। दूसरी ओर राज्य सरकार व पीयूष राय ने भी अंसारी की सजा बढ़ाने के लिए अपील दाखिल की है। सभी मामलों की संयुक्त रूप से सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हो रही है।

## एक नजर

### जल जीवन मिशन के ओवरहेड टैंक में मिले सात बंदरों के शव

**ओरछी (बदायूं) :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाए गए ओवरहेड टैंक में सात बंदरों के शव मिले। ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस और पशु चिकित्सक पहुंच गए। पोस्टमार्टम कराकर बंदरों के शवों को दफन कराया गया। गांव के प्रधान ने जल जीवन मिशन के ठेकेदार और चौकीदार के खिलाफ तहरीर दी है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से गांव परमानंदपुर में ओवरहेड टैंक बनवाया गया है जो अभी खाली है। मंगलवार दोपहर एक ग्रामीण ओवरहेड टैंक पर चढ़ा। भीतर झांका तो बंदरों के शव देख उसके होश उड़ गए। उसने ग्राम प्रधान द्रोण कृष्ण सिंह को जानकारी दी। उन्होंने कुछ ग्रामीणों को ओवरहेड टैंक पर भेजा। भीतर सात बंदरों के शव पड़े थे।

### खेत पर गई किशोरी को सांड़ ने पटक कर मार डाला

**शाहजहांपुर :** जैतीपुर क्षेत्र में सांड ने मां के साथ खेत पर पहुंची किशोरी पर हमला कर दिया। उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया। घायल छात्रा की अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह कक्षा चार की छात्रा थी। जैतीपुर क्षेत्र के गांव जौरा टाटराबाद निवासी नन्हेलाल की बेटी शांति(13) सोमवार को अपनी मां सत्यवती के साथ गांव से कुछ दूर स्थित खेत पर फसल की रखवाली करने गई थी। शाम करीब चार बजे खेत में सांड़ पहुंच गया। फसल को बचाने के लिए शांति ने डंडा लेकर सांड़ को भगाने की कोशिश की, तभी सांड़ हमलावर हो गया। उसने शांति को उठाकर जमीन में पटक दिया। जिससे वह घायल हो गई। मां ने शोर मचाया तो आसपास खेतों में काम करने वाले लोग आ गए और सांड़ को भगाया। इसके बाद परिजन उसे नगर के निजी अस्पताल लेकर गए जहां रात करीब दस बजे इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



प्रदेश में हीटवेव को लेकर मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। गर्मी और लू से आमजन बेहाल हैं। इसी बीच मंगलवार को आगरा स्थित ताजमहल का दीदार करने पहुंचा महिलाओं का एक समूह सूरज की तपिश से खुद को बचाने के लिए घूंघट का सहरा लेते हुए कैमरे में कैद हुआ। :एजेंसी

## पांच श्रद्धालु नहर में डूबे, तीन की मौत

**कासगंज, अमृत विचार :** अखंड रामायण के पारायण के बाद कलश विसर्जन करने गए पांच श्रद्धालु गोरहा नहर में डूब गए। इनमें एक युवती व दो किशोरियों की मौत हो गई। रेखपुर गांव में सोमवार को ब्रह्म्मदेव बाबा के मंदिर में अखंड रामायण पाठ का मंगलवार को पारायण हुआ। इसके बाद श्रद्धालु गोरहा नहर में कलश विसर्जन करने गए। नहर में स्नान करते समय पांच श्रद्धालु डूब गए। इनमें से दो को बचा लिया गया, जबकि विनय की 22 वर्षीय पुत्री संध्या, सुमंत की 14 वर्षीय पुत्री साक्षी और दुष्यंत की 14 वर्षीय पुत्री शम्मी की मौत हो गई। गोताखोरों ने तीनों के शवों को नहर से निकाल लिया। तीन मौतों से गांव में मातम छा गया।

# जानबूझकर अपमान तब तक अपराध नहीं जब तक सार्वजनिक रूप से न किया गया हो

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ एससी-एसटी अधिनियम के तहत सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने की महत्वपूर्ण टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एससी/एसटी एक्ट के तहत होने वाले अपराधों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जानबूझकर अपमान या धमकी देने का कथित कृत्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(आर) के तहत अपराध तभी माना जाएगा, जब यह सार्वजनिक रूप से किया गया हो।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी.चौहान की एकलपीठ ने एससी/एसटी एक्ट के तहत पिंटू सिंह उर्फ राणा प्रताप सिंह और दो अन्य के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई को रद्द करते हुए पारित किया। मालूम हो कि नवंबर 2017 में याचियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(आर) के तहत पुलिस स्टेशन नागरा, बलिया में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। याचियों पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर जाति आधारित टिप्पणी की और शिकायतकर्ता तथा उसके परिवारीजनों पर हमला किया। मामले के तथ्यों पर विचार करते हुए कोर्ट ने अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि एससी/ एसटी एक्ट का यह प्रावधान सार्वजनिक स्थान पर अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्य को अपमानित करने या उसे डरने के उद्देश्य से जानबूझकर किए गए अपराध पर लागू होता है। अंत में कोर्ट ने पाया कि जिस घर में कथित घटना हुई, वहां कोई बाहरी आदमी नहीं था। अपराध सार्वजनिक रूप से नहीं किया गया। अतः जब अपराध सार्वजनिक रूप से नहीं हुआ तो मौजूदा मामले में एससी/एसटी एक्ट की उक्त धारा के प्रावधान लागू नहीं होंगे और इसीलिए इस पर आगे की कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

### छात्रा से दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को 25 वर्ष की जेल

**बलिया :** बलिया की एक स्थानीय अदालत ने 10वीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म करने और घटना की तस्वीर व वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के डेढ़ साल पुराने मामले में आरोपी शिक्षक को मंगलवार को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार विशेष न्यायाधीश प्रथम कांत की अदालत ने मंगलवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपी शिक्षक धीरज वर्मा को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष सश्रम कारावास और 35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## वेश्यावृत्ति गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**नोएडा :** नोएडा में पुलिस ने एक स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे वेश्यावृत्ति गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मनीष मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को स्थानीय पुलिस ने मानव तस्करी रोधी इकाई के साथ मिलकर छापेमारी की। स्पा सेंटर से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि गिरोह में शामिल तीन अन्य लोग फरार हैं। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह गिरोह सेक्टर-49 पुलिस थाना क्षेत्र के बरौला गांव में स्थित स्पा सेंटर से संचालित किया जा रहा था। दो मोबाइल फोन, 9,780 रुपये और कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त की गईं।

# कांग्रेस-भाजपा आरक्षण विरोधी : मायावती

जौनपुर, एजेंसी

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर समान रूप से हमला करते हुए उन्हें दलित और पिछड़ा विरोधी करार दिया और कहा कि दोनों की नीयत तथा सोच आरक्षण के खिलाफ है।

बसपा प्रमुख मायावती ने यहां पार्टी उम्मीदवार श्याम सिंह यादव के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में जब कांग्रेस की पहली सरकार बनी तो बाबा साहेब कानून मंत्री थे, उस समय बाबा साहेब ने कांग्रेस मुखिया जवाहर लाल नेहरू से कहा था कि संविधान के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित



▸▸ बसपा प्रमुख ने जौनपुर में जनसभा को किया संबोधित

जनजाति वर्ग को सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिल सके इसके लिए सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए। बसपा प्रमुख ने दावा किया कि बाबा साहेब ने प्रधानमंत्री नेहरू से अति पिछड़े वर्ग को आरक्षण की सुविधा देने की बात करते हुए कहा था कि अनुच्छेद 340 के तहत आयोग बिठाकर इनको आरक्षण देना चाहिए, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने बाबा साहेब आंबेडकर की बात को नहीं माना जिससे दुखी होकर उन्होंने कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। मायावती ने कहा कि आज कांग्रेस कहती है कि हम आरक्षण, संविधान के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इनके पुरखों ने संविधान के खिलाफ जाकर काम किया और आरक्षण का पूरा लाभ आप लोगों को नहीं दिया। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) पर मुस्लिम समाज का शोषण और उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आयी तो इसे रोका जाएगा। उन्होंने जौनपुर उम्मीदवार के अलावा, मछलीशहर से पार्टी उम्मीदवार कृपाशंकर सरोज, वाराणसी से अतहर जमाल लारी, चंदौली से सत्येंद्र कुमार मौर्य, बलिया से लल्लन सिंह, गाजीपुर से डॉ. उमेश कुमार सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। जौनपुर में मतदान 25 मई को होने हैं।

## वर्ग पहेली-77

**बाएं से दाएं**

2. 1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।

3. 1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।

4. 1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।

6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा

8. 1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।

9. 1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**

1. कामदेव, मदन।

2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत

4. 1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।

5. 1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।

7. 1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।




### वर्ग पहेली -76 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 जा | |
| | 2 दि | | 3 अं | ज | न | क |
| | 4 वां | टे | ड | | का | |
| 5 पो | ध | | बं | | री | |
| | | 6 कं | ड | रा | | 7 सो |
| 8 मू | | गा | | | | ह |
| ढ़ी | | ली | | 9 बु | न | ना |

## सुडोकू -156

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | 4 | 5 |
| | | | 4 | 6 | | | | |
| | | 1 | 3 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | | | | 5 | 1 | | | |
| | | | 5 | 9 | | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | | | 7 | | 1 | | 8 |

### सुडोकू -155 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 4 |

#### हाई कोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में सुनवाई के दौरान हिन्दू पक्ष ने दी दलील

# समझौते में हस्ताक्षर करने वाले संपत्ति के स्वामी नहीं, किराएदार थे

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड तथा हिंदू पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद मामले को शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हुई। उत्तर प्रदेश सुन्नी



सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने अपने तर्कों में कहा कि 12 अक्टूबर, 1968 को हिंदू पक्ष और वक्फ बोर्ड के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके माध्यम से विवादित संपत्ति शाही ईदगाह को सौंपी गई थी। वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता ने कहा कि वर्ष

▸▸ मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी

1974 में तय एक दीवानी वाद में भी इस समझौते की पुष्टि की गई है, साथ ही इस समझौते को करने वाले संस्थान में कई नामी व्यक्ति सदस्य थे। चूंकि दोनों पक्षों के बीच कई मुकदमे चल रहे थे, इसलिए उन्होंने समझौता करने का निर्णय किया और तब से मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा वहां नमाज अदा की जा रही है। सुन्नी वक्फ बोर्ड की दलील पर आपत्ति करते हुए हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि मुस्लिम पक्ष का स्वयं का कथन है कि समझौते में वक्फ बोर्ड और शाही ईदगाह के किराएदार शामिल थे जो दर्शाता है कि हस्ताक्षर करने वाले संपत्ति के स्वामी नहीं थे, बल्कि वे किराएदार थे।

उन्होंने कहा कि यह संपत्ति भगवान श्रीकेशव देव विराजमान, कटरा केशव देव की है और जन्म संस्थान के पास समझौता करने का कोई अधिकार नहीं था। संस्थान का उद्देश्य केवल दैनिक गतिविधियों के प्रबंधन का था। इससे पूर्व, सोमवार को हिंदू पक्ष की ओर से कहा गया था कि पूजा स्थल कानून, 1991 गैर विवादित ढांचे के मामले में ही लागू होता है न कि विवादित ढांचे के मामले में।

मौजूदा मामले में ढांचे का चरित्र अभी तय होना बाकी है और यह केवल साक्ष्यों से तय हो सकता है। अंत में कोर्ट ने अगली सुनवाई आगामी 24 मई को सुनिश्चित कर दी।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18 .47 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-स्वाती 07 .47 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** – आज आप बहुत कुछ एक साथ करना चाहेंगे। इसके कारण आप सम्भवत : वह कार्य न कर पायें जिसका आपने लक्ष्य निर्धारित किया है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। अच्छे मित्रों से मिलना हो सकता है। आज आपको अपने पारिवारिक जीवन पर बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृष** – आज व्यवसाय में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए। दूसरों के मामलों में आप ज्यादा व्यस्त रहने वाले हैं। नया रोजगार शुरू करने की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रुओं से आपको मुक्ति मिल सकती है। जीवनशैली काफी अच्छी रहेगी।

**मिथुन** – आज प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा नहीं है। भविष्य को लेकर लम्बी-चौड़ी योजना न बनाएं। विदेश में शिक्षा ले रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। मित्रों के ऊपर अति विश्वास करना उचित नहीं होगा। बोलचाल के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** – आज आप दिखावे में ज्यादा धन खर्च न करें। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से हानि हो सकती है। जिन जातकों को स्वास्थ्य की समस्या है उन्हें अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में किसी से ज्यादा अपेक्षा भाव न रखें।

**सिंह** – आज यात्राओं के लिए काफी अनुकूल दिन है। व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रुके हुए कार्यों में अचानक प्रगति से होने से उत्साहित रहेंगे। प्रबन्धन से जुड़े कार्यों में अच्छी सफलता मिलने की सम्भावना है।

**कन्या** – आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित हो सकते हैं। इसीलिए आज आपको काफी संभल कर लोगों से व्यवहार करना चाहिए। धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**तुला** – आज आय के नए विकल्पों पर आप काम शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक लोगों के बीच आपकी साख मजबूत होगी। ऐसे किसी भी कार्य की तरफ प्रवृत्त न हो जो आपको भविष्य में नुकसान पहुंचाए। गूढ़ रहस्यात्मक विषयों पर आप कुछ शोध कार्य जैसा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ असन्तोष जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा के दौरान बाहर का भोजन करने से बचें। व्यापार में कुछ बड़े बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** – आज आप कुछ बड़ी समस्याओं का सामना कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने प्रतिद्वन्दियों पर भारी पड़ने वाले हैं। लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय हो सकते हैं। यात्राओं से लाभ होगा। दिनचर्या काफी व्यस्त हो सकती है।

**मकर** – आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्सुक रहेंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। यदि आप अपने काम के लिए किसी सहयोगी पार्टनर को जोड़ना चाहते हैं तो आज का दिन शुभ है। नई योजनाओं की शुरुआत आप कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज लोगों के बीच में आपके विषय में काफी चर्चा हो सकती है। फिल्म और साहित्य से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नए हैं तो आपको आज कुछ लोग परेशान कर सकते हैं। लेकिन आपको अपने आप विश्वास बनाये रखना चाहिये।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए तनावपूर्ण हो सकता है। अपनी रहस्य की बातों को गोपनीय रखें। किसी भी बात पर एकदम से प्रतिक्रिया न दें। आपके द्वारा की हुई गलतियों पर गौर करें और तुरन्त उसे दूर कर लें। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की सम्भावना कम है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- बरसात – सुबह : 11.15
- बादशाह – शाम : 05 .51

&pictures
- डाक्टर जी – सुबह : 10 .32
- गजनी – दोपहर : 03 .48

Sony Pix
- द वॉटर हाउस – सुबह : 10 .45
- दे रेड 2 – शाम : 05 .05

Zee Cinema
- दिल्लगी – सुबह : 10 .35
- एनेमी – शाम : 06 .00

Colors Cineplex
- पद्मावत – सुबह : 09 .20
- चेन्नई एक्सप्रेस – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 03 .48 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..
गोलू का बहाना सुनकर टीचर की हंसी छूट गई।

गर्लफ्रेंड- मैं अपना पर्स घर पर भूल आई, मुझे 1000 रुपये की जरूरत है।
बॉयफ्रेंड- कर दी न छोटी बात, पगली यह ले 10 रुपये।
अभी रिक्शा करके घर जा और पर्स ले आ।
गर्लफ्रेंड बेहोश

# आधी सीटों पर सीधी, एक तिहाई में त्रिकोणीय लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। प्रदेश में अब जिन 27 सीटों पर अगले दो चरणों में लोकसभा चुनाव होना है, उसे पूर्वांचल का रण कहा जा रहा है। यहां जातीय गोलबंदी के बीच आधी सीटों पर सीधी तो एक तिहाई में तिकोनी लड़ाई की तस्वीर उभर रही है। 2019 के परिणाम के मुताबिक इन 27 सीटों में भाजपा ने 18, अपना दल ने दो यानी एनडीए गठबंधन ने 20 सीटें जीती थीं। आजमगढ़ की सीट भाजपा ने उपचुनाव में सपा से छीन ली थी। इस तरह एनडीए के पास वर्तमान में 21 सीटें हैं, जबकि छह सीटें बसपा के पास हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। इस बार सपा ने कांग्रेस से गठबंधन किया है, जबकि बसपा अकेले चुनाव मैदान में है। बसपा ने 2019 के चुनाव में जौनपुर, घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज लोकसभा सीटों पर सफलता पाई थी।

अंतिम दो चरणों में मतदान वाली 27 लोकसभा सीटों में भाजपा ने 24 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। दो सीटों पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) और एक सीट पर ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में है। इसके मुकाबले सपा ने 22 सीटों पर उम्मीदवार उतार रखे हैं। चार सीटों पर गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव लड़ हैं। एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार मैदान में है। बसपा के प्रत्याशी सभी 27 सीटों पर ताल ठोंक रहे हैं।

भाजपा के सामने मिशन-80 की कामयाबी के लिए इन 27 सीटों पर क्लीन स्वीप करने की चुनौती है, तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने आजमगढ़ सीट भाजपा से वापस लेने के साथ अपने पीडीए फॉर्मूले की सफलता सुनिश्चित करनी है। बसपा प्रमुख मायावती की सबसे बड़ी चुनौती अपनी पार्टी का सियासी आधार कायम रखना है, तो कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली के बाहर अपना वजूद तलाशने की चुनौती से जूझना है।

**25 मई को 14 सीटों पर पड़ेंगे वोट:** प्रदेश में छठे चरण में 14 सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर व भदोही लोकसभा सीट पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। सातवें चरण का मतदान एक जून को 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज में होगा।

## अगले दो चरणों में 27 लोकसभा सीटों पर पूर्वांचल का रण जीतने की जंग






**27** लोकसभा सीटों पर प्रदेश में चुनाव रह गया शेष

**14** सीटों पर छठे चरण में 25 मई को होगा मतदान

**13** सीटों पर अंतिम चरण में पहली जून को वोटिंग

### 2019 का परिणाम




(आजमगढ़ की सीट सपा उपचुनाव में भाजपा से हार गई थी)

### इंडिया ब्लॉक

- 22 – सीटों पर सपा ने उम्मीदवार उतारे
- 04 – सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव
- 01 – एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार
- 27 – सभी सीटों पर बसपा प्रत्याशी ठोंक रहे ताल

### कौन कितनी सीट पर मुकाबले में (एनडीए)

- 24 – लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी
- 02 – सीटों पर अपना दल (एस) के उम्मीदवार
- 01– सीट पर सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में

### चुनावी चक्रव्यूह का छठा द्वार भाजपा पांच सीटें गई थी हार

- छठे चरण की अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, लालगंज और जौनपुर सीट साल 2019 के चुनाव में बसपा ने जीती थी तो आजमगढ़ में सपा ने जीत दर्ज की थी, हालांकि अब इस सीट पर उसका कब्जा नहीं है। ऐसे में इस बार भाजपा के लिए इन पांच सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, जो आसान काम नहीं है। इसकी वजह, पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जातीय समीकरणों का मकड़जाल है। यहां आधी से ज्यादा सीटों पर पिछड़ों का प्रभाव है। वही हार जीत तय करते हैं। इसके कारण ही अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी जैसे छोटे दल पिछड़े वर्ग के मतदाताओं में खास जाति के आक्सीजन पर ही चल रहे हैं। इसी तरह करीब एक तिहाई सीटों पर सवर्ण विशेष रूप से ब्राह्मण और ठाकुर मतदाता प्रभाव रखते हैं। इसे देखते हुए सभी दल अपने आधार वोट बैंक को जातीय वोटों के साथ जोड़कर प्रत्याशी उतारते रहे हैं।

## पहले जाति-बिरादरी फिर पार्टी : पूर्वांचल में छठे चरण की वे छह सीटें जिन पर आर-पार का मुकाबला

### लालगंज में सात चुनावों में एक बार जीती भाजपा

- लालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर पिछले सात चुनावों में चार बार बसपा, दो बार सपा जबकि भाजपा ने सिर्फ एक बार 2014 में जीत दर्ज की है। इससे पहले 2009 में बसपा जीती थी और 2019 में सपा के साथ गठबंधन में जीत हासिल की थी। बसपा की संगीता आजाद को 54 .01 तो भाजपा की नीलम सोनकर को 37 .19 प्रतिशत मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी लगभग दो प्रतिशत वोट ही हासिल कर पाया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटें जीत ली थी। इस बार भाजपा ने फिर से नीलम सोनकर पर ही भरोसा जताया है। सपा ने पुराने समाजवादी दरोगा सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है, तो बसपा ने डॉ. इंदु चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है।

2019




### जौनपुर में आठ चुनावों में भाजपा तीन बार जीती

- जौनपुर सीट पर 1996 से भाजपा और बसपा को तीन–तीन बार जीत मिली है। सपा यहां दो बार जीती है। 2019 के चुनाव में बसपा के श्याम सिंह यादव ने भाजपा के सांसद कृष्ण प्रताप सिंह को 60 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के देवव्रत मिश्रा 27 हजार वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। 2014 में भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह वोटों के बंटवारे से जीत गए थे। उन्हें 3 .67 लाख वोट मिले थे। बसपा के सुभाष पांडे को 2 .20, सपा के पारसनाथ यादव को 1.80, निर्दलीय धनंजय सिंह को 64 हजार, आप पार्टी के डॉ. केपी यादव को 43 हजार और कांग्रेस के रविकिशन को भी करीब 43 हजार मतों मिले थे। इस मर्तबा यहां बसपा से सांसद श्याम सिंह यादव, भाजपा से कृपाशंकर सिंह, सपा से पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा मैदान में हैं।

2019




### आजमगढ़ में बीते नौ चुनावों में दो बार ही खिल पाया कमल

- आजमगढ़ लोकसभा पर 1996 से अब तक हुए नौ लोकसभा चुनावों में चार बार सपा, तीन बार बसपा और दो बार भाजपा को जीत मिली है। 2019 के चुनाव में समाजवादी पारेटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ को 2 .60 लाख मतों से हराया था। अखिलेश के इस्तीफा देने पर 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा से दोबारा उतरे निरहुआ आठ हजार वोटों से जीत गए थे। इस चुनाव में सपा के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को 2 .66 लाख वोट मिलना था। इस बार सपा ने धर्मेंद्र यादव, भाजपा ने दिनेश लाल यादव निरहुआ को उतारा है, तो बसपा से मशहूद सबीहा अंसारी चुनाव मैदान में हैं।

2019




### पिछली बार सिर्फ 181 मतों से ही मिली थी जीत

- मछलीशहर लोकसभा सीट पर नजर डालें तो तीन दशक के चुनाव में भाजपा ने चार बार, सपा ने दो बार और बसपा ने बार जीत हासिल की है। 2019 के चुनाव में यहां दिल की धड़कनें रोक देने वाला मुकाबले में भाजपा के बीपी सरोज ने बसपा के त्रिभुवन राम को 181 मतों से हरा दिया था। 2014 में भाजपा से रामचरित्र निषाद वोटों का बंटवारा होने से जीत गए थे। राम चरित्र को 4 .38 लाख, बसपा के बीपी सरोज को 2 .66 लाख, सपा के तूफानी सरोज को 1 .91 लाख, कांग्रेस के तूफानी निषाद को 36 हजार और भाकपा के सुभाष चंद्र को 18 हजार से ज्यादा मत मिले थे। इस बार भाजपा से सांसद बीपी सरोज, सपा ने अपने तीन बार के सांसद तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज, बसपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी कृपाशंकर सरोज पर दांव लगाया है।

2019




### श्रावस्ती में जीत का आधार बना ब्राह्मण कार्ड

- श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र ब्राह्मण–मुस्लिम बहुल है। 2008 में बनी इस सीट पर तीन चुनावों में कांग्रेस, भाजपा व बसपा एक–एक बार जीती है। 2019 में बसपा के रामशिरोमणि शर्मा ने भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा को 5,320 मतों से हरा दिया था। कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह 58 हजार मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। बसपा ने इस बार मुइनुद्दीन अहमद खान को मैदान में उतारा है। 2014 में जीते भाजपा के दद्दन मिश्रा को मिले 3 .45 लाख मतों के मुकाबले सपा के अतीक अहमद को 2 .60, बसपा के लालजी वर्मा को 1 .94 लाख, पीईसीपी के रिजवान जहीर को 1 .01 लाख वोट मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र साकेत मिश्र को उतारा है। सपा से सांसद रामशिरोमणि वर्मा और बसपा से मुइनुद्दीन अहमद हैं।

2019




### अंबेडकरनगर में आठ में छह चुनाव बसपा ने जीते

- अंबेडकर नगर लोकसभा सीट से बसपा सुप्रीमो मयावती 2019 में बसपा के रितेश पांडेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को 96 हजार मतों से हरा दिया था। इससे पहले 2014 में भाजपा के हरिओम पांडे 4 .32 लाख वोट पाकर जीते थे। लेकिन बसपा के राकेश पांडेय को 2 .92 लाख, सपा के राममूर्ति वर्मा को 2 .34 लाख और कांग्रेस के अशोक सिंह को 23 हजार मत मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने बसपा से आए सांसद रितेश पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। रितेश के पिता 2009 में बसपा से यहां से सांसद चुने गए थे, 2014 में हार गए थे। बसपा ने जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमर हयात तो सपा ने छह बार के विधायक लालजी वर्मा पर भरोसा जताया है।

2019




गुरुग्राम लोकसभा सीट पर रोचक हुआ चुनावी संग्राम

# हरियाणवी खून और 'बब्बर शेर' के बीच 'कर गई चुल्ल'


राज बब्बर।


राव इंद्रजीत सिंह।


राहुल फाजिलपुरिया।

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** देश का प्रमुख आईटी व इनोवेशन केंद्र गुरुग्राम इस समय रोचक चुनावी संघर्ष का नजारा देख रहा है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सिने अभिनेता राज बब्बर जिन्हें कांग्रेसी 'बब्बर शेर' बता रहे हैं, का मुकाबला 2019 में जीत की हैट्रिक लगा चुके भाजपा के केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से हो रहा है। राव इंद्रजीत सिंह ने 2009 में कांग्रेस से चुनाव जीता था और 2014 के चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा से मतभेद के चलते भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा यहां राजबब्बर को बाहरी बताकर 'हरियाणवी खून' के लिए वोट मांग रही है। लेकिन इन दोनों के मुकाबले में तीसरी कड़ी बनकर तेजी से उभरे हैं, जेजेपी के प्रत्याशी बॉलीवुड रैपर हरियाणवी गायक राहुल फाजिलपुरिया। वह 2016 में आई फिल्म 'कपूर एंड संस' के गाने 'कर गई चुल्ल' में आवाज देकर मशहूर हुए थे। इन तीनों प्रत्याशियों के बीच चौथा कोण भी है, इंडियन नेशनल लोकदल ने यहां मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी तादाद देखते हुए हाजी सोहराब खान को मैदान में उतार रखा है।

गुरुग्राम 25,78,523 मतदाताओं के साथ हरियाणा का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। शानदार चमक-दमक वाले इलाकों के साथ मेव मुस्लिम बहुल पिछड़ा नूंह क्षेत्र भी इस लोकसभा सीट का हिस्सा है। यहां 19% के साथ सबसे बड़ा वोट बैंक मेव मुस्लिम हैं। अहीरों की आबादी 17% है, जाट यहां आबादी का 8% हिस्सा हैं और सामान्य श्रेणी में सबसे बड़ा समुदाय हैं। इनके बाद पंजाबी करीब 7% हैं। दलित आबादी 15% है।

भाजपा प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह अपनी चौथी जीत के लिए चुनाव को मूल बनाम बाहरी लड़ाई बता रहे हैं। उनकी बेटी आरती सभाओं में हरियाणवी खून के लिए वोट मांग रही हैं। लेकिन राव इंद्रजीत सिंह की राह इस बार आसान नहीं दिख रही है। उन्हें इस भाजपा की गुटबाजी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के बड़े नेता भी उनके प्रचार में सिर्फ खानापूरी के लिए ही आते-जाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में राव इंद्रजीत ने अपने प्रचार अभियान में मोदी का गारंटी के साथ विकास पर फोकस कर रखा है। वह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण, एम्स रेवाड़ी की आधारशिला रखने और कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देकर वोट मांग रहे हैं। 2019 में राव इंद्रजीत सिंह ने लगभग चार लाख वोटों से कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन अजय यादव को हराया था। इसके मुकाबले कांग्रेस के राज बब्बर अपने पंजाबी समुदाय के साथ मुस्लिम मतों पर भरोसा करते हुए स्टारडम का फायदा उठाते हुए अन्य वर्गों को साधने में मेहनत कर रहे हैं।

# भोजपुरी गीत और बदलाव को कसी मुट्ठियां

चुनाव डेस्क

● **दिल्ली की नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला**

**अमृत विचार।** दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों में नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट लगातार सबसे हॉट बनी हुई है। यहां भोजपुरी गीतों की धूम के बीच बदलाव के लिए कसी मुट्ठियों का जोश टकराता नजर आ रहा है। जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे कन्हैया कुमार जो राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा करके उनके भरोसेमंद बन चुके हैं, इस सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी का समर्थन मिला हुआ है। कन्हैया का मुकाबला दो बार के भाजपा सांसद भोजपुरी सिनेमा के गायक और सुपरस्टार मनोज तिवारी से हो रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी भले ही बिहार से हैं, लेकिन इनकी राजनीति दिल्ली में ही शुरू हुई है। इस कारण मुकाबला और रोचक हो गया है। इस सीट पर अधिकतर मतदाता पूर्वांचल से जुड़े हैं। ऐसा माना जाता है कि पूर्वी यूपी और बिहार के लोग ही यहां चुनाव का नतीजा तय करते हैं। इन लोगों की मुख्य मांगों में कॉलोनियों का नियमितीकरण, नौकरी की सुरक्षा, किफायती आवास और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता शामिल है। पूर्वांचल और बिहार के इन मूल निवासियों का कहना है कि राजधानी में कई साल बिताने के बाद भी उनके साथ दोयम दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता है। वे ज्यादातर छोटे आवासों में रहते हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। लेकिन इन सारी समस्याओं के बावजूद ये मतदाता बड़ा वोट बैंक हैं, जिन्हें लुभाने के लिए मनोज तिवारी की चुनावी सभाओं में 'रिंकिया के पापा' जैसे भोजपुरी गानों की धूम सुनी जा सकती है। दिल्ली की इस लोकसभा सीट पर पूर्वांचल और बिहार के मतदाताओं के साथ ही महिला वोटर के हाथ में जीत की कुंजी मानी जाती है। इसकी वजह इस लोकसभा सीट पर महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से ज्यादा होना है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र में 10 विधानसभा सीटें हैं। इनमें अधिकतर पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है, जो कांग्रेस से गठबंधन के चलते कन्हैया कुमार के साथ खड़ी है।



**जीत का भरा जोश** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को धनबाद निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के समर्थन में बोकारो जिले में चुनाव प्रचार किया।

## सुल्तानपुर सीट से दूसरी जीत दर्ज करने पर नौ बार सांसद चुने जाने का रिकार्ड बना देंगी भाजपा नेता

# मेनका गांधी पिछली बार जैसे संघर्ष में ही उलझी दिख रहीं

**सुल्तानपुर लोकसभा सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** आठ बार की सांसद मेनका गांधी सुल्तानपुर से दूसरी बार चुनाव जीतने के साथ ही डीबी राय के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। राय भी नौ बार सांसद बने थे। वैसे सबसे ज्यादा बार लोकसभा में पहुंचने का रिकार्ड इंद्रजीत गुप्ता के नाम है, जो 11 बार चुनाव जीते थे। 10 बार सांसद बनने वालों में अटल बिहारी वाजपेई, सोमनाथ चटर्जी और पीएम सईद का नाम है। 2019 का लोकसभा चुनाव जीतने के लिए सुल्तानपुर में भाजपा की प्रत्याशी मेनका गांधी को खासा संघर्ष करना पड़ा था। कांटे के मुकाबले में उन्होंने बसपा उम्मीदवार चंद्रभद्र सिंह को 14 हजार वोटों से हराया था। इस जीत के साथ ही मेनका गांधी सुल्तानपुर की पहली महिला सांसद भी बन गई थीं। उनसे पहले यहां से कोई महिला उम्मीदवार जीत नहीं हासिल कर पायी थी।


मेनका गांधी।

भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के लिए सुल्तानपुर में इस बार का चुनाव भी आसान नहीं नजर आ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में निषाद मतदाता बड़ी संख्या में हैं। सपा ने इसी जातीय समीकरण को साधने के लिए तमाम आंतरिक कलह के बाद राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा है। वह पहले बसपा फिर भाजपा में रह चुके हैं।

2007 में बनी बसपा सरकार में मत्स्य राज्य मंत्री थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़े थे। बसपा से इस बार नए और युवा चेहरे के रूप में उदराज वर्मा क्षेत्र में मेहनत करते नजर आ रहे हैं। पिछले तीन चुनावों में यहां बसपा दूसरे नंबर पर रही है, ऐसे में बसपा की चुनौती को कमजोर करके नहीं आंका जा सकता है। जानकार इस बार त्रिकोणीय संघर्ष होना मान रहे हैं। दरअसल, बसपा ने यहां कुर्मी समाज पर दांव खेला है, जिनकी मतदाता संख्या एक लाख से ज्यादा है। बसपा की रणनीति कुर्मी और करीब साढ़े तीन लाख दलित मतों के सहारे मुकाबले में आकर मुस्लिम मतों को भी अपनी झोली में डालना है। उधर, सपा ने भी लोकसभा क्षेत्र में दो लाख से अधिक गिने जाने वाले निषाद मतदताताओं के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग और एम वाई समीकरण के तहत यादव और मुस्लिम मतों के सहारे जीत की उम्मीद लगा रखी है।

### अकेले ही संभाल रखी है प्रचार की कमान

- मेनका गांधी सुल्तानपुर के गांवों में लगातार प्रचार में जुटी हैं। वह प्रतिदिन सैकड़ों लोगों से संपर्क कर रही है। अभी भाजपा के किसी बड़े नेता की सभा उनके समर्थन में नहीं हुई है। सुल्तानपुर लोकसभा में सुल्तानपुर, जयसिंहपुर सदर, लम्भुआ, कादीपुर और इसौली विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से इसौली को छोड़कर जहां से सपा के मो. ताहिर खान विधायक हैं, बाकी चार विधानसभाओं में भाजपा का कब्जा है। जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर के चेयरमैन पद पर भी भाजपा काबिज है। मेनका गांधी के साथ सीधे तौर पर कोई जातीय समीकरण नहीं है, लेकिन विधायकों और संगठन के माध्यम से भाजपा सभी वर्ग के मतदाताओं तक मोदी की गारंटी, विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के साथ राष्ट्रवाद का संदेश पहुंचा रही है।

**कांटे के मुकाबले में 2019 में 14,526 मतों से मिली थी जीत :** 2019 के चुनाव में मेनका गांधी को 4,59,196 वोट मिले थे। बसपा के चंद्र भद्र सिंह ने 4,44,670 मत पाए थे। मेनका गांधी चुनाव 14,526 वोटों के अंतर से जीतने में सफल रही थीं। इससे पहले 2014 में मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी यहां से भाजपा के सांसद चुने गए थे। वरुण ने बसपा के पवन पांडेय को 1,78,902 वोटों से हराया था। सपा के शकील अहमद तीसरे और 41 हजार वोट पाकर कांग्रेस की अमिता सिंह चौथे स्थान पर पिछड़ गई थीं। 2009 का चुनाव कांग्रेस के डॉ. संजय सिंह ने जीता था, तब बसपा के मोहम्मद ताहिर दूसरे स्थान पर थे। भाजपा से उतरे सूर्यभान सिंह 44 हजार वोटों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए थे।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,953.31 | 22,529.05 |
| नुकसान/बढ़त | 52.63 | 27.05 |
| प्रतिशत में | 0.07 | 0.12 |

# कारोबार/कृषि



अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 22 मई 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# भारत 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था होगा

### सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री चंद्रशेखर बोले-अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और इसके वर्ष 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने एक कार्यक्रम में कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए समर्पित इंडिया एआई मिशन का मूल्य भी 10,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर 20,000 करोड़ रुपये हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार को पहले 2026-27 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था के एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन कोविड-19 महामारी सहित कई वजहों से इस लक्ष्य को एक साल आगे बढ़ा दिया गया है। चंद्रशेखर ने कहा-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। वर्ष 2015 में निर्धारित यह दृष्टिकोण कारगर रहा है। हम पहले से ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य है कि 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को हासिल करना है।



### वित्त मंत्रालय पूर्ण बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बढ़ा सकता है सीपीएसई लाभांश अनुमान

वित्त मंत्रालय जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीपीएसई लाभांश अनुमान को 5,000 करोड़ रुपये बढ़ाकर करीब 53,000 करोड़ रुपये कर सकता है। सरकार ने अंतरिम बजट 2024-25 में चालू वित्त वर्ष के लिए गैर-वित्तीय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) से लाभांश का अनुमान 48,000 करोड़ रुपये लगाया है। एक अधिकारी ने कहा-जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में अनुमान करीब 5,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि अंतरिम बजट अनुमान दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 के अनुमानों पर आधारित थे। पूर्ण बजट में अनुमान अधिक होंगे क्योंकि अब लाभांश की तस्वीर अधिक स्पष्ट है। किसी विशेष वित्त वर्ष में सरकार की लाभांश प्राप्तियों में वित्त वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा घोषित अंतरिम लाभांश, साथ ही पिछले वित्त वर्ष के लिए अंतिम लाभांश शामिल होते हैं।

## वैश्विक यात्रा व पर्यटन सूचकांक में भारत 39वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक-2024 में भारत 39वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 में जारी सूची में भारत 54वें स्थान पर था।

डब्ल्यूईएफ के अनुसार, अमेरिका इस सूची में शीर्ष पर है। भारत, दक्षिण एशिया और निम्न-मध्यम-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में सर्वोच्च स्थान पर है। भारत 2021 में प्रकाशित सूचकांक में 54वें स्थान पर था। हालांकि, सूचकांक मापदंडों में किए गए बदलाव इसकी पिछले वर्षों से तुलना को सीमित करते हैं। अमेरिका के बाद स्पेन, जापान, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 2024 की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं। जर्मनी छठे स्थान पर और उसके बाद शीर्ष 10 में ब्रिटेन, चीन, इटली और स्विट्जरलैंड ने जगह बनाई है।

# आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

- भारतीय रिजर्व बैंक के लेख में जताई गई उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**



सकल मांग और गांवों में गैर-खाद्यान्न वस्तुओं पर खर्च बढ़ने के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के मंगलवार को जारी मई बुलेटिन में यह कहा गया है। बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करने वाली वैश्विक बाधाओं के बावजूद उल्लेखनीय मजबूती को दिखाया है।

इसमें कहा गया है कि आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) के अनुसार, अप्रैल में गतिविधियों में तेजी आई और शुरुआती अनुमान बताते हैं कि 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.5 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है। आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) का निर्माण 'डायनेमिक फैक्टर मॉडल' का उपयोग करके, आर्थिक गतिविधियों से जुड़े 27 महत्वपूर्ण (हाई फ्रीक्वेंसी) संकेतकों के सामान्य रुख को निकालकर किया गया। फरवरी, 2020 में ईएआई को 100 रखा गया जबकि अप्रैल, 2020 में इसे शून्य कर दिया गया। इसका कारण अप्रैल महीना कोविड महामहारी के कारण आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण सबसे अधिक प्रभावित था।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,900-57,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 74,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,000 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 74,250 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## मुनाफावसूली से सोने, चांदी के भाव रिकॉर्ड स्तर से नीचे फिसले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आईं। कमजोर वैश्विक रुख और मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमत में 550 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज हुई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, सोने की कीमतें अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सदस्यों में से एक की तीखी टिप्पणियों से प्रभावित हुईं, जिन्होंने सुझाव दिया कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य पर वापस लाने के लिए ब्याज दरों को लंबी अवधि तक मौजूदा स्तर पर जारी रखने की आवश्यकता होगी। सोने की कीमत 550 रुपये गिरकर 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में सोना 75,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 1,600 रुपये टूटकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले सत्र में यह 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।

## इक्रा ने जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान

**नई दिल्ली।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर चार तिमाही के निचले स्तर 6.7% पर रहने का अनुमान लगाया है। इक्रा का अनुमान है समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8% रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कम मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ जिंस की कीमतों से कम लाभ के साथ कुछ औद्योगिक क्षेत्रों की लाभप्रदता में गिरावट से वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में जीवीए वृद्धि में कमी आने की उम्मीद है।

## 6 महीने के औसत से तय होगा कंपनियों का बाजार पूंजीकरण

- पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मार्केट कैप की गणना के तरीकों में किया बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा आवश्यकता (एलओडीआर) नियमों के तहत सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) की गणना के तरीके को बदल दिया है। एक दिन (वर्तमान में 31 मार्च) के बाजार पूंजीकरण का उपयोग करने के बजाय सूचीबद्ध कंपनियां अब छह महीने की अवधि के लिए 'औसत बाजार पूंजीकरण' का उपयोग करेंगी।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि किसी सूचीबद्ध इकाई के बाजार पूंजीकरण में बाजार की गतिशीलता के आधार पर दैनिक आधार पर उतार-चढ़ाव होता रहता है। इसलिए एक उचित अवधि में बाजार पूंजीकरण के आंकड़ों का औसत उस सूचीबद्ध इकाई के बाजार आकार को अधिक सटीक ढंग से दर्शाएगा। सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य एस के मोहंती की अध्यक्षता में गठित एक विशेषज्ञ समिति ये बदलाव किए हैं।



### बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के हुआ पार

घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच मंगलवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच गया। बीएसई के मंच पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, कारोबारी सत्र के अंत में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 4,14,62,306.56 करोड़ रुपये (4.97 लाख करोड़ डॉलर) रहा। यह इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। हालांकि, सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन ने पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी पहली बार पार किया।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अनोखा वाहन पंजीकरण नंबर खरीदा

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अपनी कार के लिए अनोखा पंजीकरण नंबर '9999' खरीदा है। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैदराबाद के संयुक्त परिवहन आयुक्त सी. रमेश ने कहा कि अनोखे (फैंसी) पंजीकरण नंबरों की ऑनलाइन नीलामी में '9999' के लिए सबसे ऊंची बोली लगी, जिसमें कार मालिक ने 'टीजी-09 9999' नंबर के लिए विभाग को 25,50,002 रुपये का भुगतान किया। सोमवार को आयोजित अनोखे नंबर '9999' की नीलामी में 11 लोगों ने भाग लिया और यह नंबर 25.5 लाख रुपये में बिका।

### भाजपा में शामिल हुए पूर्व आप नेता जगबीर

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता जगबीर सिंह बराड़ लोकसभा चुनाव के शेष दो चरणों से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। पंजाब के पूर्व विधायक बराड़ ने यहां पार्टी मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। करीब एक साल पहले आप में शामिल होने से पहले बराड़ शिरोमणि अकाली दल के सदस्य थे। उन्होंने 2007 के विधानसभा चुनाव में शिअद के टिकट पर जालंधर छावनी सीट जीती थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि वह पूर्व में कांग्रेस की जालंधर जिला इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### विमान की चपेट में आने से कई फ्लेमिंगो की मौत

**मुंबई।** मुंबई में कथित तौर पर एक विमान की चपेट में आने के बाद 30 से अधिक फ्लेमिंगो (राजहंस) की मौत हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से इसकी जांच कराने की मांग की है और साथ ही दावा किया है कि शहरी योजनाकर्ताओं ने ऐसे आपदाओं के बारे में चेतावनियों को नजरअंदाज किया है।

# 5 चरण के बाद भाजपा 310 सीट जीत चुकी: शाह

### गृह मंत्री ने दावा करते हुए ओडिशा के लोगों से की समर्थन करने की अपील

**संबलपुर/क्योंझर (ओडिशा), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के 5 चरण पूरे होने के बाद भाजपा को 310 सीट मिलने का दावा करते हुए मंगलवार को ओडिशा के लोगों से अपील की कि वे राज्य को बाबू-राज से आजाद कराएं और भाजपा को केंद्र एवं राज्य दोनों में सरकार बनाने के लिए समर्थन दें। शाह ने संबलपुर में दो चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार ओडिशा में कमल खिलेगा।

संबलपुर सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा-पांचवें चरण के मतदान के बाद भाजपा को 310 सीट पहले ही मिल चुकी हैं। छठे और सातवें दौर के मतदान के बाद हम 400 से अधिक सीट हासिल कर लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में मुट्ठी भर अधिकारियों का शासन है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राज्य में मौजूदा बाबू राज को समाप्त कर देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की ज्यादातर खदानें और खनिज भंडार क्योंझर जिले में स्थित होने के बावजूद यहां के आदिवासियों को कोई लाभ नहीं मिला है। शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि देश भर में कोई आतंकवाद न हो।



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ओडिशा के संबलपुर में मां समलेश्वरी मंदिर का दौरा किया।

### जीत के और निकट बढ़ रहा है इंडिया गठबंधन



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर दिल्ली के लोगों को पाकिस्तानी कहने का आरोप लगाया और कहा कि दिल्लीवासी उनका परिवार हैं और उनके लिए अपशब्द नहीं कहे जाने चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि चार जून के बाद मोदी की सरकार की विदाई होने वाली है और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आ रहा है।

## बांग्लादेश के सत्तारूढ़ दल आवामी लीग के सांसद लापता

**कोलकाता।** इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे बांग्लादेश के सांसद अनवारूल अजीम अनार पिछले कुछ दिनों से लापता हैं। यहां बांग्लादेश उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी आवामी लीग के सांसद अनार 13 मई से लापता हैं। अधिकारी ने कहा-वह इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता आये थे और शहर के उत्तरी हिस्से में बरानगर में अपने एक दोस्त के घर पर ठहरे हुए थे। वह 13 मई को किसी से मिलने गये थे लेकिन वापस नहीं आये। उनके मित्र ने बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि अनार पिछले 8 दिन से लापता हैं लेकिन उनके फोन से उनके परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए कि वह दिल्ली चले गए हैं।

# सीबीआई दलों ने दो से 10 लाख तक की रिश्वत ली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**मध्य प्रदेश नर्सिंग महाविद्यालय घोटाला**

मध्य प्रदेश में नर्सिंग महाविद्यालय घोटाले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने खुलासा किया है कि उसके अधिकारी निरीक्षण के बाद अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए हर शिक्षण संस्थान से कथित रूप से दो से 10 लाख रुपये तक की रिश्वत ले रहे थे। सीबीआई ने यह जानकारी दी है।

इस मामले में सीबीआई के पुलिस उपाधीक्षक आशीष प्रसाद, निरीक्षक राहुल राज एवं सुशील कुमार मजोका तथा ऋषिकांत असाथे एजेंसी द्वारा नामजद 22 लोगों में शामिल हैं। राहुल राज और सुशील कुमार मजोका सीबीआई में मध्य प्रदेश पुलिस से संबद्ध थे। राज को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। सीबीआई की प्राथमिकी में नर्सिंग पाठ्यक्रम चला रहे आठ महाविद्यालयों के निदेशकों, अध्यक्षों, कर्मियों एवं बिचौलियों के भी नाम हैं जिन्होंने निरीक्षण दलों की ओर से रिश्वत ली थी और उन तक रकम पहुंचायी थी। एक सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा-सीबीआई द्वारा दर्ज यह मामला भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की उसकी नीति की प्रतिपुष्टि करता है और यह भी दर्शाता है कि सीबीआई अपने अधिकारियों को भी नहीं बख्शती है। इन निरीक्षण दलों को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित किया गया था। उच्च न्यायालय ने राज्य में नर्सिंग महाविद्यालयों के निरीक्षण के लिए इन दलों का गठन करने का निर्देश दिया था।

## क्या अदालत गिरफ्तारी की वैधता की कर सकती है पड़ताल

- भूमि घोटाले को लेकर हेमंत सोरेन से न्यायालय ने पूछा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर निचली अदालत के संज्ञान लेने के बाद उनकी गिरफ्तारी की वैधता की क्या रिट अदालत पड़ताल कर सकती है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोरेन के वकील से अदालत को पहले यह बताने को कहा कि नियमित जमानत के लिए उनकी अर्जी खारिज होने के बाद लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उन्हें कैसे अंतरिम जमानत दी जा सकती है। पीठ ने विषय की अगली सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की है। सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने अदालत के सवालों का जवाब देने के लिए बुधवार तक का वक्त मांगा। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस वी राजू ने सोरेन की अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि उनका मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अलग है, जिन्हें आम चुनाव में प्रचार करने के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी गई थी। उन्होंने कहा कि निचली अदालत ने सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया एक मामला बनते पाये जाने के बाद चार अप्रैल को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया था। ईडी ने अपने हलफनामे में कहा है कि सोरेन राज्य सरकार की मशीनरी का दुरूपयोग कर अपने खिलाफ धन शोधन मामले की जांच प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के उनके विशेष अनुरोध का विरोध किया है। जांच एजेंसी ने कहा कि 31 जनवरी को सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंड उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा है और उनकी नियमित जमानत अर्जी निचली अदालत ने 13 मई को खारिज कर दी थी।



## असम में 600 परिवारों को स्थानांतरित करने के लिए चला अभियान

- वरिष्ठ अधिकारी ने बताया परिवारों को नहीं किया जा रहा बेदखल

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम सरकार दो साल पहले बेदखली अभियान के दौरान विस्थापित हुए लगभग 600 परिवारों को दरांग जिले के गोरुखुटी में उनके अस्थायी आवास से स्थानांतरित करने के लिए एक अभियान चला रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

प्रभावित परिवारों ने दावा किया है कि गोरुखुटी के दो स्थानों पर 620 घर पहले ही नष्ट हो चुके हैं और कार्रवाई अब भी जारी है। दरांग जिला आयुक्त मुनींद्र नाथ नगेटी ने बताया कि परिवारों को बेदखल नहीं किया जा रहा, बल्कि उन्हें सिपाझार राजस्व परिक्षेत्र से पास के डलगांव राजस्व परिक्षेत्र के 'चार' (नदी के द्वीप) क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा-वर्ष 2021 के बेदखली अभियान के दौरान लगभग 2,300 परिवार विस्थापित हो गए और वे गोरुखुटी के कुछ अन्य इलाकों में अस्थायी आवास में रहने लगे। हम तब से उन्हें प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट अन्य स्थानों पर स्थानांतरित होने के लिए कह रहे हैं। मुनींद्र ने कहा कि स्थायी बसावट के लिए मागुरमारी, श्यामपुर, कलाईचर और अरिमारी 'चार' की पहचान की है।

### हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के लिए मोदी को सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिदिन हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी कर रहे हैं और समाज में नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं जिसके चलते उन्हें सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए। खरगे ने एक साक्षात्कार में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के इरादे साफ नहीं हैं क्योंकि वह चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के साथ रोजाना नफरत भरे भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भैंस छीनने और मुसलमानों को बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा देने जैसी बातें करते हैं और ऐसी बातें कहकर वह खुद समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, दूसरी ओर उनका दावा था कि अगर वह हिंदू-मुस्लिम बात करेंगे तो उन्हें सार्वजनिक जीवन में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

## 3.22 करोड़ का घोटाला करने वाला अमेजन कर्मचारी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में आर्थिक अपराध शाखा पुलिस थाने में भारतीय पेरोल के एक अमेजन कर्मचारी के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कर्मचारी ने लगभग तीन करोड़ बाईस लाख चार हजार चार रुपए से अधिक का घोटाला किया है। इस गबन को 50 बैंक खातों में धन ट्रांसफर करके अंजाम दिया गया, जो कि सहयोगियों के थे, जिससे 184 पूर्व-कर्मचारी/निष्क्रिय कर्मचारी अपने उचित बकाया से वंचित हो गए। इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के बाद पुलिस ने कल हैदराबाद के बाहरी इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रस्तावित एकीकृत कमान से सशस्त्र बलों की सैन्य तैयारियों में आएगी तेजी

- सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने बहु प्रतीक्षित योजना को लेकर की टिप्पणी
- बोले, देश के हमें तीनों सशस्त्र बलों से सर्वश्रेष्ठ चीजों को ही लेना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि प्रस्तावित एकीकृत कमान से सशस्त्र बलों की सैन्य तैयारियों में तेजी आएगी। एकीकृत कमान स्थापित करने की महात्वाकांक्षी और बहु प्रतीक्षित योजना लागू करने पर भारत के विचार करने के बीच उनकी यह टिप्पणी आई है।

सीडीएस ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) से एक संयुक्त कार्यशैली विकसित करने की भी अपील की, क्योंकि वे संयुक्त अभियानगत संरचना बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एकीकृत कमान से सुधारों के अगले दौर की शुरूआत होगी।

उन्होंने कहा कि एकीकृत कमान से एकल से बहु-क्षेत्रीय अभियान, पारंपरिक क्षेत्र में अंतरिक्ष एवं साइबर जगत का इस्तेमाल, युद्ध क्षेत्र की सूचना का डिजिटाइजेशन जैसे कई सुधारों का मार्ग प्रशस्त होगा। सीडीएस ने मेजर जनरल समीर सिन्हा स्मृति व्याख्यान देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों में संयुक्त कार्यशैली का विकास दूसरे चरण का एकीकरण होगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण का एकीकरण सशस्त्र बलों के बीच बेहतर तालमेल और आम सहमति के बारे में था। जनरल चौहान ने तीनों सशस्त्र बलों की अलग-अलग कार्यशैली होने की बात स्वीकार करते हुए उल्लेख किया कि सेना के तीनों अंगों के बीच एक चौथी कार्यशैली विकसित करने की जरूरत है।



सीडीएस ने कहा-देश के हमें तीनों सशस्त्र बलों से सर्वश्रेष्ठ चीजों को लेना चाहिए। एकीकरण मॉडल के तहत सरकार थलसेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को समन्वित करना तथा युद्ध एवं अभियानों के लिए उनके संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना चाहती है। एकीकरण योजना के अनुसार, प्रत्येक एकीकृत कमान में थलसेना, वायुसेना और नौसेना की इकाइयां होंगी तथा वे सभी एक इकाई के रूप में काम करेंगी। वर्तमान में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की अलग-अलग कमान हैं।

**आज का मुकाबला**

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| अर्शदीप (पंजाब) | 14 | 19 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

### मैकगुर्क और शॉर्ट कुछ अलग : मैकडोनाल्ड

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि करिश्माई बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट को टी20 विश्व कप के लिए यात्रा रिजर्व के तौर पर इसलिए रखा गया है क्योंकि वे कुछ अलग हैं। मैकगुर्क ने अपने पहले आईपीएल में दिल्ली के लिए नौ मैचों में 234 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए जिसमें 32 चौके और 28 छक्के थे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि ये दोनों बाकियों से अलग है। फ्रेसर सलामी बल्लेबाज है तो शॉर्ट बल्लेबाज के साथ स्पिनर भी है।

# सनराइजर्स को 8 विकेट से हराकर केकेआर फाइनल में

## कप्तान श्रेयस और वेंकटेश अय्यर की आक्रामक पारी से पहला क्वालीफायर मुकाबला कोलकाता ने जीता

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मिचेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और वेंकटेश अय्यर की आक्रामक पारियों से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 38 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। सनराइजर्स को 159 रन पर समेटने के बाद केकेआर ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बना कर चौथी बार लीग के फाइनल में प्रवेश किया।

सनराइजर्स को 26 मई को होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए राजस्थान और बेंगलुरु के बीच बुधवार को होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से शुक्रवार 24 मई भिड़ना होगा। श्रेयस और वेंकटेश दोनों ने अपनी नाबाद पारियों में एक समान 5 चौके और 4 छक्के जड़े। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए महज 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की।

स्टार्क को शुरुआती ओवरों में वैभव अरोड़ा का अच्छा साथ मिला और दोनों ने पहले दो ओवरों में शानदार लय में चल रहे सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन की राह दिखा दी। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी ने मध्यक्रम में सनराइजर्स के बल्लेबाजों को ज्यादा देर तक पैर जमाने का मौका नहीं दिया। हर्षित राणा और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। सनराइजर्स के लिए राहुल त्रिपाठी ने 35 गेंद में 55 रन बनाने के साथ हेनरिच क्लासेन के साथ 62 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 21 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरों में कप्तान पैट कमिंस ने 24 गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के की मदद से 30 रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए विजयकांत के साथ 33 रन जोड़े।



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद के खिलाफ शॉट लगाते कोलकाता के खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर। ● एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल सॉल्ट की जगह टीम में आए विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज ने भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ चौके से खाता खोला तो वही नारायण ने दूसरे ओवर में कमिंस का स्वागत दो चौके से किया। टी नटराजन ने चौथे ओवर में उनकी 14 गेंद में 23 रन की पारी को खत्म किया। क्रीज पर आए वेंकटेश अय्यर ने भुवनेश्वर के खिलाफ दो चौके लगाए तो वहीं नारायण ने नटराजन की गेंद को सीमा रेखा के पार भेज पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 63 रन कर दिया। कमिंस ने नारायण को व्यासकांत के हाथों कैच कराया। वेंकटेश पर इसका असर नहीं पड़ा और उन्होंने कमिंस और फिर व्यासकांत पर छक्का जड़ रन गति को बनाये रखा। कप्तान श्रेयस अय्यर को 10वें ओवर में व्यासकांत की गेंद पर उस समय जीवनदान मिला जब विकेटकीपर क्लासेन और त्रिपाठी में गफलत से कैच छूट गया। कमिंस ने विकेट की तलाश में गेंद हेड को थमाई लेकिन श्रेयस और वेंकटेश ने चौके लगाकर उन्हें असरहीन किया। वेंकटेश ने रेड्डी के खिलाफ छक्का लगाकर 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस ने हेड के खिलाफ तीन छक्के और चौका लगाकर टीम को जीत दिलाने से पहले महज 23 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। इससे पहले गेंदबाजी का न्योता मिलने के बाद स्टार्क ने अपने शुरुआती तीन ओवरों में तीन विकेट चटकाकर आईपीएल में अपनी महंगी कीमत को चिरतार्थ किया।

उन्होंने पहले ओवर में शानदार लय में चल रहे हेड को बोल्ड करने के बाद पारी के पांचवें ओवर में लगातार गेंदों पर नीतिश कुमार रेड्डी और शाहबाज अहमद को चलता किया। इस बीच अरोड़ा ने पारी के दूसरे ओवर में आंद्रे रसेल के हाथों कैच कराकर अभिषेक को पवेलियन भेजा। विकेटों के पतन के बीच त्रिपाठी ने पावर प्ले में इन दोनों गेंदबाजों के खिलाफ चौके जड़े जिससे छह ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 45 रन हो गया। त्रिपाठी ने आठवें ओवर में हर्षित की गेंद को दर्शकों के पास भेज कर पारी का पहला छक्का जड़ा तो दूसरे छोर से क्लासेन ने नारायण की गेंद पर शानदार छक्का और फिर चौका लगाकर रन गति को तेज किया। चक्रवर्ती के खिलाफ 11वें ओवर में चौके के साथ त्रिपाठी ने अपना अर्धशतक और टीम के रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश कर रहे क्लासेन को पवेलियन की राह दिखा दी।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**हैदराबाद 159/10** 19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड बो स्टार्क | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा कैच रसल बो वैभव | 03 | 04 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी रन आउट (रसल/गुरबाज़) | 55 | 35 | 7/1 |
| नितीश कुमार रेड्डी कैच गुरबाज़ बो स्टार्क | 09 | 10 | 1/0 |
| शाहबाज़ अहमद बो स्टार्क | 00 | 01 | 0/0 |
| हाइनरिक क्लासन कैच रिंकू बो चक्रवर्ती | 32 | 21 | 3/1 |
| अब्दुल समद कैच श्रेयस बो हर्षित | 16 | 12 | 0/2 |
| सनवीर सिंह बो नारायण | 00 | 01 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच गुरबाज़ बो रसल | 30 | 24 | 2/2 |
| भुवनेश्वर कुमार पगबाधा चक्रवर्ती | 00 | 04 | 0/0 |
| विजयकांत वियसकांत नाबाद | 07 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-34-3, अरोड़ा 2-0-17-1, हर्षित 4-0-27-1, नारायण 4-0-40-1, रसेल 1.3-0-15-1, चक्रवर्ती 3-0-15-2

**कोलकाता 164/2** 13.4 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋरहमानुल्लाह का व्यासकांत बो नटराजन | 23 | 14 | 2/2 |
| सुनील का व्यासकांत बो कमिंस | 21 | 16 | 4/0 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 51 | 28 | 5/4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 58 | 24 | 5/4 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 3-0-28-0, कमिंस 3-0-38-1, नटराजन 3-0-22-1, व्यासकांत 2-0-22-0, रेड्डी 1.4-0-32-0, शाहबाज 1-0-13-0

### भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने बेल्जियम को 4-2 से हराया

**एंटवर्प।** श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट से हराकर यूरोप दौरे की जीत से शुरुआत की। तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल दागे। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढ़त थी। तीसरे क्वार्टर में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल दागा। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिए गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।

## एकता ने क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

**कोबे (जापान), एजेंसी**

**विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप**

भारत की एकता भयान ने 20.12 मीटर का थ्रो फेंककर विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 श्रेणी की रेस में स्वर्ण पदक जीता था।

एकता के स्वर्ण के अलावा कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया की नाजेत बूशेर्फ ने 12.70 मीटर के साथ कांस्य पदक पाया। हरियाणा सिविल सेवा अधिकारी एकता ने एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने तोक्यो पैरालम्पिक 2020 के लिए भी क्वालीफाई किया था। एकता डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन 2003 में सड़क दुर्घटना ने उनके सारे सपने छीन लिए। वह कैब से जा रही थी जब दिल्ली हरियाणा



सीमा पर ट्रक उनकी कैब पर उलट गया। वह तब से व्हीलचेयर पर है। उस हादसे में छह अन्य छात्रों की मौत हो गई थी। भारत के अब दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं।

### भाला फेंक : विश्व खिताब का सुमित ने किया बचाव

**कोबे (जापान)।** गत पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने मंगलवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखा जबकि थंगावेलु मरियप्पन ने भी ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत के लिए दिन अच्छा रहा।





तोक्यो पैरालंपिक और 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित ने भाले को 69.50 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुमित के हमवतन संदीप ने इसी प्रतिस्पर्धा में 60.41 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मरियप्पन ने इसके बाद 1.88 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ टी63 ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया।

**खेल डायरी**

### चोटिल केर ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल टीम से बाहर

**सिडनी।** ओलंपिक शुरू होने से पहले ही आस्ट्रेलिया की महिला फुटबॉल टीम की कप्तान सैम केर टखने की चोट से बाहर हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल नियामक संस्था ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि 30 वर्षीय कप्तान घरेलू क्लब में स्वास्थ्य लाभ कार्यक्रम जारी रखेंगी और पेरिस ओलंपिक 2024 के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने एडिलेड और सिडनी में चीन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 23 खिलाड़ियों की सूची जारी करने वाले दिन यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई स्टार खिलाड़ी गोलकीपर मैकेंजी अर्नोल्ड, डिफेंडर ऐली कारपेंटर और फॉरवर्ड मैरी फाउलर इनमें शामिल हैं।

### भारत क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** एशियाई खेल चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के चौथे स्थान पर रहने से तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारतीय कंपाउंड महिला टीम क्वालीफाइंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। विश्व कप में सत्र के पहले शंघाई चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने के बाद ज्योति शीर्ष तीन में रहने से तीन अंक से चूक गई। वह तीसरे स्थान पर रही दक्षिण कोरिया की ओह युहयुन (707 अंक) से तीन अंक पीछे रह गई। हान सियुंगियोन पहले और लक्जेमबर्ग की मारिया शकोल्ना दूसरे स्थान पर रही। भारत की परनीत कौर आठवें और विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी 15वें स्थान पर रही।

### शारजाह शतरंज : अरविंद चिदंबरम हारे, गंवाई बढ़त

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम को सातवें दौर में ईरान के बार्दिया दानेश्वर के खिलाफ बड़ी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ा, जिससे उन्होंने बाजी के अलावा शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में बढ़त भी गंवा दी। दानेश्वर के खिलाफ हार के साथ अरविंद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर खिसक गए। दानेश्वर के खिलाफ अरविंद अच्छी स्थिति में थे लेकिन इसके बाद उन्होंने बड़ी गलती करते हुए बाजी गंवा दी। भारत के अर्जुन एरिगेसी ने ईरान के परहम माघसूदलू से ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से एरिगेसी दानेश्वर और शैंकलैंड से आधा अंक पीछे चल रहे हैं। अरविंद के भी पांच अंक हैं।

### टोनी क्रूज यूरो 2024 के बाद लेंगे संन्यास

**मैड्रिड।** जर्मनी के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी टोनी क्रूज 2024 यूरोपीय चैंपियनशिप के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। उनके क्लब रीयाल मैड्रिड ने बताया कि 34 साल के क्रूज ने यूरो 2024 के बाद पेशेवर फुटबॉलर के रूप में अपने करियर को समाप्त करने का फैसला किया है। क्लब ने कहा कि रीयाल मैड्रिड टोनी क्रूज के प्रति अपना आभार और स्नेह व्यक्त करना चाहता है। वह हमारे क्लब के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के महानतम दिग्गजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे। क्रूज 2014 से रीयाल मैड्रिड के साथ है। टीम ने 22 खिताब जीते है, जिसमें चार यूरोपीय कप और चार स्पेनिश लीग शामिल हैं। उन्होंने क्लब के साथ 463 मैच खेले हैं।

## त्रिसा और गायत्री महिला युगल के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

**मलेशिया मास्टर्स**

● पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हारे

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन और लियांग जिंग यू को 21-14, 21-10 से हराया।

पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हार गए। पिछले साल दिसंबर में ओडिशा मास्टर्स जीतने वाले सतीश करुणाकरन ने मलेशिया के चीम जून वेइ को 21-15, 21-19 से हराया, लेकिन इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21-13, 20-22, 13-21 से हार गए। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने हमवतन कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21-7, 21-14 से हराया, लेकिन थाईलैंड के पानीचाफोन तीरारात्साकुल से 21-23, 12-16, 17-21 से हार गए। पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता एस शंकर सुब्रहमण्यन को रुस्तावितो ने पहले दौर में 21-12, 21-17 से हराया। महिला क्वालीफायर में तान्या हेमंत





को चीनी ताइपै की लिन सिह युन ने 23-21, 21-8 से मात दी। महिला युगल में पलक अरोरा और उन्नति हुड्डा को चीनी ताइपै की सू यिन हुइ और लिन जि युन ने 21-10, 21-5 से हराया।

## अभ्यास को रोलां गैरो पहुंचे नडाल

**पेरिस, एजेंसी**

**फ्रेंच ओपन**

रिकॉर्ड 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन रफेल नडाल तैयारी के लिये रोलां गैरो लौटे हैं हालांकि उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति है। 37 वर्ष के नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और दो अभ्यास जोड़ीदारों के साथ यहां पहुंचे।

फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास देखने के लिए करीब 6000 दर्शक मौजूद थे। करीब डेढ घंटे तक चले अभ्यास सत्र के बाद नडाल ने प्रशंसकों को आटोग्राफ दिए और लॉकर रूम में चले गए। फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल कूल्हे की चोट के कारण 2023 में लगभग



● फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति

पूरे सत्र से बाहर रहे। वह हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे दौर में हुबर्ट हुरकाज से हार गए थे। अभी उन्होंने बताया नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन खेलेंगे या नहीं। पिछले साल भी वह कूल्हे की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर थे।

**बॉलीवुड हलचल**

### सुष्मिता सेन 30 साल पहले बनी थीं मिस यूनिवर्स



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन को मिस यूनिवर्स बने 30 साल हो गए हैं। सुष्मिता ने 21 मई 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज पहना था। ये खिताब जीतने वाली सुष्मिता भारत की पहली महिला है। सुष्मिता ने इसको याद करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। सुष्मिता ने अपने इंस्टाग्राम पर पुरानी तस्वीर शेयर की और लंबा चौड़ा नोट लिखा। फोटो में सुष्मिता एक बच्ची को गोद में लिए नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, ये छोटी लड़की, जिससे मैं अनाथालय में मिली थी, उसने मुझे जिंदगी का सबसे मासूम, लेकिन गहरा सबक सिखाया, जिसे मैं आज तक जी रही हूं। ये फोटो 30 साल पहले ली गई थी, जब मिस यूनिवर्स का ताज पहली बार भारत आया था! सुष्मिता से ने लिखा, यह कमाल का सफर रहा था और अभी भी जारी है हमेशा मेरी सबसे बड़ी पहचान और ताकत बने रहने के लिए भारत को धन्यवाद! कभी न खत्म होने वाले प्यार और अपनेपन के लिए फिलीपींस को धन्यवाद तीन दशक बीत गए और अभी आने बाकी हैं!



### मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का दूसर गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा कंपोज किया गया और जुबिन नौटियाल द्वारा गाए गए इस गाने की शूटिंग जयपुर में हुई है। इस गाने के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। गाने में महिमा (जाह्नवी) और महेंद्र (राजकुमार) के रिश्ते की मिठास को दर्शाया गया है। गाने को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए राजकुमार ने लिखा, अगर हो तुम में प्यार को गहराई के साथ महसूस करें। संगीतकार तनिष्क ने कहा, अगर हो तुम एल्बम का फ्रेश एलिमेंट है। कौसर मुनीर के बोल और जुबिन की आवाज लोगों के दिलों में बस जाएगी। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस गाने को पसंद करेंगे और इसका आनंद लेंगे।



**डब्ल्यूएफआई ने ओलंपिक कोटा विजेताओं को ट्रायल से दी छूट**

## हंगरी में भारतीय पहलवानों का होगा आकलन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को ओलंपिक कोटा विजेता सभी छह पहलवानों को चयन ट्रायल से छूट दे दी, लेकिन उनके फॉर्म और फिटनेस का आकलन आगामी रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और हंगरी में अभ्यास शिविर में होगा।

डब्ल्यूएफआई ने कहा कि यह विशेष परिस्थितियों में लिया गया फैसला है और इसे भविष्य के लिये परिपाटी नहीं माना जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई ने यह भी कहा कि अगर किसी भी पहलवान की फिटनेस में कमी पाई गई तो महासंघ आठ जुलाई से पहले ट्रायल के जरिये विकल्प के बारे में सोचेगा। प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख आठ जुलाई है। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए छह कोटा हासिल किए हैं जिनमें अमन सेहरावत (57 किलो) अकेले पुरुष पहलवान हैं। विनेश फोगाट (50 किलो), अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो), निशा दहिया (68 किलो) और रीतिका हुड्डा (76 किलो) ने भी क्वालीफाई किया है। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई से ट्रायल नहीं कराने का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि इससे चोट का खतरा है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने इसे स्वीकार कर लिया।

संजय सिंह ने कहा कि हमने बात की और दोनों मुख्य कोचों का कहना था कि ट्रायल से चोट का खतरा होगा जिससे भारत की पदक उम्मीदों पर विपरीत असर पड़ सकता है, जिस वजह से हमने ट्रायल नहीं कराने का फैसला लिया।

कोटा विजेता बुडापेस्ट में छह से नौ जून तक यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरिज में भाग लेंगे। इसके बाद 10 से 21 जून तक अभ्यास शिविर लगेगा। सिंह ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी पहलवान को चोट ना लगे। इसलिए ट्रायल की जगह भारतीय कोच कोटा विजेताओं का आकलन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और अभ्यास शिवर में करेंगे। अगर कोई फिट नहीं है तो उसके विकल्प पर विचार किया जा सकता है। हम आठ जुलाई से पहले उस वर्ग में चयन ट्रायल का आयोजन करेंगे।



### रवि और सरिता के लिए रास्ते बंद

तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि दहिया (57 किलो) और सरिता मोर (57 किलो) के लिए रास्ते भी बंद हो गए जो ट्रायल की तैयारी कर रहे थे। चयन समिति की बैठक में महिला टीम के मुख्य कोच वीरेंदर दहिया और फ्रीस्टाइल मुख्य कोच जगमंदर सिंह भी मौजूद थे। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त, पूर्व पहलवान गीतिका जाखड़, डब्ल्यूएफआई उपाध्यक्ष और ओलंपियन जय प्रकाश, कोषाध्यक्ष संदीप देशवाल ने भी बैठक में भाग लिया। गीतिका ने वीडियो कॉल के जरिये बैठक में भाग लिया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे की जांच से अमेरिका का इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा- रईसी के हाथ खून से सने

ईरान सरकार की ओर से हेलीकॉप्टर दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए अमेरिका से किया गया आग्रह को उसने ठुकरा दिया है। यह जानकारी अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ईरान में राष्ट्रपति के तौर पर रईसी का रिकॉर्ड सही नहीं था। उनके हाथ खून से सने थे। रविवार को राष्ट्रपति रईसी का हेलीकॉप्टर कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

मैथ्यू मिलर से सोमवार को जब प्रेस वार्ता में ईरानी सरकार की ओर से मदद का आग्रह किये जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका इस तरह की स्थितियों में विदेशी सरकारों से आग्रह आने पर मदद करता है, लेकिन अमेरिका उसकी किसी भी तरह की मदद कर पाने में सक्षम नहीं है। मिलर ने कहा कि काफी हद तक लॉजिस्टिक कारणों के चलते मदद नहीं की जा रही है।


तेहरान में दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को श्रद्धांजलि देते सदस्य।

### ईरानी सेना के नेतृत्व में हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच शुरू

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की नियुक्ति की है। समिति की बागडोर ब्रिगेडियर अली अब्दुल्लाही को सौंपी गयी है, जिन्होंने जांच शुरू कर दी है।

### मशहद में दफनाया जाएगा रईसी का शव

**तेहरान।** ईरान के उपराष्ट्रपति मोहसिन मंसूरी ने कहा है कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पार्थिव शरीर को गुरुवार को पूर्वोत्तर शहर मशहद में दफनाया जाएगा। ईरानी स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी ने ईरानी उपराष्ट्रपति के हवाले से यह जानकारी दी।

### ईरान में 28 जून को होगा राष्ट्रपति चुनाव

**तेहरान।** ईरानी सरकार ने सोमवार को निर्णय लिया कि देश में 14वें राष्ट्रपति का चुनाव 28 जून को होगा। यह जानकारी आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। खबर में कहा गया कि चुनाव की तारीख का निर्धारण एक बैठक में किया गया है।

# इन लक्षणों से समझें गंदगी से सिकुड़ रही खून की नसें, आ सकता है हार्ट अटैक

भागदौड़ से भरी और अक्सर तनावपूर्ण रहने वाली आज की जिन्दगी में एथेरोस्क्लेरोटिक कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (एएससीवीडी) का जोखिम बढ़ा हुआ है। एएससीवीडी की शुरूआत में थोड़े या न के बराबर लक्षण होते हैं और इसलिए इसे अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है। यह बीमारी गुजरते वर्षों के साथ धीरे-धीरे बढ़ती है और इससे दुनिया में लाखों लोगों को बड़ा खतरा है। आईसीएमआर के हाल के अध्ययनों ने भारत की शहरी आबादी में हाई कोलेस्ट्रॉल के 25-30% और ग्रामीण आबादी में 15-20% मामले होने की बात कही है। ज्यादा आमदनी वाले देशों की तुलना में, भारत के 83% लोगों में बड़ी कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों और मौत की दर काफी ज्यादा है। लेकिन इन अनिश्चितताओं के बीच कुछ अच्छी खबर भी है: कोलेस्ट्रॉल, और खासकर बुरे कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने से बड़ा परिवर्तन आ सकता है।



### एएससीवीडी के जोखिम कारक

एएससीवीडी में कई कारकों का योगदान होता है। इनमें से कुछ में बदलाव होते हैं, जबकि कुछ ऐसे ही बने रहते हैं। जोखिम के बदलाव वाले घटकों में कोलेस्ट्रॉल, हाइपरटेंशन, डायबिटीज और धूम्रपान शामिल हैं। इनमें कोलेस्ट्रॉल के बढ़े हुए लेवल और हाई ब्लड प्रेशर खासतौर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### एएससीवीडी क्या है और इसके संकेत और लक्षण क्या हैं?

एएससीवीडी में कई तरह की स्थितियां होती हैं, जैसे कि आर्टरीज में गंदगी जमा होना, जिससे हृदय और मस्तिष्क जैसे जरूरी अंगों में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है। इस स्थिति को एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है और कोलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण धीरे-धीरे आर्टरीज बंद होने लगती हैं। ऐसे में आर्टरीज कठोर हो जाती हैं और हार्टअटैक, स्ट्रोक तथा हृदय की अन्य समस्याओं की संभावना बढ़ जाती है।

### अपना टारगेट एलडीएल-सी जानना क्यों जरूरी

अलग-अलग लोगों के लिये जोखिम के कारकों और स्वास्थ्य-लक्ष्यों के आधार पर एलडीएल-सी के आदर्श स्तर में अंतर होता है। लेकिन आमतौर पर यह 100 एमजी/डीएल होना चाहिए, जबकि ज्यादा जोखिम वालों के लिये इससे भी कम। एलडीएल-सी पर नजर रखने के लिये खून की नियमित रूप से जांच हो सकती है। यह मरीज के जोखिम और उपचार के आधार पर हर 3 से 12 महीने में होती है। अपने लिपिड पर नजर रखना एएससीवीडी को मैनेज करने का आधार होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल्स को मैनेज करने के लिये दिल की सेहत को अच्छा रखने वाला आहार, नियमित व्यायाम और तनाव का प्रबंधन महत्वपूर्ण है।

### दिल की सेहत के लिए कोलेस्ट्रॉल की जांच क्यों जरूरी

एलडीएल लेवल को मैनेज करने के लिये कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है। 2019 में दुनिया में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) के कारण 32% मौतें हुई थीं और आकलन है कि 2030 तक हर साल ऐसी 23.6 मिलियन मौतें हो सकती हैं। ऐसे में कम उम्र से ही कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है।

### कोलेस्ट्रॉल के प्रकार, प्रभाव और दिल की सेहत पर असर

कोलेस्ट्रॉल के विभिन्न प्रकार होते हैं, जिनमें से एलडीएल (लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अक्सर बुरा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। क्योंकि आर्टरी की दीवारों में गंदगी के जमा होने में उसकी भूमिका होती है। जबकि एचडीएल (हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अच्छा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है।

### एससीवीडी के संकेत और लक्षण

शुरुआती अवस्था के कुछ आम लक्षण हैं एंजिना, जिसे चेस्ट पैन भी कहा जाता है। सांस छोटी होना, थकान, चक्कर आना और धड़कन बढ़ना। यह समझना महत्वपूर्ण है कि कोई जानलेवा स्थिति आने तक कुछ लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। बीमारी का जल्दी पता लगाने और सही समय पर दखल देने के लिये स्वास्थ्य की नियमित जांच और पूर्व सक्रिय होकर कोलेस्ट्रॉल को जानना आवश्यक है।

## एक नजर

### स्लोवाकिया में सर्वसम्मति से राजनीतिक हिंसा के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया की संसद ने प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या की कोशिश के बाद मंगलवार को सर्वसम्मति से राजनीतिक हिंसा के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। संसद में मौजूद सभी 130 सांसदों ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ नफरत फैलाने से परहेज करने का आह्वान किया गया है। पेजिनोक शहर की एक अदालत ने शनिवार को हमले के संदिग्ध को कारागार में ही रखने का आदेश दिया। इस बीच, अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में गंभीर रूप से घायल फिको की सेहत में सुधार हो रहा है। बंस्क बिस्ट्रिका शहर के जिस अस्पताल में फिको का इलाज चल रहा है उसने बताया फिको होश में हैं और बातचीत कर रहे हैं।

### इजरायली हमले में हिजबुल्लाह अधिकारी की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के मंसूरी में इजरायली हमले में एक हिज़्बुल्लाह अधिकारी की मौत हो गई और एक नागरिक घायल हो गया। लेबनानी सैन्य सूत्रों के अनुसार सोमवार शाम अधिकारी टायर जिले के मंसूरी में मोटरसाइकिल पर जब जा रहा था तभी इजरायल की ओर से दो मिसाइलें दागी गईं, जिसमें मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई और एक राहगीर घायल हो गया। मृतक की पहचान दक्षिणी नगरपालिका डेयर कानून एन नहर से हिजबुल्लाह के स्थानीय अधिकारी कासिम सकलावी के रूप में की गयी है।

### जापान के ओगासावारा द्वीप समूह में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** दक्षिण में प्रशांत महासागर में ओगासावारा द्वीप समूह के पास मंगलवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने दी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 9:39 बजे लगभग 50 किमी की गहराई में आया, जिसकी तीव्रता हाहाजिमा द्वीप में 7 के जापानी भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर 4 मापी गई। मौसम एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### स्पेन ने अर्जेंटीना से अपना राजदूत वापस बुलाया

**ब्यूनस आयर्स।** दो ऐतिहासिक सहयोगियों स्पेन और अर्जेंटीना के बीच राजनयिक संकट मंगलवार को तब और बढ़ गया जब स्पेन ने ब्यूनस आयर्स से अपने राजदूत को वापस बुला लिया। वहीं, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे एक अहंकारी समाजवादी की बकवास करार दिया। स्पेन ने कहा कि वह मैड्रिड में रविवार की रैली में राष्ट्रपति माइली द्वारा की गई टिप्पणियों के जवाब में आधिकारिक तौर पर अर्जेंटीना से अपने राजदूत को हटा रहा है।

### बांग्लादेश के पूर्व सेना प्रमुख अजीज पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के कारण सोमवार को प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि उनके कदमों ने बांग्लादेशी लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं में लोगों के भरोसे को कमजोर किया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर बड़े भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाने की आज सार्वजनिक रूप से घोषणा की। उनके कदमों ने बांग्लादेश के लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थानों और प्रक्रियाओं में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है।

# 37 हजार फीट पर एयर टर्बुलेंस एक की मौत, 30 लोग घायल

## सिंगापुर एयरलाइंस का विमान झटके से 6 हजार फीट नीचे आया

बैंकॉक, एजेंसी

सिंगापुर एयरलाइन्स की एक फ्लाइट 21 मई को आसमान में एयर टर्बुलेंस (वायुमंडलीय विक्षोभ) में फंस गई। अचानक लगे झटकों से 73 साल के ब्रिटिश यात्री की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। फ्लाइट एसक्यू321 लंदन से सिंगापुर जा रही थी। सिंगापुर एयरलाइन्स की बोइंग 777-300ईआर फ्लाइट ने लंदन से उड़ान भरी थी।

टेकऑफ के कई घंटे बाद फ्लाइट म्यांमार के एयरस्पेस में 37 हजार फीट पर खराब मौसम की वजह एयर टर्बुलेंस में फंस गई। इस दौरान कई झटके लगे। विमान 5 मिनट के अंदर 31 हजार फीट की ऊंचाई पर आ गया। इस दौरान ऊंचाई कम करते वक्त यात्रियों को सीट बेल्ट पहनने की वॉर्निंग नहीं दी गई। कई यात्री अपनी सीट से ऊपर उछल गए। उनका सिर लगेज कंटेनर से टकरा गया। कई लोगों को चोट लगी। एक पैसेंजर की मौत हो गई। इसके बाद फ्लाइट को बैंकॉक डायवर्ट किया गया। यहां के स्वर्णभूमि एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। थाईलैंड के परिवहन मंत्री ने एक बयान में कहा कि मामूली रूप से घायल और घायल नहीं हुए यात्रियों को शहर के चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचाने के लिए सिंगापुर मंगलवार रात दूसरा विमान भेजेगा।


विमान के भीतर यात्री द्वारा ली गई तस्वीर।


बैंकाक एयरपोर्ट पर खड़ा विमान।

### फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य थे

फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य सवार थे। जिन्हें सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट उतरना था। लेकिन एयर टर्बुलेंस के कारण बैंकॉक एयर पोर्ट पर उतारना पड़ा। प्लेन की लैंडिंग के तुरंत बाद एम्बुलेंस की कई गाड़ियां एयरपोर्ट पहुंची। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंगापुर एयरलाइन्स ने मारे गए यात्री के परिजनों के प्रति शोक जताया है। कंपनी के अधिकारी बैंकॉक से लगातार संपर्क में है। सभी यात्रियों को जरूरी मदद पहुंचाई जा रही है।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के डिलीवरी ब्वॉय को 30 माह की सजा

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक डिलीवरी ब्वॉय को एक होलसेलर के यहां काम करते हुए 1,70,000 सिंगापुर डॉलर से ज्यादा मूल्य के मांस उत्पाद चुराने के मामले में 30 महीने जेल की सजा सुनाई गयी है।

टुडे समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शिवम करुप्पन (42) और ची सॉन्ग फूड्स विक्रेता में काम करने वाला उसका एक अन्य सहकर्मी चुराये हुए मांस उत्पादों को ग्राहक को बेचते थे और इससे प्राप्त धन को अपने पास रखते थे। करुप्पन के सहयोगी के खिलाफ अदालत में मामला फिलहाल शुरू नहीं हुआ है।

सहयोगी नेशान गुणसुंदरम (27) भी भारतीय मूल का नागरिक है, जो कंपनी ने गोदाम में सुपरवाइजर के रूप में तैनात था। गुणसुंदरम का काम गोदाम के अंदर और बाहर माल के आवागमन की निगरानी करना था। अदालत में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, करुप्पन और गुणसुंदरम ने कुल मांस उत्पाद चुराए। उपलोक अभियोजक (डीपीपी) रोनी एंग ने करुप्पन के अपराधों के लिए 32 से 38 महीने की जेल की सजा की मांग करते हुए कहा कि उसने अपने मालिक के साथ विश्वासघात किया है। अदालत ने करुप्पन को 30 महीने जेल की सजा सुनाई।

# माउंट फूजी पर्वत पर बढ़ रही गंदगी, देना होगा शुल्क


जापान का माउंट फूजी पर्वत।

टोक्यो, एजेंसी

● जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने के लिए तय किए नए नियम

जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने की इच्छा रखने वाले लोगों को अब स्लाट की बुकिंग करानी होगी और इसके लिए उन्हें शुल्क का भी भुगतान करना होगा। पर्वतारोहियों की बढ़ती संख्या और वहां फैल रही गंदगी के चलते यह फैसला लिया गया है। सुरक्षा और संरक्षण भी चिंता का विषय बन चुका है।

यह नए नियम, 3,776 मीटर (लगभग 12,300 फीट) ऊंचे पर्वत के यामानाशी किनारे पर योशिदा मार्ग से जाने वाले पर्वतारोहियों पर लागू होगा। माउंट फूजी पर्वत पर एक जुलाई से 10 सितंबर तक पर्वतारोही चढ़ाई कर सकते हैं। यामानाशी प्रान्त ने सोमवार को जापान के विदेशी प्रेस केंद्र के माध्यम से बताया कि नए नियम के अनुसार केवल 4,000 पर्वतारोहियों को मार्ग में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

इसके लिए प्रति दिन 2,000 येन (लगभग 18 अमेरिकी डॉलर) का शुल्क लिया जाएगा। 3,000 स्लॉट्स ऑनलाइन बुक किए जाएंगे और शेष 1,000 को चढ़ाई के दिन व्यक्तिगत रूप से बुक किया जा सकता है। पर्वतारोही माउंट फूजी क्लाइंबिंग वेबसाइट के माध्यम से अपने स्लॉट बुक कर सकते हैं।

# बोको हराम के चंगुल से सैकड़ों लोगों को मुक्त कराया गया

मैदुगुरी, एजेंसी

नाइजीरिया के उत्तरी पूर्वी हिस्से में चरमपंथी समूह बोको हराम द्वारा जंगल में महीनों तक बंधक बनाकर रखे गए सैकड़ों लोगों को मुक्त कराकर अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

सेना ने बताया कि मुक्त कराए गए लोगों में अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं और ये कई महीनों या सालों से बंधक थे। नाइजीरियाई सेना के वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल केन चिग्बु ने सोमवार को मुक्त कराए गए लोगों को बोर्नो में असैन्य प्रशासन को सौंपने के दौरान कहा कि 350 बंधकों को बोको हराम ने सम्बिसा के जंगलों में बंधक बनाकर रखा था। उन्होंने बताया कि 209 बच्चे, 135 महिलाएं और छह पुरुष मुक्त कराए गए हैं। फटे-पुराने कपड़ों में ये लोग बहुत थके हुए नजर आए।

### चीन में कोयला खदान में गैस रिसाव से पांच की मौत

**बीजिंग।** चीन के पूर्वोत्तर प्रांत हेइलोंगजियांग में एक कोयला खदान में तरल कार्बन डाई ऑक्साइट के रिसाव के कारण पांच की मौत हो गई। चाइना सेंट्रल टीवी ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 08:38 बजे हेगांग शहर के जिंगआन कोयला खदान में हुई, जिसमें नौ लोग फंस गए। बचावकर्मियों ने इनमें से चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया।

# डेढ़ लाख का कर्ज नहीं लौटा पाया तो किसान ने की आत्महत्या

**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलगावी में 55 वर्षीय किसान ने 1.50 लाख रुपये की ऋण राशि लौटाने के लिए एक महिला साहूकार द्वारा परेशान किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार किसान राजू खोतागी ने रविवार को जहर खा लिया जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां अगले दिन उनकी मौत हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि किसान ने गंभीर सूखे के कारण नुकसान झेलने के बाद लगभग छह महीने पहले उसी गांव की 60 वर्षीय सिद्धव्वा बय्यानवारा से 1.50 लाख रुपये का ऋण लिया था।

## रेड कार्पेट पर नैंसी



### कॉन्स में नैंसी त्यागी का जलवा

**कॉन्स।** उत्तर प्रदेश में पैदा हुई नैन्सी त्यागी ने कॉन्स फिल्म फेस्टिवल में खुद का सिला हुआ गाउन पहनकर इतिहास रच दिया है। इस पिंक रफफल्ड गाउन को बनाने के लिए नैन्सी ने 1000 मीटर कपड़ा लिया और एक महीने में इसे तैयार किया। जब नैन्सी से यह पूछा गया कि उन्हें कैसा महसूस हो रहा है तो बेहद ही मासूमियत के साथ यह जवाब दिया कि इतना बड़ा तो उनका सपना भी नहीं था। नैन्सी को इंफ्लुएंसर के तौर पर पहचान तब मिली जब इंस्टाग्राम पर उनकी वीडियोज वायरल होने लगीं।

# श्रीलंका ने भारत में गिरफ्तार नागरिकों की जांच शुरू की

**कोलंबो।** श्रीलंका ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध रखने वाले अपने चार नागरिकों के बारे में सूचना हासिल करने के लिए जांच शुरू की है। इन्हें भारत में गिरफ्तार किया गया था, वे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे।

गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ता ने एक गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से हिरासत में लिया था। वे कोलंबो से चेन्नई पहुंचे थे। इन लोगों ने इस्लामिक स्टेट के इशारे पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत की यात्रा की थी।

खगोल विज्ञान | पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का नए शोध में दावा

# निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारे सबसे करीबी खूबसूरत निहारिका ओरियन नेबुला वैज्ञानिकों को ग्रह नक्षत्रों के निर्माण व विकास की नई दिशा प्रदान करेगी। पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नए शोध में यह दावा किया है। शोध में नेबुला की नवीन विचित्र तस्वीरों के जरिए इस निहारिका खाका तैयार किया है।

ओरियन नेबुला नग्न आंखों से नजर आने वाली बेहद खूबसूरत निहारिका है। इसकी लोकप्रियता पूरी दुनिया में है। दुनिया में सर्वाधिक शोध व फोटोग्राफ इसी निहारिका की हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड में ग्रह नक्षत्रों के रहस्य उजागर करने के लिए इससे बेहतर कोई दूसरी निहारिका नहीं हो सकती। इसी उद्देश्य को लेकर पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्याल के वैज्ञानिको ने इस पर नया शोध किया। शोध के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप का सहारा लिया गया और जो परिणाम देखने को मिले, वह शोधकर्ताओं के लिए आश्चर्यजनक थे। इस आधार पर इसका नया खाका खींचने पर वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली है। नए मानचित्र में ओरियन नेबुला के हृदय के साथ विकिरण, गर्म आयनित गैस व ठंडे आणविक बादल में संक्रमण को चिह्नित किया गया है। गैस के बादल का बचा हुआ हिस्सा दर्शाया गया है, जिससे तारों का निर्माण हुआ। वैज्ञानिक जानते हैं कि तारे और ग्रह निर्माण का रहस्य आज भी उलझा हुआ है। जिसे समझने के लिए यह नेबुला बेहद मददगार साबित होगी।


वेब टेलीस्कोप द्वारा ली गई ओरियन निहारिका की ताजा तस्वीर।

### ग्रह नक्षत्रों की प्रक्रिया समझने में मिलेगी मदद

शोधकर्ता खगोलशास्त्री एल्स पीटर्स कहते हैं कि किसी भी ग्रह व तारे की उत्पत्ति को लेकर रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद जरूरी है। इस दिशा में अधिक जानकारी अभी तक नही मिल पाई है। तारा निर्माण सैद्धांतिक प्रक्रिया में नया शोध मदद करेगा। ग्रह निर्माण व उनके अंत में होने वाली रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद महत्वपूर्ण हैं। जिसे समझे बिना आगे की खोज संभव नही हो सकती।

# इंजीनियरों को कुचलने वाला नाबालिग का पिता गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में लग्जरी कार से दो इंजीनियरों को कुचलने के आरोपी 17 वर्षीय लड़के के पिता को मंगलवार को छत्रपति संभाजीनगर से हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

नशे की हालत में किशोर ने रविवार तड़के कल्याणी नगर इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। मामले में अपराध शाखा के अधिकारियों ने जाने-माने रियल एस्टेट कारोबारी नाबालिग के पिता को पुणे से लगभग 250 किलोमीटर दूर छत्रपति संभाजीनगर में हिरासत में लिया और शाम को शहर ले आए। होटल ब्लैक क्लब के कर्मचारियों में से एक जयेश बोनकर को भी गिरफ्तार किया गया है, जहां लड़के को शराब परोसी गई थी।

# अंतरिक्ष में हथियार नहीं भेजने वाला रूस का प्रस्ताव खारिज

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● अमेरिका ने कहा- रूस पहले ही कर चुका उपग्रह प्रक्षेपित, हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता

अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने सोमवार को खारिज कर दिया। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है।

सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। पिछले महीने रूस के प्रतिद्वंदी देश अमेरिका और जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया था। अमेरिका और जापान द्वारा रखे प्रस्ताव में अलग-अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं।

### अमेरिका ने कहा- ध्यान भटकाने की कोशिश

अमेरिकी उपराजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया आज हमारे सामने रखा गया प्रस्ताव और कुछ नहीं बल्कि रूस की ध्यान भटकाने की पराकाष्ठा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया कि उनका देश दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है।